धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	30.9	24.4
जमशेदपुर	32.6	24.0
डालटनगंज	32.4	23.3

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

*

www.lagatar.in रांची, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ● आश्विन पूर्णिमा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 187 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

उमर अब्दुल्ला ने ली शपथ, जम्मू कश्मीर में नई सरकार

■ सुरिंदर चौधरी बने डिप्टी सीएम, कुल छह मंत्रियों ने ली शपथ ■ खरगे, राहुल-प्रियंका, अखिलेश समेत कई बड़े नेता हुए शामिल

एजेंसिया। श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई.

मेंढर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद अहमद राणा, रफियाबाद से जावेद अहमद डार, डीएच पोरा से सकीना इट्टू और नौशेरा से सुरिंदर कुमार चौधरी को भी एलजी सिन्हा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई. सुरिंदर चौधरी डिप्टी सीएम बनाए गए हैं. चौधरी ने नौशेरा से भाजपा के रविंदर रैना को हराया है.

जम्मू कश्मीर के नए सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ प्रियंका व राहुल गांधी.

छंब सीट से निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में जगह दी गई. शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं. वहीं, नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, आप नेता संजय सिंह, माकपा नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता यहां मौजूद रहे. केंद्र शासित प्रदेश में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए हैं. कांग्रेस पार्टी ने उमर अब्दुल्ला की सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है.

कांग्रेस का सरकार से बाहर रहने का फैसला

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि कांग्रेस फिलहाल जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्रालय में शामिल नहीं हो रही है. कांग्रेस ने केंद्र से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की जोरदार मांग की है, इसके अलावा प्रधानमंत्री ने भी कई बार सार्वजनिक बैठकों में इसका वादा किया है. लेकिन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया है. हम नाखुश हैं इसलिए फिलहाल हम मंत्रालय में शामिल नहीं हो रहे हैं, राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा और कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी.

जम्मू-कश्मीर का नया मंत्रिमंडल

■ उमर अब्दुल्ला- मुख्यमंत्री, ■ सुरिंदर चौधरी- उपमुख्यमंत्री, ■ सतीश शर्मा- मंत्री, ■ जावेद राणा- मंत्री, ■ सकीना इट्टू- मंत्री, ■ जावेद अहमद डार- मंत्री एसके

पीएम नरेंद्र मोदी और राजनाथ ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है. उन्होंने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिल कर काम करेगा. पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला जी को बधाई. लोगों की सेवा के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं.

नायब सैनी आज संभालेंगे हरियाणा की कमान

- पीएम मोदी समेत एनडीए के कई बड़े नेता होंगे शामिल

एजेंसियां। पंचकूला

हरियाणा के नए सीएम नायब सैनी होंगे. पंचकूला स्थित भाजपा दफ्तर में भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को उन्हें सर्वसम्मति से चुन लिया गया. भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और एमपी के सीएम मोहन यादव बैठक में मौजूद रहे. विधायक दल की बैठक में अनिल विज और कृष्ण बेदी ने सैनी का नाम रखा था. सैनी गुरुवार को पंचकूला में शपथ लेंगे. शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे. बैठक के बाद सीएम नायब सैनी राज्यपाल से मिलने पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया. अमित शाह ने कहा कि बैठक में एक ही प्रस्ताव मिला जो नायब सिंह सैनी के नाम का था. मैं उनका नाम घोषित करता हूं. नायब सैनी को बहुत बहुत बधाई देता हूं. वहीं मुख्यमंत्री सैनी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही 24 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी. गृहमंत्री अमित शाह रात को चंडीगढ़ के ललित होटल में रुकेंगे. गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी हरियाणा राजभवन में मीटिंग लेंगे. -पेज 12 भी देखें



सर्राफा

सोना (बिक्री)	71,900
चांदी (किलो)	96,000

ब्रीफ खबरें

अलका होंगी झारखंड की नयी मुख्य सचिव!

रांची। सीनियर आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है. भारत सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है. इसके बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है. अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं. फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं.

27 अक्टूबर को होने वाली पीसीएस परीक्षा स्थगित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की पीसीएस परीक्षा 2024 स्थगित हो गई है. आयोग ने ऑफिशियल वेबसाइट uppsc.up.nic.in पर परीक्षा स्थगित होने की जानकारी साझा की है. यह परीक्षा 27 अक्टूबर, 2024 को निर्धारित थी. नयी तारीख जल्द ही आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर ही साझा की जाएगी. परीक्षा दिसंबर में ली जा सकती है.

अपने रिटायर कर्मियों को फिर जॉब देगी रेलवे

नयी दिल्ली। रेलवे ने अपने रिटायर कर्मियों को खुशखबरी दी है. रेलवे ने बताया कि कर्मियों की कमी देखते हुए रिटायर कर्मियों को बार फिर से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर नौकरी देंगे. जोन के जनरल मैनेजर को यह अधिकार होगा कि वो रिटायर्ड कर्मियों को नौकरी पर रख सकेंगे. हालांकि, ये एक कॉन्ट्रैक्ट बेसिस की जॉब होगी, जिसमें कोई कर्मी दो साल या 65 साल की आयु (जो भी पहले हो) तक ही नौकरी कर सकता है.

झारखंड विस चुनाव 2024

पार्टियों में टूट, उछल-कूद दलबदल के भी मिले संकेत

सीट शेयरिंग, प्रत्याशियों की घोषणा... सिर्फ कयास ही कयास

रवि भारती। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां एनडीए में सीट शेयरिंग फाइनल हो चुका है, वहीं इस फोल्डर की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने की तैयारी कर ली है. उधर इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के मामले को लेकर दिल्ली में बैठक हो रही है. कुछ सीटों पर जिच है, जिसे लेकर इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं की बातचीत जारी है.

हालांकि न तो एनडीए में शामिल पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा की है और न इंडी गंठबंधन ने, लेकिन सोशल मीडिया पर दोनों गठबंधन की सीट शेयरिंग से लेकर प्रत्याशियों तक की सूची वायरल हो रही है. दोनों गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर जो चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है, उसमें नेताओं के दल बदलने की बातों को भी जिक्र है. इनमें एनडीए के घटक आजसू के वैसे नेता, जिन्होंने पांच साल तक फील्ड में तैयारी कर रखी है, वे ज्यादा आहत हैं और दूसरी पार्टियों में राजनीतिक भविष्य तलाश रहे हैं. हालांकि इसकी जनकारी उस पार्टी के सुप्रीमो को भी है, लेकिन वे चाह कर भी कुछ कर पाने की स्थिति में नहीं हैं. वैसे उनकी पार्टी के एक-दो नेताओं के भाजपा में शामिल होने की भी सूचना तेजी से फैल रही है. लेकिन जबतक सीट शेयरिंग व प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा नहीं हो जाती, तबतक कुछ कहा नहीं जा सकता.

उम्मीदवारी की घोषणा से पहले ही इधर-उधर होने लगे नेता

विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडी गठबंधन अपनी-अपनी तैयारी में जुटा है. एनडीएन में सीट शेयरिंग लगभ फाइनल हो चुका है. आजसू को 10, जदयू को दो और लोजपा के एक सीट पर चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है. लेकिन सीट शेयरिंग व प्रत्याशियों की कथित सूची सोशल मीडिया पर वायरल होने और सबके अपने-अपने दावे के बीच नेताओं के भी इधर-उधर उछल-कूद मचाने की जानकारी मिल रही है. आजसू के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री उमाकांत रजक के बारे में चर्चा है कि उनकी सीट भाजपा के खाते में चली गयी है, तो वे अब झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं. झामुमो इस पर सहमत है या नहीं, यह तो नहीं कहा जा सकता है, लेकिन जब शह-मात का खेल होगा, तो दोनों गठबंधन में शामिल दलों के दिग्गज एक-दूसरे को राजनीतिक पटकनी देने का कोई भी मौका चूकेंगे नहीं.

आजसू को जो सीटें मिली हैं, उनमें से कई पर उसका जनाधार नहीं : सीट शेयरिंग में आजसू को चार सीटें वैसी मिली हैं, जहां उसका जनाधार ही नहीं है. यानि उन सीटों पर जीत को लेकर संशय है. जहां उसके नेता अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तैयारी कर रखी है, वैसी सीटें भाजपा के पास चली गयी हैं. ऐसे में संभव है आजसू के कुछ नेता या तो बागी रूख अपनाएंगे, गठबंधन के प्रत्याशी के खिलाफ ही चुनाव लड़ जाएंगे, या विपक्षी खेमे से हाथ मिला लेंगे,

भाजपा अपने पांच पूर्व सांसदों को मैदान में उतार सकती है

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा की ओर से पांच पूर्व सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारने की तैयारी है. दुमका से सुनील सोरेन, बेरमो से रवींद्र पांडेय, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, गुमला से सुदर्शन भगत और राजधनवार से बाबूलाल मरांडी के नाम शामिल हैं. हालांकि मरांडी अभी भी राजधनवार से ही विधायक हैं. अर्जुन मुंडा के चुनावी समर में उतरने के आसार कम ही हैं.

सीटों की अदला-बदली की भी चर्चा

जानकारी के अनुसार भाजपा सीटों की अदला-बदली भी कर सकती है. हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल को रांची सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है. वहीं हटिया सीट से अजयनाथ शाहदेव को चुनावी समर में उतार कर इंडी गठबंधन को झटका देने की रणनीति पर भी भाजपा काम कर रही है. सिर्फ किसी सीट से नहीं, बल्कि कुछ और सीटों पर भी भाजपा यह खल कर सकती है.

सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों की तरह- तरह की सूची वायरल

एनडीए व इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियों के प्रत्याशियों की तरह-तरह की सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. झामुमो की वायरल सूची में आजसू नेताओं के नाम भी शामिल हैं, वहीं एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा की सूची में कांग्रेस नेता के भी नाम शामिल हैं. वैसे अलग- अलग पार्टियों की अलग-अलग की तरह की सूची वायरल हो रही है. लेकिन आधिकारिक तौर पर किसी भी पार्टी या गठबंधन ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की है.

इन सब के बीच झारखंड पार्टी ने अपने पांच उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. एनोस एक्का ने अपने बेटे को कोलेबीरा से चुनावी समर में उतारा है. भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा एक-दो दिन में होने की संभावना है. दिल्ली से लौटे भाजपा अध्यक्ष की बातों से तो कुछ ऐसे ही संकेत मिले हैं.

देवघर : 70 हजार रिश्वत लेते सिविल सर्जन धराए

एसीबी की टीम पूछताछ के लिए ले गई दुमका

संवाददाता। रांची/देवघर

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने देवघर के सिविल सर्जन को रंगेहाथ 70 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है. दुमका एसीबी की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए बेला बागान स्थित आवास से सिविल सर्जन को घूस लेते दबोचा. सिविल सर्जन ने अस्पताल से जुड़े एक काम की रिपोर्ट देने नाम पर घूस की मांग की थी. लेकिन वादी घूस देने को तैयार नहीं था.

इसके बाद वादी ने एसीबी से इसकी शिकायत की थी. एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया, तो घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी. इसके बाद एसीबी ने सिविल सर्जन को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम सिविल सर्जन को अपने साथ लेकर दुमका चली गयी.

प्रोविजनल प्रमाण-पत्र रेन्युअल के नाम पर मांगी घूस : एसीबी से किए शिकायत में मधुपुर में बंगाल नर्सिंग होम चलाने वाले आसनसोल निवासी महफूज आलम ने कहा कि साल 2020 में उन्होंने मधुपुर के कॉलेज रोड में दस बेड का अस्पताल खोला है. इनके नर्सिंग होम का नौ जून 2024 तक का प्रोविजनल प्रमाण-पत्र (सं0-203500021) था. जिसका रेन्युअल कराना था. इस बीच इनका गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन हुआ था. जिसके कारण नर्सिंग होम संचालक ने 24 दिन की देरी से तीन जुलाई 2024 को प्रमाण-पत्र रेन्युअल का आवेदन सिविल सर्जन कार्यालय, देवघर को दिया.

लेकिन काफी दिन के बाद भी जब इनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो ये सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा से मिले. सिविल नर्सिंग होम का प्रमाण-पत्र रेन्युअल कराने के नाम पर एक लाख रुपए घूस की मांग की थी.

गिरफ्तार सिविल सर्जन रंजन सिन्हा.

हर नौवें दिन एक गिरफ्तारी

जून से लेकर अब तक एसीबी की कार्रवाई में 15 अफसरों और कर्मियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है. 7 अक्टूबर को बोकारो के नावाडीह में पंचायत की मुखिया के पति को योजना में घूस लेने पर गिरफ्तार किया गया. सितंबर में हजारीबाग के प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय में क्लर्क विकास कच्छप और लातेहार सदर हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट परमानंद को पकड़ा गया. अगस्त में गढ़वा के कांडी हाई स्कूल की प्राचार्या विद्यानी बाखला और बड़कागांव की एक पंचायत की मुखिया और उनके, जुलाई में लोहरदगा आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर, हजारीबाग में खासमहाल के कर्मी ओहदार तिर्की, लातेहार के बारियातू के एएसआई धीरेंद्र कुमार, जून में रांची के रातू थाने के दारोगा सत्येंद्र सिंह और रांची स्थित झारखंड मंत्रालय की सेक्शन ऑफिसर ममता एक्का आदि रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए थे.

ट्रेंडिंग न्यूज

पटना

बिहार में जहरीली शराब से पांच लोगों की मौत

बिहार के सीवान और सारण जिलों में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं. बताया गया कि कौड़िया वैसी टोला गांव में उल्टी, सिरदर्द और पेट दर्द जैसे लक्षणों के साथ लोगों को इलाज के लिए भगवानपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. इलाज के दौरान पांच लोगों की मौत हो गई.

दुबई

डिविलियर्स, कूक व नीतू हॉल ऑफ फेम में

आईसीसी ने एक बड़ा ऐलान किया है. उसने बुधवार को तीन नए दिग्गज क्रिकेटर्स को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है. इस बार ये सम्मान साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स, इंग्लैंड के एलिस्टर कूक के साथ भारतीय दिग्गज नीतू डेविड को मिला है.

नयी दिल्ली

वीआईपी सुरक्षा से हटेंगे एनएसजी कमांडो

केंद्र सरकर ने आदेश दिया है कि सभी वीआईपी सिक्योरिटी ड्यूटी से एनएसजी कमांडो को हटा लिया जाए. क्योंकि इनका इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए किया जाएगा. जिन वीआईपी को बहुत ज्यादा खतरा है, उनकी सिक्योरिटी का कमान अब सीआरपीएफ के हवाले होगी.

कैबिनेट का फैसला किसानों और कर्मचारियों को केंद्र सरकार ने दिया दिवाली गिफ्ट

गेहूं, चना समेत रबी की छह फसलों पर बढ़ाया एमएसपी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

किसानों को मोदी सरकार ने बुधवार को दिवाली पर बड़ा गिफ्ट दिया है. सरकार ने कैबिनेट की बैठक करके रबी फसलों की एमएसपी बढ़ा दी है. केंद्र सरकार ने 2025-26 सीजन के लिए रबी की 6 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की. इस फैसले के तहत अलग-अलग फसलों के एमएसपी में वृद्धि की गई है, जिससे किसानों को उनकी फसलों के बेहतर दाम मिल सकेंगे.

सरकार का यह कदम किसानों को उनकी फसलों के उचित मूल्य दिलाने के मकसद से उठाया गया है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई है. किसानों के कल्याण से जुड़ा सबसे बड़ा फैसला लिया गया. सरकार की सोच स्पष्ट है और किसानों के कल्याण पर पूरा ध्यान है. रबी विपणन सत्र के लिए एमएसपी को मंजूरी दे दी गई है. इस प्रक्रिया में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. सबसे बड़ी बात यह है कि कीमत लागत से 50% अधिक होनी चाहिए. किसानों के उत्थान के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी की गई है.

काशी में बनेगा सबसे बड़ा ब्रिज : मंत्री ने बताया कि बनारस का मालवीय पुल 137 साल पुराना हो चुका है और नया पुल बनाने का फैसला हुआ है. अश्विनी वैष्णव ने कहा, नए पुल में निचले डेक पर 4 रेलवे लाइनें होंगी और ऊपरी डेक पर 6-लेन राजमार्ग होगा. यातायात क्षमता के लिहाज से यह दुनिया के सबसे बड़े पुलों में गिना जाएगा. यह 2,642 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा.

नई अधिसूचना के अनुसार घोषित एमएसपी

- गेहूं का एमएसपी 2,425 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 2,275 था.
- **जौ का एमएसपी 1,980 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 1,850 था.**
- चना का एमएसपी 5,650 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 5,440 था.
- **मसूर (लेंस) का एमएसपी 6,700 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 6,425 था.**
- सरसों का एमएसपी 5,950 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 5,650 था.
- कुसुम (सफ्लॉवर) का एमएसपी 5,940 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 5,800 था.

केंद्रीय कर्मियों का बढ़ा महंगाई भत्ता

केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट की बैठक में अहम फैसलों को मंजूरी दी है. देश के एक करोड़ के लगभग सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा है. इस तरह केंद्र सरकार ने करीब 49 लाख कर्मचारियों और 60 लाख पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता और महंगाई राहत यानी डीए और डीआर तीन फीसदी बढ़ाया है. त्योहारी सीजन में सरकार के कर्मचारियों के लिए तो सरकार ने कम से कम बंपर खुशियों का इंतजाम कर ही दिया है. दिवाली से पहले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 50 फीसदी से बढ़ कर 53 फीसदी हो गया है और कैबिनेट बैठक में इस फैसले पर मुहर लगा दी गई है. सरकारी कर्मियों और पेंशनर्स को इस बार अक्टूबर की सैलरी में खूब बढ़ कर राशि मिलेगी क्योंकि महंगाई भत्ता एक जुलाई 2024 से लागू माना जाएगा.

हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 10 करोड़ नौकरियां पैदा करनी होंगी : एन चंद्रशेखरन

एजेंसिंया। नयी दिल्ली

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में नई नौकरियों को लाए जाने की बात कही है.

चंद्रशेखरन ने जोर देकर कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और देश को बढ़ते कार्यबल की रोजगार जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की जरूरत है. टाटा समूह देश में अधिक से अधिक विनिर्माण नौकरियां बनाने पर भी ध्यान दे रहा है, क्योंकि पूरा इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों, विशेषकर 500,000 छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए कई अवसरों से भरा हुआ है. चंद्रशेखरन के अनुसार, टाटा समूह सेमीकंडक्टर, प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर रहा है, इसलिए वह अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा कर सकता है. सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्र कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकते हैं.

टाटा समूह 5 साल में 5 लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेगा

विकसित राष्ट्र बनने के लिए नौकरियां जरूरी : भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत है. देश में हर महीने लगभग दस लाख लोग कार्यबल में शामिल होते हैं, जिससे देश के भविष्य के विकास के लिए विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन आवश्यक हो जाता है. चंद्रशेखरन ने जोर देकर कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए निर्माण नौकरियों का सृजन अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा, हम विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते, यदि हम निर्माण नौकरियां नहीं बना सकते.

एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनावी मैदान में पटखनी देने के लिए छोटे दल भी हुए सक्रिय

बड़े दलों के खेल बिगाड़ने को बेचैन छोटे दल

रेहान अहमद। रांची

चुनाव आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है. दो चरणों में चुनाव होंगे. पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा. इस चुनाव में मुख्य मुकाबला बड़े दलों, यानी एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच होगा. एनडीए में भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी और जदयू शामिल हैं, जबकि इंडिया गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद और वाम दल शामिल हैं.

इस चुनावी मुकाबले के मैदान में बड़ी संख्या में छोटे दल भी शतरंज के मोहरे की तरह बड़े दलों के प्रत्याशी को शिकस्त देने के लिए तैयार हो रहे हैं. इन छोटे दलों के नेता पहले एनडीए या इंडिया गठबंधन का समर्थन करते थे. इनके समर्थन से भी बड़े दलों को चुनाव में लाभ होता था, लेकिन छोटे-छोटे दलों के चुनावी मैदान में उतरने से भले ही इनका कुछ हो या ना हो, लेकिन ये बड़े दलों का चुनावी खेल बिगाड़ सकते हैं.

वीआईपी 20 से अधिक सीटों पर लड़ेगी : विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) विधानसभा चुनाव में 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी. प्रदेश अध्यक्ष प्रो राजकुमार चौधरी समेत उनकी पार्टी चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है.

झारखंड पार्टी 25 सीटों पर लड़ेगी : झारखंड पार्टी के महासचिव अशोक कुमार ने कहा कि आज विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की ओर से सात सीटों की घोषणा की गई है. उन्होंने बताया कि जल्द ही आगे की रणनीति भी घोषित की जाएगी और उनका लक्ष्य 25 सीटों पर चुनाव लड़ने का है.

जोहरा पार्टी दो सीटों पर लड़ेगी

जोहरा पार्टी के महासचिव कमलेश कुमार राय ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव में हटिया और बोकारो से दो सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. हटिया से केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुमार महतो और बोकारो से मनोज महली पार्टी के उम्मीदवार होंगे.

मुस्लिम लीग 20 सीटों पर लड़ेगी : इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के महासचिव मो शहाबुद्दीन ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से बातचीत चल रही है, और पार्टी 20 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने की योजना बना रही है.

लोकहित अधिकार पार्टी 12 से अधिक सीटों पर लड़ेगी : लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही, और प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव की मौजूदगी में पार्टी ने अब तक 12 उम्मीदवारों की सूची विधानसभा चुनाव में मुकाबले के लिए जारी की है. पार्टी इससे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है.

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी 15 सीटों पर लड़ेगी : संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के संयोजक खालिद खलील ने कहा कि उनकी पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव में 4 सीटों पर चुनाव लड़ने की सूची जारी की गई है. पार्टी कुल 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और जल्द ही अगली सूची जारी की जाएगी.

आंदोलनकारी मोर्चा, सीट नहीं तो रणनीति स्थापित करेंगे : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पुष्कर महतो ने कहा कि उन्होंने इंडिया गठबंधन से कम से कम एक आंदोलनकारी को उम्मीदवार बनाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है. यदि बात नहीं बनती है, तो आगे की रणनीति तैयार की जाएगी.

सहमति नहीं बनी, तो सीपीआई 25 सीटों पर लड़ेगी : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के सचिव हरेंद्र पाठक और कार्यालय सचिव अजय सिंह ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन के साथ सहमति बनती है, तो वे लोग साथ रहेंगे. अन्यथा, वे 25 सीटों पर चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं.

दस राजनीतिक दलों की पार्टी 'जनमत' 81 सीटों पर लड़ेगी

झारखंड के दस राजनीतिक दलों की पार्टी "जनमत" में शामिल हैं. झारखंड पीपुल्स पार्टी (अध्यक्ष पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा), झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान) (अध्यक्ष पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी), भागीदारी पार्टी (अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति), झारखंड पार्टी (होरो) (प्रभारी अलेस्टर बोदरा), आरपीआई (अम्बेडकर) (अध्यक्ष प्रीतम लोहरा), लोकजन समाज पार्टी (अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी), राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा (अध्यक्ष मोलाना मोबीन रिजवी), बहुजन मुक्ति पार्टी (अध्यक्ष मुरलीधर राम), अखिल भारतीय मानव सेवा दल (अध्यक्ष शिव प्रसाद अग्रवाल) और आदर्श संग्राम पार्टी (अध्यक्ष गौतम भारती). इमाम सफी ने बताया कि जनमत की पूर्व प्रस्तावित पंचशील नामक घोषणापत्र पर चर्चा होगी, जिसमें सुशासन, सत्ता का विकेंद्रीकरण, पांच वर्षों में पांच मुख्यमंत्री, गांवों के सशक्तिकरण के लिए पांच करोड़ हस्तांतरण, जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं का विकास, और "अबूआ दिसुम आबुआ राज" (स्वराज) शामिल हैं. जनमत के सभी घटक दलों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में "जनमत" मजबूती से चुनाव लड़ेगी.

दोनों बड़े दलों से मांगा है उम्मीदवार, नहीं मिला तो करेंगे मुकाबला: वैश्य मोर्चा

झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के मीडिया प्रभारी राहुल वैश्य ने कहा कि वैश्य मोर्चा ने एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों से अपने समाज के प्रत्याशी विधानसभा चुनाव में देने की मांग की है. यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो मोर्चा मुकाबले के लिए मैदान में उतरने को बाध्य होगा.

चुनाव अपडेट

झारखंड में जनता दल यूनाइडेट को गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न मिला

जमशेदपुर। झारखंड में जनता दल (यू) गैस सिलेंडर के चुनाव चिन्ह पर विधानसभा चुनाव लड़ेगा. यह चुनाव चिह्न भारतीय जनतंत्र मोर्चा का था. भारतीय जनतंत्र मोर्चा का विलय जदयू में हो जाने के कारण निर्वाचन आयोग ने यह चुनाव चिह्न जदयू को आवंटित कर दिया है. इस प्रकार सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे तो उनका चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर होगा. 2019 में जब उन्होंने जमशेदपुर से चुनाव लड़ा था, तब भी उनका चुनाव चिह्न गैस सिलेंडर ही था. गौरतलब है कि इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय की अंडर सेक्रेट्री जसमीत कौर ने 16 अक्टूबर 2024 को झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखा है. इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू ने गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न आवंटित करने की मांग की थी. उनकी मांग के आलोक में आयोग ने जदयू को झारखंड में गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया है. उन्होंने पत्र में लिखा है कि जनता दल यूनाइटेड पार्टी बिहार, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में मान्यता प्राप्त पार्टी है, जहां उनका चुनाव चिन्ह तीर है.

- झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्वाचन आयोग सचिवालय ने पत्र लिख कर दी सूचना

विधानसभा चुनाव में एनडीए में लोजपा को भी मिल सकती है एक सीट

बाबूलाल से मिले लोजपा सांसद अरुण भारती

रांची। एनडीए फोल्डर में शामिल लोजपा (रामविलास) को झारखंड विधानसभा चुनाव में एक सीट मिल सकती है. इस मसले को लेकर नयी दिल्ली में असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से लोजपा सांसद अरुण भारती ने मुलाकात की. जानकारी के अनुसार इन तीनों नेताओं के बीच सीट शेयरिंग पर भी चर्चा हुई, जिसमें एक सीट लोजपा को देने पर सहमति बनी. बताते चलें कि झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए फोल्डर में आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं.

छह सीटों पर आजसू का रहा है जनाधार, चार सीटें ऐसी, जहां वोट बैंक ही नहीं

जहां जनाधार नहीं, वहां भी अपनी किस्मत आजमाएगी आजसू पार्टी

रवि भारती। रांची

सीट शेयरिंग में आजसू का प्रेशर पॉलिटिक्स काम नहीं आया. जानकारी के अनुसार, एनडीए फोल्डर में शामिल आजसू को 10 सीटें मिली हैं. इनमें से चार पाकुड़, डुमरी, मनोहपुर और लोहरदगा की सीटें ऐसी हैं, जहां आजसू का जनाधार नहीं रहा है. या यो कहा जाए कि इन सीटों पर आजसू की राह आसान नहीं है. इन सीटों पर झामुमो और कांग्रेस का दबदबा रहा है. अब इन सीटों पर आजसू अपनी किस्मत आजमाएगी. जानकारी के अनुसार आजसू के खाते में सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, जुगसलाई, मनोहरपुर, पाकुड़, डुमरी, मांडू, ईचागढ़ और लोहरदगा की सीटें आई हैं.

पाकुड़, डुमरी, मनोहपुर और लोहरदगा में आजसू की राह कठिन : जानकारी के अनुसार, आजसू के खाते में 10 में से चार सीटें पाकुड़, डुमरी, मनोहरपुर और लोहरदगा में पार्टी के लिए जीत की राह आसान नहीं होगी. बात करें पाकुड़ की, तो पिछले चार चुनाव में इस सीट पर तीन दफा कांग्रेस और एक बार झामुमो ने कब्जा जमाया है. डुमरी में पिछले चार चुनाव में झामुमो ने जीत हासिल की है. मनोहरपुर सीट से पिछले चार चुनाव में दो बार झामुमो, एक दफा भाजपा और एक दफा यूजीडीपी के उम्मीदवार ने जीत हासिल की है. वहीं लोहरदगा सीट से दो बार आजसू और दो बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है.

पाकुड़, डुमरी, मनोहरपुर और लोहरदगा में रहा है कांग्रेस और झामुमो का दबदबा

क्या है आजसू का राजनीतिक सफर

2019 के चुनाव में आजसू अकेले 53 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन केवल दो सीटें ही जीत पाई. सिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से सुदेश महतो ने और गोमिया से लंबोदर महतो ने चुनाव जीता. बाद में हुए रामगढ़ उपचुनाव में आजसू को जीत मिली और सीटें बढ़ कर तीन हो गईं.

2014 का विधानसभा चुनाव आजसू और भाजपा ने साथ मिल कर लड़ा था, उसका फ़ायदा दोनों पार्टियों को मिला था. भाजपा ने 37 और आजसू पार्टी ने पांच सीटें जीतीं. गठबंधन ने कुल 42 सीटें जीतकर सरकार बनायी थी.

2019 विधानसभा चुनाव
डुमरी : बेबी देवी (झामुमो)
लोहरदगा : डॉ रामेश्वर उरांव(कांग्रेस)
मनोहरपुर : जोबा मांझी(जेएमएम)
पाकुड़ : आलमगीर आसम (कांग्रेस)

2014 विधानसभा चुनाव
डुमरी : जगन्नाथ महतो(झामुमो)
लोहरदगा : कमल किशोर भगत (आजसू)
मनोहरपुर : जोबा मांझी (झामुमो)
पाकुड़ : आलमगीर आलम(कांग्रेस)

2009 विधानसभा चुनाव
डुमरी : जगन्नाथ महतो (झामुमो)
लोहरदगा : कमलकिशोर भगत(आजसू)
मनोहरपुर : गुरुचरण नायक(बीजेपी)
पाकुड़ : अकील अख्तर (झामुमो)

2005 विधानसभा चुनाव
डुमरी : जगन्नाथ महतो(झामुमो)
लोहरदगा : सुखदेव भगत(कांग्रेस)
मनोहरपुर : जोबा मांझी(यूजीडीपी)
पाकुड़ : आलमगीर आलम(कांग्रेस)

परिवार भी टूटा, सीट भी हाथ से फिसला

एनडीए फोल्डर में शामिल आजसू को सीट शेयरिंग में तगड़ा झटका लग सकता है. इससे परिवार भी टूटेगा और एक सीट भी हाथ से निकल जाएगा. बड़कागांव सीट से दावेदारी कर रहे रौशनलाल चौधरी को भाजपा से टिकट देने की बात चल रही है. चर्चा है कि वे भाजपा में शामिल होकर इस सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. आजसू के आला नेताओं ने भी इसकी पुष्टि की है. भाजपा नेताओं का मानना है कि किसी भी सिंबल से चुनाव लड़े, सीट गठबंधन के खाते में ही आएगी. बताते चलें कि रौशन लाल चौधरी गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के बड़े भाई हैं. वे बड़कागांव सीट से कई दफा चुनाव सड़ चुके हैं.

कई नेताओं के टूट सकते हैं दिल

एनडीए के घटक दल आजसू में भी कई नेताओं के दिल टूटेंगे. पार्टी को अलविदा भी कह सकते हैं. खासकर चंदनक्यारी विधानसभा सीट से दावा ठोंक रहे पूर्व मंत्री उमाकांत रजक टिकट की आस में बैठे हैं. इधर भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने साफ कर दिया है कि चंदनक्यारी सीट भाजपा की सीटिंग सीट है. वहीं उमाकांत ने हर हाल में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है.सूत्रों के अनुसार, वे झामुमो के टिकट से चुनाव लड़ सकते हैं. वहीं आजसू के शिवपूजन मेहता हुसैनाबाद सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन इस सीट से वर्तमान विधायक कमलेश सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं.

भाजपा ने ओबीसी और अनुसूचित जाति को जमकर छला है : राजद

संवाददाता। रांची

प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड निर्माण के बाद भाजपा ने राज्य में ओबीसी को 27 से 14 और अनुसूचित जाति की 15 से 10 फीसदी आरक्षण में कटौती कर बहुसंख्यक समाज का मौलिक अधिकार छीनने का काम किया है. इसका दंश आज तक बहुसंख्यक ओबीसी, एससी की करीब 75 फीसदी आबादी झेल रही है. इस कारण अब तक 20 लाख युवा बेरोजगार हुए हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड निर्माण के बाद तत्कालीन राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने बाबूलाल मरांडी ने जदयू- आजसू के साथ एनडीए सरकार चलायी. इस दौरान उन्होंने कई जनविरोधी निर्णय लिए, जिससे राज्य और यहां के वाशिंदों का अहित ही हुआ. डोमिसाइल लागू कर लोगों को आपस में लड़वाने का काम किया. ओबीसी और अनुसूचित जाति के आरक्षण में कटौती कर बहुसंख्यक आबादी को पीछे धकेलने का काम किया. राज्य में विगत पांच वर्षों से झामुमो, राजद व कांग्रेस की महागठबंधन सरकार ने कई जनसरोकार के कार्य कर लोगों की जनाकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया है. किसानों की दो लाख रु तक की ऋण माफी, बिजली बिल माफी, 200 यूनिट तक बिजली बिल माफ, मंईयां सम्मान योजना, छात्रवृत्ति और गंभीर बीमारी के लिए राशि निर्गत करने जैसे कार्य किए हैं.

> बाबूलाल मरांडी ने डोमिसाइल लागू कर लोगों को आपस में लड़ाने का काम किया था

झारखंड पार्टी 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, पांच उम्मीदवारों की घोषणा

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड पार्टी राज्य के 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. पार्टी प्रमुख एनोस एक्का ने बुधवार को पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है.

दो दिन बाद बची हुई सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा होगी : एनोस एक्का ने बताया कि दो दिनों के बाद बची हुई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी. उन्होंने कहा कि झारखंड के हित की बात करने वाले और समान विचारधारा वाले दलों से भी गठबंधन किया जाएगा. जो भी नई सरकार बनेगी, उसमें झारखंड पार्टी की भूमिका अहम होगी.

राजकुमार मुंडा ने झापा ज्वाइन की : कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र राजकुमार मुंडा ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी का दामन थाम लिया. बताते चलें कि राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा झामुमो से विधायक हैं. इस बार वे तमाड़ से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं.

> नयी सरकार के गठन में झारखंड पार्टी की भूमिका होगी अहम : एनोस

झामुमो को है बैद्यनाथ राम पर पूरा भरोसा

क्या फिर से जीत दिला पाएंगे बैद्यनाथ राम?

आशीष टैगोर। लातेहार

झारखंड में चुनाव की तिथियों का एलान हो चुका है. कुल दो चरणों में झारखंड में चुनाव कराये जाएंगे. लातेहार जिले के लातेहार व मनिका विधानसभा सीट में पहले चरण में ही 13 नवंबर को चुनाव संपन्न कराया जाएगा. चुनावों की तिथियों का ऐलान होते ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है. झामुमो कोलातेहार विधानसभा सीट से सिटिंग विधायक बैद्यनाथ राम पर पूरा भरोसा है, ऐसे में बैद्यनाथ झामुमो के टिकट पर दोबारा चुनाव लड़ेंगे, ऐसा तय माना जा रहा है. बता दें कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर बैद्यनाथ राम झामुमो में शामिल हो गये थे और चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे थे. लेकिन यहां यह भी बताना आवश्यक है कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद लातेहार विधानसभा सीट से अब तक कोई विधायक लगातार दूसरी बार जीत का सेहरा अपने सिर नहीं बांध सका है. क्या बैद्यनाथ राम झामुमो के भरोसे पर खरा उतर पाएंगे और क्या इस मिथक को तोड़ पाएंगे, इसे लेकर यहां चर्चाओं का बाजार गर्म है.

प्रकाश राम को 16,328 मत से हराया था : पिछले 2019 के विधानसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें तो झामुमो के बैद्यनाथ राम ने भाजपा के प्रकाश राम को 16,328 मतों से हराया था. बैद्यनाथ राम को कुल 76,507 और प्रकाश राम को 60,179 मत मिले थे. साल 2019 के विधानसभा चुनावों में 2,69,835 मतदाताओं में से कुल 1,81,967 मतदाताओं ने वोट दिया था. यह 67.44 % था. बैद्यनाथ राम ने 42.04 % और प्रकाश राम ने 33.07 % वोट हासिल किया था. उस वर्ष के चुनाव में झामुमो का वोट % 27.67 और भाजपा का वोट 5.35 % बढ़ा था.

लातेहार से कोई विधायक लगातार दोबारा नहीं चुना गया

अब तक दो ही लोग बन पाए हैं विधायक

झारखंड गठन होने के बाद से लातेहार विधानसभा क्षेत्र से मात्र दो ही लोग विधायक चुने गये हैं. एक हैं बैद्यनाथ राम तो दूसरे प्रकाश राम. एक-दो चुनावों को छोड़ कर हमेशा बैद्यनाथ राम और प्रकाश राम के बीच ही जोर आजमाइश होती रही है. झारखंड गठन के बाद पहली बार साल 2000 में विधानसभा चुनाव हुए. इस चुनाव में जदयू के बैद्यनाथ राम राजद के प्रकाश राम को हरा कर विधानसभा में पहुंचे. 2005 के विधानसभा चुनाव में राजद के प्रकाश राम ने जेएमएम के रामदेव गंझू को हराया था. जदयू के बैद्यनाथ राम तीसरे स्थान पर रहे थे. 2009 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के बैद्यनाथ राम ने एक बार फिर राजद के प्रकाश राम को हराया. साल 2014 के चुनावों में जेवीएम के प्रकाश राम ने भाजपा के ब्रजमोहन राम को हराया था. उस वर्ष बैद्यनाथ राम चुनाव नहीं लड़े थे. साल 2019 में बैद्यनाथ राम झामुमो के टिकट से चुनाव लड़े और भाजपा के प्रकाश राम को पराजित कर दिया था.

बैद्यनाथ राम

गीता कोड़ा, सोनाराम सिंकु और लक्ष्मी सुरेन लड़ सकते हैं चुनाव

जगन्नाथपुर में त्रिकोणीय मुकाबला के आसार

शैलेश सिंह। किरीबुरु

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से बतौर भाजपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व सांसद गीता कोड़ा, इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधायक सोनाराम सिंकु को टिकट मिलने की संभावना अधिक है. इसके अलावे झामुमो से जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन भी इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी बनने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है. लेकिन अब देखना है कि जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस अथवा झामुमो से सोनाराम सिंकु अथवा लक्ष्मी सुरेन इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी होते हैं. इनके अलावे पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने भी इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनने के लिए 14 व 15 अक्टूबर तक रांची में डेरा डालकर झामुमो व कांग्रेस के कई बडे.नेताओं व मंत्रियों से मुलाकात की है. हालांकि वे झामुमो अथवा कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य भी नहीं हैं. इसके बावजूद वे इस विश्वास के साथ टिकट की आस में हैं कि बीते लोकसभा चुनाव में उन्होंने खुलकर सारी ताकत झोंक जोबा माझी को सांसद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. अगर उन्हें इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी नहीं बनाया जाता है तो वे निर्दलीय भी चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं. ऐसी स्थिति में जगन्नाथपुर सीट पर भाजपा की संभावित प्रत्याशी पूर्व सांसद गीता कोड़ा, इंडिया गठबंधन से कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु या झामुमो से लक्ष्मी सुरेन तथा पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा के बीच रोचक त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है. मंगल सिंह बोबोंगा निश्चित ही बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में इंडिया गठबंधन को भारी नुकसान पहुंचाकर परंपरागत वोट बैंक में सेंधमारी कर सकते हैं. मंगल सिंह बोबोंगा के साथ पूर्व प्रत्याशी सन्नी सिंकु, जयारानी पाडेय़ा, झारखंड आंदोलनकारियों की टीम समेत कई चर्चित चेहरे साथ देते नजर आ रहे हैं.

दूसरी तरफ विधायक सोनाराम सिंकु ने भी अपना जनाधार व वोट बैंक में भारी इजाफा किया है. सारंडा जैसे क्षेत्र में उन्होंने अपनी ताकत बढ़ाई है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के चुनाव में मंगल सिंह बोबोंगा झाविमो की टिकट पर चुनाव लडे.थे और वे 20,893 वोट प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे थे. पहले स्थान पर कोड़ा दम्पती समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी सोनाराम सिंकु 32,499 वोट पाकर रहे थे. भाजपा प्रत्याशी सुधीर सुंडी 16,450 वोट के साथ तीसरे स्थान, आजसू प्रत्याशी मंगल सिंह सोरेन 14,222 वोट के साथ चौथे स्थान पर रहे थे. इनके अलावा निर्दलीय लक्ष्मी सुरेन 6,617 को वोट, एआईटीसी से सन्नी सिंकु को 5,062 वोट, निर्दलीय मानसिंह तिरिया को 4,415 वोट, जयारानी पाडेय़ा को 2,489 वोट, जगजीवन केराई को 1,709 वोट, जयसिंह सिंकु को 1,539 वोट, राजेश सिंकु को 1,396 वोट, सोनु कुंकल को 1,155 वोट, अमित कुमार लागुरी को 1,020 वोट मिले थे.

गीता कोड़ा

सोनाराम सिंकु

लक्ष्मी सुरेन

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

www.lagatar.in

धनबाद, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ● आश्विन पूर्णिमा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 187

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

ब्रीफ खबरें

बोकारो थर्मल पावर प्लांट में लगी आग

बोकारो। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर के नीचे स्थित एचटी पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद एक यूनिट को बंद कर दिया गया। पैनल पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आग लगने की घटना के संबंध में बताया गया है कि पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर के नीचे साढ़े तीन मीटर की ऊंचाई पर स्थित एचटी पैनल के इलेक्ट्रिकल ब्रेकर के वन बीबी बोर्ड में शार्ट सर्किट हुआ। इसके बाद आग लग गई। आग लगने की सूचना पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ फायर विंग को दी गई, जिसने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग बुझाई। आग के कारण इलेक्ट्रिकल सिस्टम काम नहीं करने पर यूनिट ट्रिप कर गया। घटना के समय यूनिट से लगभग 350 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था।

बीसीसीएल बरोरा एरिया 1 में राजभाषा पखवाड़ा समारोह

धनबाद : भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बरोरा एरिया 1 सौजन्य से डी ए वी बरोरा में राजभाषा पखवाड़ा पर 26.09.2024 को निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कार्मिक प्रबंधन के निर्देशन में किया गया था । जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम अजय कुमार महतो कक्षा एकादश, द्वितीय श्रेष्ठ राज कक्षा आठवीं, तृतीय अपराजिता वत्स कक्षा 10वीं, चतुर्थ स्थान पर राहुल कुमार महतो कक्षा एकादश, तथा क्विज प्रतियोगिता में अपर्णा रानी प्रथम कक्षा दसवीं , अमन कुमार दुबे द्वितीय कक्षा द्वादश ,सत्यम कुमार सिंह तृतीय कक्षा एकादश, राजनंदनी कक्षा दसवीं चतुर्थ स्थान पर रहे । उन छात्राओं को बीसीसीएल बरोरा एरिया 1 के जीएम श्री पीयूष किशोर जी तथा डी ए वी बरोरा के प्राचार्य श्री राकेश शर्मा ने पुरस्कृत किया ।

उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

जामताड़ा: जामताड़ा समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कुमुद सहाय की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु आदर्श आचार चुनाव संहिता के प्रभावी होने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने से संबंधित बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तत्पर हैं। 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता की घोषणा हो गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कुमुद सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में जिले के कुल 766 मतदान केंद्रों में मतदान होगा, जिसमें 08 नाला के 336 मतदान केंद्र, 09 जामताड़ा के 366 मतदान केंद्र एवं 14 सारठ अंश के 64 मतदान केंद्र शामिल हैं।

आरोप : झामुमो ने एक ही जिले में दो अलग-अलग तिथि में चुनाव कराने को बताया कुटिल प्रयास

भाजपा-इलेक्शन कमीशन बंटी और बबली की भूमिका में : सुप्रियो

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने इलेक्शन कमीशन पर भाजपा के इशारे में काम करने आरोप लगाया है. कहा कि जिस प्रकार बंटी और बबली मूवी में दोनों की जोड़ी ताजमहल बेच देते थे, उसी प्रकार भाजपा और इलेक्शन कमीशन बंटी और बबली की भूमिका निभाते हुए जम्हूरियत और लोकतंत्र को प्रभावित करना चाहते हैं. अगर झारखंड के इलेक्शन शिड्यूल पर बारीकी से नजर डाली जाए, तो कमाल की कुटिल नीति चली गयी है. झारखंड विधानसभा की पटकथा असम में लिखी गयी, मुहर दिल्ली भाजपा मुख्यालय में लगी और इलेक्शन कमीशन ने उसे केवल जारी किया. आखिरकार एक ही जिले में दो अलग-अलग तिथियों में चुनाव कराने का निर्णय क्यों हुआ. क्या ये लोग ही बहुत अधिक बुद्धिमान और शातिर हैं और देश में सारे बेवकुफ. ऐसा नहीं है. मांडू, रामगढ़, खिजरी और सिल्ली की चुनाव तिथि पर नजर डाली जाए तो सारी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी. ये विधानसभाएं निकट की विधानसभा के चौहद्दी को छूती हैं. अगर सिल्ली और खिजरी की बात करें तो वह तमाड़, ईचागढ़, हटिया सहित कई विधानसभा को प्रभावित करती हैं. इसी तरह से मांडू और रामगढ़ की बात करें तो इसकी सीमा कांके, हजारीबाग, बड़कगांव, गिरिडीह, कोडरमा विधानसभा की टच करती है. यानी की स्पष्ट है कि चुनाव के दिन निकट के वैसे विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की सभा कराई जाए, ताकि जहां चुनाव है, वहां उसे प्रभावित किया जा सके. ये बातें झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में बुधवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

- कहा-वोटिंग के दिन निकट की विधानसभा सीट पर मोदी-शाह की सभा कराकर जम्हूरियत को प्रभावित करने का प्रयास
- इलेक्शन कमीशन से मांग : एक जिले में एक ही दिन हो मतदान, सभी स्टार प्रचारकों को मिले समान सुविधा और अवसर

इलेक्शन कमीशन ने हरियाणा में चंढ़ीगढ़ मेयर इलेक्शन जैसी चालाकी की

सुप्रियो ने इलेक्शन कमीशन की साख पर सवाल उठाते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में चंढ़ीगढ मेयर इलेक्शन जैसी चालाकी की गयी. ऐसी चालाकी लोकसभा चुनाव में भी की गयी. चाहे वह वोट गिनती में बढ़ोतरी का हो फिर ईवीएम मशीन चार्जिंग का. जिसके तहत 70 सीटें प्रभावित की गयीं. सुप्रियो ने सीधा सवाल करते हुए कहा कि कोई भी बैटरी वाला उपकरण हम चलाते हैं तो सात से आठ घंटे के बाद उसकी बैटरी कम होती है, आखिरकार हरियाणा विधानसभा चुनाव में इतने घंटे मशीन चलने और उपयोग होने के बाद कई इवीएम की बैटरी कम क्यों नहीं हुई.

हमारे स्टार प्रचारकों को भी मिले समान सुविधा और समान अवसर

उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में न जनता मूर्ख है न राजनीतिक दल या नेता. इतनी सी चालाकी तो हम लोग भी भाजपा से सीख ही गए हैं. सुप्रियो ने कहा कि चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ओर प्रत्याशियों को समान अवसर प्रदान होना चाहिए. अगर भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह स्टार प्रचारक हैं, नो फ्लाइंग जोन घोषित हो सकता है तो हमारे नेता भी हमारे दलों के स्टार प्रचारक हैं. इसलिए इलेक्शन कमीशन सभी दलों, सभी नेताओं और सभी प्रत्याशियों को समान अवसर एवं सुविधा प्रदान करे.

झारखंड में सरकार बदलने का समय आ चुका है : मेघवाल

मुख्यमंत्री पर कड़े प्रहार, कहा चाहिए डबल इंजन की सरकार

- चिरकुंडा टाउनहाल और धनबाद के हीरापुर अग्रसेन भवन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रबुद्धजन सम्मेलन

संवाददाता। धनबाद/मैथनः

झारखंड में चुनावी बिगुल बजने के साथ भाजपा चुनावी मैदान में जोरशोर से उतर गई है. बुधवार को चिरकुंडा टाउनहाल और धनबाद के हीरापुर अग्रसेन भवन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने झारखंड सरकार पर जमकर तीर चलाए. निरसा में कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की जो सरकार है, वह केवल यहां के लोगों को छलने का काम किया है. पिछले चुनाव में किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया है. अब इसको बदलने का समय आ चुका है. उन्होंने कहा कि आज की सभा में जिस तरह से महिलाओं की उपस्थिति है. इससे साफ जाहिर होता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका अहम होंगी. केन्द्र की मोदी सरकार गरीब असहाय लोगों के लिए है. मोदी सरकार ने नारी को वंदन करने का अवसर दिलाया है. एक अटके हुए बिल को संसद में सर्वसम्मति से पास कराकर इतिहास रचा है. श्री मेघवाल ने कहा कि हरियाणा के चुनाव में अनुसूचित जाति के लोग ने अहम भूमिका निभाते हुए विजयी दिलाई है. इसके बाद सभी दलों का नजर अनुसूचित जाति के वोटरों पर टिकी हुई है. इसलिए आपलोगों को सजग रहने की जरूरत है और एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है. कहा कि जम्मू-काश्मीर में धारा 370 अटका हुआ था, जिसे मोदी सरकार ने हटाकर पूर्ण रूप से भारत के अभिन्न अंग बनाने का काम किया है. भारत के लोगों को जम्मू काश्मीर में नौकरी करने का रास्ता खुलवाया है. इससे पहले केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल हेलीकॉप्टर से केएफएस मैदान पहुंचे. जहां पर भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण घनश्याम ग्रोवर एवं विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया. इसके बाद उन्हें काफिले के साथ चिरकुंडा के टाउन हॉल लाया गया. जहां उनका स्वागत झारखंड के पारंपरिक आदिवासी नृत्य से किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं देश भक्ति गीत के साथ हुआ. निरसा विधानसभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर सम्मानित किया.

केंद्र के फंड का करते हैं डायवर्सन मुख्यमंत्री

धनबाद । भारत के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल होने धनबाद के अग्रसेन भवन पहुंचे. बैठक से पूर्व उन्होंने प्रेस वार्ता किया .जिसमे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चुनावी एजेंडा गुड गवर्नेन्स और विकास होता है. क्योंकि भारतीय जनता पार्टी सुशासन पर विश्वास रखती है और विकास को प्राथमिकता देती है .उन्होंने कहा कि जहां डबल इंजन की सरकार है वहां विकास की गति बढ़ती है और गुड गवर्नेन्स भी तेजी से आता है. इसलिए झारखण्ड वासियों को अगर सही मायने में झारखंड में सम्पूर्ण विकास चाहिए तो भाजपा का शासन आवश्यक है. केंद्र से मिलने वाले फंड का दूसरे दल के मुख्यमंत्री अपने नाम से योजना चलाने के लिए डायवर्सन शुरू कर देते है. जैसे झारखण्ड सरकार केंद्र से मिलने वाली पेंशन की सारी योजनाओं को बंद कर मंइयां सम्मान योजना लेकर आ गई है. यह गवर्नेंस मॉडल नहीं है .गवर्नेंस मॉडल का मतलब जो सारी योजनाएं चल रही है वह चले. लेकिन जो नई योजनाएं राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही है, उसके लिए पहले प्रोपर फाइनेंशियल मैनेजमेंट की जाए. कहा कि 2014 से नरेंद्र मोदी की सरकार ने फंड देने में किसी प्रकार की कोई भेदभाव नहीं की है. गड़बड़ दूसरे दल के मुख्यमंत्री करते हैं जो अपने नाम से योजना चलाते हैं .वहीं उन्होंने भाजपा के द्वारा लाई गई गोगो दीदी योजना के संबंध में कहा कि इस योजना में फंड का डायवर्सन नहीं होगा. इस योजना के लिए सरकार पहले प्रोपर फंड की व्यवस्था करेगी. फिलहाल इस योजना के लिए फॉर्म भराया जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि अगर झारखण्ड डबल इंजन की सरकार बनती है तो निश्चित तौर पर कोयला चोरी पर लगाम लगेगी,कोयले का उत्पादन बढ़ेगा और प्रदूषण भी कम किया जायेगा.

हरियाणा में अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया बेहतर प्रदर्शन

हरियाणा में अनुसूचित जाति मोर्चा ने बेहतर प्रदर्शन कर वहां बीजेपी की सरकार बनाने का काम किया है. झारखंड में भी एससी मोर्चा बेहतर प्रदर्शन करते हुए एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेगा. उन्होंने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है और कमल का निशान सुशासन व विकास का निशान है.

विधायक ने कहा हेमंत सरकार से जनता त्रस्त

विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि झारखंड में अंधी, गुंगी व बहरी सरकार से जनता त्रस्त है. इसलिए झारखंड में विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनाना आवश्यक है. सम्मेलन की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास, संचालन बप्पी बाउरी व धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र कुमार हरि ने दिया.

9वीं के छात्रों ने सहपाठियों की तस्वीर को अश्लील बनाकर इंटरनेट पर डाला

संवाददाता। मैथन

मुगमा के एक स्कूल की 9वीं कक्षा के तीन छात्रों द्वारा अपने ही कक्षा के कुछ छात्र-छात्राओं की तस्वीर को एडिट कर अश्लील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है. खबर पाकर बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया. वायरल फोटो की जानकारी जब छात्रों के अभिभावकों को हुई, तो वे सभी ने बुधवार को स्कूल पहुंचकर प्राचार्या से शिकायत की और आरोपी छात्रों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा किया. अभिभावकों ने इस घटना को लेकर थाना में उन छात्रों के खिलाफ शिकायत करने की बात कही है. सूचना मिलने पर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी व निरसा थानेदार मंजीत कुमार दलबल के साथ स्कूल पहुंचकर प्राचार्या व अभिभावकों से मामले की जानकारी ली है. निरसा थानेदार ने सभी अभिभावकों को थाना पहुंचकर मामले की शिकायत देने की बात कही है. इधर अभिभावकों ने बताया कि निरसा का रहने वाला नौंवी कक्षा के तीन छात्रों ने नौंवी कक्षा के करीब छह छात्रों एवं छात्राओं का फोटो को एडिट कर अश्लील फोटो बनाकर इंटरनेट पर डाल दिया.

वहीं इस पूरे मामले पर प्राचार्या ने कहा कि ऐसी कोई घटना स्कूल परिसर में नहीं घटी है. यह स्कूल के बाहर की घटना है. फिर भी तीनों छात्रों के अभिवावकों को घटना की जानकारी दे दी गई थी.साथ ही तीनों छात्रों को कक्षा से संस्पेंड कर दिया गया है. प्राचार्या ने अभिवावकों को अपने अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की बात कही. साथ ही कहा कि स्कूल परिसर में किसी भी बच्चे को मोबाइल लाने की इजाजत नहीं है.

1. खबर पाकर अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर किया हंगामा
2. निरसा थानेदार व पूर्व विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे स्कूल
3. स्कूल प्रबंधन ने किया तीन छात्रों को कक्षा से सस्पेंड

चलिए श्रीमान अब उतर जाइए

आर्दश आचार संहिता लागू होते ही शहर में प्रचार-प्रसार के लगे बैनर-पोस्टर उतारने का काम शुरू हो गया. चुनाव को देखते हुए शहर के सभी चौक-चौराहों में जमकर बैनर-पोस्टर लगे थे. शहर का कोई भी इलाका और पोल-खंभा पोस्टर से नहीं बच पाया था.

राजनीति सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारियों व नोडल पदाधिकारियों के साथ डीसी की बैठक

1200 से अधिक वोटर वाले बूथों पर होंगे अतिरिक्त पोलिंग अफसर

संवाददाता। धनबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गई. जिसमें उन्होंने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली. साथ ही सभी कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें. वही कार्मिक कोषांग को मैनपावर की आवश्यकता विधानसभा वार तैयार करने, जिस मतदान केंद्र में 1200 से अधिक वोटर है. वहां अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति करने, प्रशिक्षण शेड्यूल तैयार करने, मेडिकल बोर्ड का गठन करने, ईवीएम रेंडमाइजेशन, डिस्पैच, काउंटिंग, पोस्टल बैलट, वाहनों की आवश्यकता, मटेरियल, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, ऑब्जर्वर सेल सहित अन्य विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मेडिकल कोषांग को सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, बीएलओ तथा मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल किट तैयार कर मटेरियल कोषांग को समय पर सुपुर्द करने का निर्देश दिया. मौके पर उपविकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, 38 सिंदरी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, राज्य कर उपायुक्त धनबाद प्रमंडल ग़ालिब अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर समेत विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे.

धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय में होगा नामांकन

धनबाद । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र 38-सिंदरी विधानसभा, 39-निरसा विधानसभा,40-धनबाद विधानसभा, 41-झरिया विधानसभा, 42-टुंडी विधानसभा एवं 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन समाहरणालय परिसर के विभिन्न तल एवं संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा.

5 साल की बच्ची के साथ गलत हरकत कराने वाला धराया

संवाददाता। धनसार

धनसार थाना क्षेत्र के दहुआटांड में पांच साल की बच्ची के साथ गलत हरकत करने को लेकर स्थानीय करीब तीन दर्जन लोगों ने सामूहिक रूप से थाने में शिकायत की है. मामले को लेकर शिकायत करने आई महिलाओं ने बताया कि पांच साल की बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर टेंपो चलाने वाले 2 बच्चों के पिता अशोक महतो ने गलत हरकत करने की कोशिश की. लड़की के रोने पर दूसरी बच्ची ने उसके घर में आकर जानकारी दी. जब घर वाले पहुंचे तो अशोक वहां से फरार हो गया. मामले की शिकायत पाकर धनसार पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी ने पूर्व में भी इस तरह की हरकत की है. इस कारण उसे सख्त सजा दिलाना है. मामले को लेकर थाने में लिखित शिकायत की जा रही है.

ब्रीफ खबरें

मेडिकल कॉलेज में विश्व एनेस्थीसिया दिवस का आयोजन

धनबाद। धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार को विश्व एनेस्थीसिया दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ केके लाल, अधीक्षक डॉ एसके चौरसिया एनेस्थीसिया के एचओडी डॉ पीयूष कुमार सेंगर, मेडिसिन के एचओडी डॉ यूके ओझा, ऑर्थोपेडिक के एचओडी डॉ डीपी भूषण, ईएनटी विभाग के एचओडी डॉ जयंत चक्रवर्ती समेत कई चिकित्सक मौजूद है. सभी ने मिलकर केक काटा और एक दूसरे को एनेस्थीसिया दिवस की बधाई दी. डॉक्टर ने कहा कि किसी भी सर्जरी के लिए एनेस्थीसिया एक महत्वपूर्ण कड़ी है और इसे हमारे एनेस्थीसिया के डॉक्टर बखूबी निभाते हैं. इनके कारण ही मरीज की सफल सर्जरी हो पाती है. धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आर्थोपेडिक विभाग द्वारा तीन दिनों में 6 बड़े ऑपरेशन किए गए हैं. जिसमें कई काफी क्रिटिकल थे. यह सब एनेस्थीसिया के डॉक्टर के सहयोग से हो पाया है.

झामुमो की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर

टुंडी: दक्षिणी टुंडी बसहा पोखरिया गांव में झामुमो की बैठक आयोजित की गई. इसमें मुख्य अतिथि टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता रतिलाल टुडू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि झामुमो की हेमंत सोरेन सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करके विपक्ष की बोलती बंद कर दी है. रतिलाल टुडू ने मईया सम्मान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना गरीबों और शिक्षित छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है. झामुमो ने इस योजना की राशि बढ़ाकर सभी वर्गों के लोगों के दिल में अपनी जगह बनाई है. उन्होंने भाजपा की रघुवर सरकार की पारा शिक्षकों के प्रति नीतियों की आलोचना की और कहा कि झामुमो सरकार ने पारा शिक्षकों को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा देकर उनकी गरिमा बढ़ाई है. इस मौके पर कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे, जिनमें सनातन सोरेन, मनसा राम मुर्मू, नुनूलाल मुर्मू, विश्वनाथ मुर्मू, राजेन बास्की आदि शामिल थे.

बालू लदा हाइवा जब्त

बरोरा: बरोरा थाना अंतर्गत जोगिडीह माईनप के समीप बरोरा पुलिस ने बुधवार को दिवा गश्ती के दौरान बालू से लदा हाइवा जप्त कर थाना ले आई. बरोरा पुलिस ने खनन विभाग को पत्रचार करते हुए जांच करने की मांग की है.

विधानसभा चुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

राजनीतिक कार्यक्रम के लिए सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य

खास बातें

- आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा
- वीडियो सर्विलेंस टीम हर कार्यक्रम में मौजूद रहेगी

संवाददाता । धनबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है.अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है. इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं.
हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी.
उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे . इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया.उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया.वहीं एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए. वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें. किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें. आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जाएगी.
बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा, वरीय पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग ग़ालिब अंसारी, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग ध्रुव नारायण राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आनंद कुमार, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संतोष कुमार राय, महेंद्र कुमार दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंटू कुमार चौहान, राष्ट्रीय जनता दल के राजू यादव, आजसू पार्टी के रतिलाल महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

अपराधियों ने बाइक छीनी, मामला दर्ज

निरसा/कालूबथान : कालूबथान ओपी क्षेत्र के कलियासोल व डानकाटा गांव के बीच सुनसान जगह पर सोमवार की रात्रि लगभग 8.30 बजे पल्सार सवार तीन अपराधियों ने कुसुमदहा गांव निवासी बिनय राय का अपाची वाइक छीन ली. स संबंध मे बिनय राय ने बुधवार को कालूबथान ओपी मे लिखित शिकायत दर्ज कराई है. कहा है कि सोमवार की रात्रि 8.30 बजे कलियासोल बाज़ार से डुमरिया होते हुए अपने घर जा रहा था जैसे ही कलियासोल व डानकाटा गांव के बीच सुनसान जगह पर पहुंचा अचानक एवं काला रंग के पल्सर मे सवार तीन अपराधियों ने आगे से उसे रोक लिया एवं उसका अपाची वाइक संख्या जेएच10सीटी-8597 सहित भी वीवो कंपनी का मोबाइल एवं पैकेट में रखा आठ सौ रुपया छीन लिया. लिस ने शिकायत पाने के बाद मामला दर्ज करते हुए जांच कर रही है.

भाजपा जिला महामंत्री के आवास में डकैती का प्रयास

महज दस मिनट में पहुंची पुलिस तो अपराधियों को पड़ा भागना

खास बातें

- सीसीटीवी में कैद हो गए हैं अपराधी
- पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया

संवाददाता । महुदा

1. महुदा के कांड्रा की घटना, खबर पाकर सांसद ढुलू महतो पहुंचे
2. मुखिया संघ के नेताओं ने की जल्द से जल्द अपराधियों को दबोचने की मांग

कांड्रा पंचायत के मुखिया एवं भाजपा के जिला महामंत्री धनेश्वर महतो के महुदा मोड़ स्थित आवास में मंगलवार की देर रात दर्जनों अपराधियों ने घर का ताला तोड़कर डकैती का प्रयास किया. संयोगवश अपराधियों की आवाज सुनने के बाद मामले की खबर पुलिस को दी गई. तत्काल पुलिस के पहुंचने से अपराधियों को भागना पड़ा. धनेश्वर महतो ने बताया कि रात में वे जैसे ही अपने रूम से बाहर निकले तो देखा कि दर्जनों की संख्या में अपराधी नकाबपोश में व हथियार लेकर घर में घुसे हैं. उन्होंने तुरन्त अपना कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया तथा पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही लगभग दस मिनट में थाना प्रभारी धीरज कुमार सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए. पुलिस के पहुँचते ही अपराधी दीवार फांदकर फरार हो गये. थाना प्रभारी ने घर के चारों और जांच पड़ताल किया परन्तु कुछ नहीं मिला. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. इधर सूचना पाकर प्रातः धनबाद सांसद ढुलू महतो, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, जिप सदस्य आशा देवी, उनके आवास पहुँचे और घटना की जानकारी ली. सांसद ने एसएसपी धनबाद को फोन से वार्ता कर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. इस संबंध में धनेश्वर महतो ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर अपराधियों पर कड़ी कारवाई की मांग की है. घटना के बाद से महुदा पुलिस रेस हो गयी है तथा कुछ लोगों को उठाकर पूछताछ कर रही है. मुखिया संघ के महामंत्री समीर कुमार लाला, दिनेश प्रमाणिक, कैलाश रवानी, मो० अख्तर, कामेश्वर सिंह, बिरेन्द्र सिंह, दुखित मिश्रा, राजु महतो, गणेश महतो, हराधन महतो, दिलिप महतो, हिमांशु शैखर रवानी, मो० आलम शेख, मो० सिराज शेख, मो० वाहिद शेख, मटुक मिश्रा, शंकर रवानी, कार्तिक महतो, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, अनवर शेख, श्यामलाल महतो, मुस्तफा खान, सहित दर्जनों लोग उनके आवास पहुंचे. सभी ने घटना में शामिल गिरोह को दबोच कर सलाखों के अंदर डालने की मांग पुलिस से की है.

निरसा में जाम, 3 घंटे रेंगती रही गाड़ियां

संवाददाता । निरसा बजार

एनएच-2 निरसा चौक पर बुधवार को लगभग 3 घंटे तक जबरदस्त जाम लगा रहा. इस दौरान गाड़ियां चलती नहीं बल्कि रेंगती रहीं. जाम के कारण यात्रियों, आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों एवं मरीजों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. जाम के कारण एनएच-2 के दोनों तरफ लगभग डेढ़ से 2 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई हालांकि निरसा चौक पर पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने एवं जाम हटाने के लिए तैनाती थी परंतु, पुलिस का प्रयास भी ना काफी साबित हुआ. एनएचएआई द्वारा निरसा में एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने की बात जिला प्रशासन से की थी. तत्कालीन एसडीएम निरसा पहुंचकर सर्विस लेन एवं एनएचएआई की जमीन से एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश सीओ को दिया था.

झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की जांच शुरू

संवाददाता । मैथन

झारखंड में विधानसभा चुनाव का तारीख घोषित होने और आचार संहिता लागू होते ही जिला पुलिस चौकन्सी हो गई है. मैथन पुलिस द्वारा बुधवार की शाम चार बजे से झारखंड-बंगाल बॉर्डर स्थित डिबुडीह चेकपोस्ट पर बैरियर लगाकर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई है.
मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन के नेतृत्व में बंगाल से आने वाली हर छोटी-बड़ी गाड़ियों का डिक्की का जांच की जा रही है. मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान यहां जांच में पचास लाख रुपये से अधिक नगद राशि, लाखों रुपये मूल्य की देशी विदेशी शराब और 36 किलो चांदी जब्त की गई थी. सीमा क्षेत्र होने के कारण पुलिस यहां चौकन्नी रहती है. इसबार भी शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पुलिस को यहां पर मेहनत करनी होगी.

तोपचांची में सीओ व बीडीओ की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

संवाददाता । तोपचांची

तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह व तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने आदर्श आचार संहिता को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की.
बैठक के दौरान राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाए. इसके निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित हो. यदि इससे संबंधित कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो निर्वाचन कार्यालय से अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है.
बैठक के दौरान आगे कहा गया कि कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने समर्थकों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि,भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने,बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं देगा. मौके पर निवास तिवारी, प्रमोद महतो, जितेन्द्र पाण्डेय, संतोष महतो, परशुराम महतो, जगदीश महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

टुंडी : टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, अंचलाधिकारी जीतेन्द्र प्रसाद, थाना प्रभारी उमाशंकर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तार से चर्चा हुई. अंचलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपने बैनर और पोस्टर हटाने का आग्रह किया और निर्भीक मतदान के लिए सहयोग करने की अपील की. सभी दलों के नेताओं ने शांतिपूर्ण और रिकॉर्ड मतदान के लिए अपना समर्थन दिया. इस बैठक में प्रभारी पंचायती राज्य पदाधिकारी बबलेश साह, शहजाद अंसारी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर दीवार लेखन हटाने का निर्देश

संवाददाता । मैथन

एग्यारकुण्ड प्रखण्ड सभागार में बुधवार को बीडीओ मधु कुमारी की अध्यक्षता में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद मतदान केंद्र की स्थिति व चुनाव से संबंधित बैठक हुई. जिसमें पंचायत सचिवों को मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. साथ ही आचार संहिता लागू होने के साथ सभी पंचायतों से राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन आदि को हटाने का निर्देश दिया गया.बीडीओ ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि एएमएफ, 85 प्लस वोटर, दिव्यांग वोटर, बैग का गठन कर कार्य शुरू कर दें. इसके अलावा जिला के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित करने का निर्देश दिया. बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए किसी तरह का कोताही नहीं बरती जाए. कहा कि किसी मतदाता का किसी कारणवश मतदाता सूची से नाम छुट या हट गया है, उसे अविलंब जोड़ा जाये. कहा कि किसी तरह का कोई शिकायत नहीं आये, इसपर विशेष रूप से ध्यान रखें. बैठक में प्रमुख रूप से अमित तिवारी, छत्रपति शिवाय किस्कू, बीपीओ श्रीकांत मंडल, बीपीआरओ लालू रविदास, रेणु कुमारी, सती बाउरी, ममता गुप्ता, अजीत कुमार, प्रकाश चन्द्र, पंचायत सेवक विनय किशोर, सूरज कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह, योगेश दत्ता, धीरेन्द्र कुमार तिवारी, कालीचरण कुमार, चन्दन मिश्र आदि उपस्थित थे.

आरएसएस ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

कतरास: बुधवार की देर शाम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कतरास नगर की ओर से सलानपुर हीरक कैंप कालोनी स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, गुरूजी और डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की तस्वीर के सामने दीप प्रज्जवलित करके हुई.
इस अवसर पर प्रार्थना, खेलकूद और सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न इलाकों से आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया. संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रमोद कुमार झा ने बौद्धिक सत्र में कहा कि शरद पूर्णिमा उत्सव के पीछे धार्मिक और वैज्ञानिक कारण हैं. इस कार्यक्रम में गायत्री ज्ञान मंदिर के संचालक बालगेविंद गुप्ता, नगर सह संघ चालक सुशील चौधरी, नगर कार्यवाह महेंद्र स्वर्णकार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

राजनीति एनएसयूआई ने किया लांच, कॉलेज-विश्वविद्यालय में छात्रों को जोड़ा जाएगा

जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड अभियान

संवाददाता । धनबाद

बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय ऑरोन के द्वारा जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड मुहिम को धनबाद जिला में लॉंच किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने किया तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने किया. इस मुहिम के तहत धनबाद जिला के अंतर्गत सभी कॉलेज तथा विश्वविद्यालय में छात्रों को पार्टी से जोड़ा जाएगा और उन्हें पार्टी के विचारधारा तथा पूर्व में किए गए कार्यों के विषय में बताया जाएगा, जिला स्तर पर 10 हजार मेंबरशिप करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे विधानसभा चुनाव से पूर्व पूरा करने का समय सीमा दिया गया है, इसी कड़ी में बुधवार कई अधिक छात्र-छात्राओं ने पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय ऑरोन के नेतृत्व में एनएसयूआई का दामन थामा.
एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनएसयूआई का अलग झारखंड के हर उस छात्र तक पहुंचना है. जो किसी भी अभाव में या व्यवस्था की कमियों के कारण गुणवत्ता वाली शिक्षा से वंचित रह रहे हैं .इसके लिए पूरे झारखंड के हर एक जिले के अंतर्गत हर एक कॉलेज में जाकर छात्रों को जोड़ना है, इसी कार्य में बुधवार को धनबाद जिला में इस अभियान का शुरूआत किया जा रहा और धनबाद जिला में 10000 छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है. कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीता राणा, विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ के अध्यक्ष प्रो डीके सिंह, प्रदेश महासचिव अभय कुमार, प्रदेश सचिव रवि पासवान व अनुष्का लाल व आकाश प्रमाणिक व राजीव पांडे व प्रिया गुप्ता व दीपशिखा सिंह उपस्थित थे. धनबाद जिला से देवेंद्र पासवान, रोहित पाठक,राज रंजन सिंह साहिल खान, सनी सिंह,अरुण दास,निक्की सिंह,उत्तम कुमार,आयुष सिंह,ऋतिक चटर्जी, मोइन अंसारी,संजय तिवारी,अनिकेत कुमार समेत सैकड़ो एनएसयूआई के नेता मौजूद थे.

बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट का सेमिनार

खास बातें

- बाल मित्र जिला बनाने के लिए सामूहिक प्रयास
- बाल संरक्षण और सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण

संवाददाता । महुदा

बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत बुधवार को किरण मोंटेसरी स्कूल तेलमोचो , महुदा में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के सहयोग छात्र, छात्रों एवं शिक्षकों के साथ सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी से बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल मजदूरी रोक पर विस्तार से प्रकाश डाला। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा की झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट धनबाद जिला को बाल विवाह मुक्त जिला एवं बाल मित्र जिला बनाने के लिए सघन जागरूकता कार्यक्रम कर रही है. संस्था द्वारा विभिन्न हितधारकों को जागरूक किया जा रहा है. मौके पर ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर मुमताज अंसारी, विद्यालय के प्रबंधक भागीरथ महतो, एस एन मोदक , ए के सिंह , विनोद कुमार मोदक, विकाश कुमार रवानी , मौसमी सिन्हा, रिंकी सिन्हा, पुजा कुमारी, सपना कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे. अन्त में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण एवं बच्चों का संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए उपस्थित सभी लोगो ने शपथ लिया.

ब्रीफ खबरें

कोयला चोरों के खिलाफ चला अभियान

कथारा। सीसीएल कथारा क्षेत्र के स्वांग कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध मंगलवार की देर रात छापामारी अभियान चलाया गया. छापामारी अभियान के क्रम में कोयला से लदा 4 मोटरसाइकिल व 16 साईकिल को जब्त किया गया. जिसे मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया. कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त छापामारी अभियान सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक के आदेशानुसार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया. जिस अभियान में बोकारो थर्मल थाना के पुलिस प्रशासन तथा क्षेत्रीय गश्ती दल एवं स्वांग कोलियरी गस्ती दल संयुक्त रूप से शामिल थे. छापामारी में गश्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए. बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया. जिसका वजन लगभग 3.5 टन होगा.

गोड्डा से नई दिल्ली के लिए खुली नई ट्रेन

गोड्डा। गोड्डा स्टेशन से चलकर नई दिल्ली तक जाने वाली नई ट्रेन का नियमित परिचालन बुधवार से आरंभ हो गया. दिन के दस बजे अपने निर्धारित समय से यह ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई. गोड्डा स्टेशन के दो वर्ष पूर्व चालू होने के बाद यह इस स्टेशन से खुलने वाली चौदहवीं ट्रेन है. गोड्डा से देवघर, मधुपुर, न्यू गिरिडीह होते हुए सासाराम के रास्ते दूसरे दिन सुबह नौ बजे नई दिल्ली पहुंचेगी. इससे पूर्व इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था. साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से चलेगी. पहले दिन काफी संख्या में यात्री ट्रेन में सवार थे. निर्धारित समय पर ट्रेन को हरी झंडी मिलने के बाद स्टेशन से निकली. इस अवसर पर यात्रियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे गोड्डा से लेकर गिरिडीह तक के लोगों को भरपूर फायदा मिलेगा. इससे पूर्व गोड्डा से दिल्ली के लिए हमसफर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है, जो भाया भागलपुर, नवादा के रास्ते दिल्ली तक जाती है.

इंडिया गठबंधन में राजद को मिले बोकारो सीट : युवा राजद

बोकारो। झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है. कुल दो चरणों में चुनाव संपन्न होना है. ऐसे में इंडिया गठबंधन में जल्द से जल्द सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए. युवा राजद प्रदेश महासचिव ने कहा कि गठबंधन में राजद को सम्मानजनक सीटें मिलनी चाहिए. साथ ही बोकारो विधानसभा सीट भी राजद के कोटे में मिलनी चाहिए, क्योंकि राजद ने पूर्व में बोकारो विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है. बोकारो क्षेत्र में लालू के विचारधारा को मानने वालों की संख्या लाखों में है. जिला अध्यक्ष संतोष गिरी ने कहा कि सामाजिक न्याय की सोच बोकारो के मतदाताओं की है. गौरतलब है कि हर बार राजद ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए त्याग किया है. ऐसे में गठबंधन में बोकारो सीट राजद को मिलना चाहिए और लड़ना चाहिए.

मशकूर आलम सिद्दीकी होंगे एआईएमआईएम प्रत्याशी

बोकारो। झारखंड में चुनावी बिगुल फूंक चुकी है. पार्टियां अपने प्रत्याशियों के लिस्ट भी फाइनल कर रही है. एआईएमआईएम से मशकूर आलम सिद्दीकी प्रत्याशी होंगे. वे 2014 के विधानसभा चुनाव में भी एआईएमआईएम के प्रत्याशी थे. उन्होंने कुल मतदान के दो प्रतिशत वोट हासिल किये थे. समाजसेवी के रूप में उनकी बोकारो में पहचान है. आम जन समस्याओं जैसे बिजली, पानी, सड़क के मुद्दों पर वो हमेशा आंदोलन करते रहे हैं. इस कारण उनकी आम जनता में अच्छी पकड़ है.

स्वीप कोषांग ने समाहरणालय परिसर में किया पौधरोपण

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ बैठक

खास बातें

- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने लघु फिल्म के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का दिया सुझाव

संवाददाता। बोकारो

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है. इसी क्रम में स्वीप कोषांग द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में पौधरोपण किया गया. मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहयोगी पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, सहयोगी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी, कर्मियों ने पौधरोपण के इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया. आमजनों को मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का अपील किया.

उधर, 20 नवंबर 2024 को आयोजित होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ समाहरणालय स्थित सभागार में स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार द्वारा बैठक किया गया. उन्होंने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली व प्रभावशाली माध्यम है. सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें.

मौके पर सहयोगी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफार्म को फॉलो, शेयर एवं लाइक करने की बात कहीं.

बैठक में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने चर्चा क्रम में रोचक कहानी के माध्यम से, ब्लॉगर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का सुझाव दिया.

आचार संहिता लगते ही सभी कोषांग हुए रेस

संवाददाता। साहिबगंज

जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त के निर्देशानुसार गठित कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2024 निर्वाचन से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से करना प्रारंभ कर दिया है.

निर्वाचन से संबंधित जिला में कुल 16 कोषांग बनाए गए हैं. जिनमें कार्मिक कोषांग, आईटी सूचना एवं तकनीकी कोषांग, ईवीएम, वीवीपीएटी- सह -मतपत्र कोषांग, सामग्री-सह-मतदाता सूची विखंडीकारण कोषांग, वाहन कोषांग, विधि व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता-सह-सुविधा एप एवं सी विजीलेंस कोषांग, मीडिया-सह-हेल्प डेक्स कोषांग, निर्वाचन कोषांग, लॉजिस्टिक कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, स्वीप कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, व्यय कोषांग आदि का गठन किया गया है.

डीपीएस के 15 छात्रों ने मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में फिर लहराया परचम

संवाददाता। बोकारो

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कामयाबी का परचम लहराया है. राष्ट्रीय स्तर की इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स (आईओक्यूएम) में लगातार दूसरे वर्ष विद्यालय का पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा. इस बाद स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. परीक्षा की कैटेगरी ए (कक्षा 8-11) में नौवीं के विद्यार्थी श्लोक आनंद ने झारखंड में सर्वाधिक 59 अंक हासिल कर स्टेट टॉपर होने का गौरव पाया है. वहीं, कैटेगरी बी (कक्षा-12वीं) में आरुष बनर्जी ने 54 अंक के साथ सूबे में दूसरा स्थान प्राप्त किया और जिले में अव्वल रहा. विद्यालय में कैटेगरी ए में कक्षा 9 के छात्र श्लोक आनंद 59, शिवम ओझा 51 व 11वीं के अनुज ने 44 अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है. इसके बाद 11वीं के आयुष राज (42), कुमार अनमोल (41), 10वीं के आरुष रंजन (41), आयुष लच्छीरामका (40), शीर्ष क्रेजिया (33), 9वीं के सुधांशु कुमार (32), 11वीं के मालविन परीरा (29) व 10वीं के जय सात्विक मेदिरेड्डी (27) ने सफलता प्राप्त की है. इसी प्रकार, कैटेगरी बी में 12वीं कक्षा के छात्र आरुष बनर्जी 54 अंक लाकर पहले, नितिन कुमार सिंह 41 अंक के साथ दूसरे तथा आदित्य राज चौहान 35 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे. बालिकाओं की कैटेगरी में 10 की आयुषी सिंह ने 26 अंक लाकर सफलता पाई.

छात्र-छात्राओं के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने उन्हें बधाई दी है. उन्होंने इस उपलब्धि को पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बताया. कहा कि यह डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों की शैक्षणिक कुशलता, उनकी कड़ी मेहनत, गणित के प्रति उनके जुनून और शिक्षकों के समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है.

आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में खनन विभाग ने की औचक छापेमारी

दो ट्रक के साथ 290 टन कच्चा कोयला, 125 टन पोडा कोयला जब्त

- पेक नारायणपुर थाना में प्लांट संचालक, ट्रक मालिक, चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। बोकारो

उपायुक्त के निर्देशानुसार बोकारो जिला के पेक नारायणपुर थानांतर्गत बरई में अवस्थित आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड में औचक निरीक्षण किया गया. जांच के क्रम में उक्त स्थल पर अवैध रूप से कच्चा कोयला खनिज लगभग 290 टन, पोडा कोयला लगभग 125 टन एवं कोयला डस्ट लगभग 10 टन भंडारित किया हुआ पाया गया. स्थल पर उपस्थित मुंशी से स्टॉक पंजी की मांग की गई, जिसे प्रस्तुत करने में वे असमर्थ रहे. जिम्स पोर्टल से आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अप्रैल माह में दाखिल मासिक विवरणी की जांच की गई. उक्त मासिक विवरणी में कच्चा कोयला 159 टन दर्शाया गया है. मासिक विवरणी एवं जांच के दौरान पाई गई खनिज की मात्रा में अंतर के कारण उपरोक्त खनिज को विधिवत जप्त करते हुए पेक नारायणपुर थाना में सुपुर्द किया गया. उक्त स्थल पर अवैध रूप से खनिज को लोडिंग करते हुए 2 ट्रक को पकड़ा गया. जिसे जप्त कर पेक नारायणपुर थाना को सुपुर्द किया गया एवं थाना में प्लांट के संचालक, वाहन के मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई. उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे.

देशी कट्टा के साथ एक धराया, गया जेल

संवाददाता। बोकारो।

बोकारो में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस कप्तान मनोज स्वगीर्यारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को शाम 6:40 बजे संध्या गश्ती के दौरान पुलिस उप-निरीक्षक बिरेंद्र खाखा को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति को लोडेड देशी कट्टा के साथ देखा गया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक नगर बोकारो के नेतृत्व में एक टीम गठित की. टीम ने को-ऑपरेटिव मोड़ के पास एक व्यक्ति को पकड़ा, जो काला रंग का टी-शर्ट और जींस पहने हुए था.

पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रमोद शर्मा बताया, जो बोकारो के सेक्टर 2/बी में रहता है. उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, 8 एमएम के जिंदा कारतूस और मिस फायर कारतूस बरामद हुए. पुलिस ने इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

उत्पाद विभाग की अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी

तीन हजार केजी जावा महुआ, 150 लीटर अवैध शराब जब्त

संवाददाता। बोकारो

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्ग दर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत चांदो ग्राम में संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की. मौके से उत्पाद टीम ने 3,000 केजी जावा महुआ शराब एवं 150 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया. वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया.

छापेमारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है. छापेमारी दल में अवर निरीक्षक सदर सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट महेश दास उपस्थित थे.

जानकारी हो कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण – बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

महगामा हाट परिसर में खुलेआम हो रहा है जुआ

संवाददाता। महगामा

शराबियों और जुआडियों के लिए महगामा का हाट परिसर सबसे बेहतरीन जगह बनता जा रहा है. महगामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिद्धों कान्हु हाट परिसर में खुलेआम गैर कानूनी तरीके से भोले भाले ग्रामीणों को लूटने का इस खेल को प्रशासन के नाक के नीचे अंजाम दिया जा रहा है. पुलिस प्रशासन की गाड़ी भी महज सौ मीटर के फासले पर आसपास मौजूद रहती है लेकिन वह इसे रोक-टोक करने में किसी तरह का कोई जहमत नहीं उठाती है. प्रशासन के इस मौन स्वीकृति को देखकर जुआडियों का मनोबल भी ऊंचा बना रहता है. साप्ताहिक हाट में जुआ खेलने का एक नया ट्रेंड चालू किया गया है. माना जा रहा है कि इसके पीछे कुछ सधे हुए लोगों का हाथ है, जो हाट में आनेवाले भोले भाले आदिवासियों को ठगने की नियत से साजिशन अंजाम दिया जा रहा है. आदिवासी संस्कृति में हाट का बहुत बड़ा महत्व है.

आदिवासी अपने इलाके में लगने वाले हाट में आना कभी नहीं भूलते हैं. इनको अपने जरूरत का सामान खरीद बिक्री करने का मुख्य केंद्र हाट में ही होता है. ऐसे में आदिवासियों को ही ध्यान में रखकर जुआ का खेल संचालित किया जा रहा है. इसी हाट परिसर में अवैध शराब का अड्डा भी चलता है. जुआ के बाजार का लत आदिवासी समाज को लगे, इसके पहले इसको नियंत्रित करने की जरूरत है.

डीडीसी ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के साथ की बैठक

विधानसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम की दी गई जानकारी, आदर्श आचार संहिता अनुपालन की अपील

संवाददाता। बोकारो

समाहरणालय सभागार में बुधवार को विधानसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई. मौके पर निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका, कार्मिक कोषांग की सहयोगी पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे.

बैठक में उप विकास आयुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के विभिन्न प्रतिनिधियों को बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है. इसके अनुसार 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर 2024 को मतदान होना है. चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 01 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है.

वहीं, बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम जारी होने के साथ ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. सभी प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, जुलूस, सभाएं, रैली सहित निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइड लाइन के अक्षरशः अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की.

मौके पर उपस्थित निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में सभी पार्टी प्रतिनिधियों को अवगत कराया. उन्होंने चुनावी प्रचार के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने, मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिये मंच के रूप में नहीं करने, व्यक्तियों के घरों के सामने धरना-प्रदर्शन नहीं किए जाने आदि जैसे विषयों पर चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन की विस्तृत जानकारी दी. पार्टी प्रतिनिधियों को इससे संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध कराया गया. उन्होंने सभी से अपील किया कि वह चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन को अध्ययन स्वयं कर लें तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित करें.

बैठक में विभिन्न पार्टी प्रतिनिधियों द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में कई सवाल-जवाब भी किए गए. जिसका पदाधिकारियों ने निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार क्रमवार जवाब दिया गया. साथ ही, यदि अभी भी किसी का मतदाता सूची में नाम नहीं है, तो उन्हें फार्म छह भरने को लेकर प्रेरित करने को कहा.

बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी, नेशनल पिपुल्स पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

पागल कुत्ता ने 6 लोगों को काट कर किया जख्मी

संवाददाता। साहिबगंज

तालझारी थाना क्षेत्र के मिशन चौक एवं राजमहल थाना क्षेत्र के बेलदारचक वार्ड नंबर 2 और तालझारी रेलवे स्टेशन परिसर में एक आवारा पागल कुत्ता ने दो दिन में 6 लोगों को काट कर जख्मी कर दिया. मंगलवार शाम को कुत्ता के काटने से एक बच्चा एवं चार रेलवे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल बच्चे को परिजन आनन-फानन में तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गये, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया. घायल बच्चा बेलदारचक वार्ड नंबर 2 गांव निवासी लटुवा मुसहर का पुत्र बताया गया है. जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम राजमहल थाना क्षेत्र के तालझारी रेलवे स्टेशन के पास एक आवारा पागल कुत्ता कहीं से आ गया. वह चार लोगों को काट कर जख्मी करते हुए बेलदारचक वार्ड नंबर 2 गांव पहुंच गया. उसने गांव में दरवाजे पर खेल रहे लटुवा मुसहर के पुत्र को काट कर जख्मी कर दिया. वहीं बुधवार शाम को तालझारी बुनियादी विद्यालय के समीप सत्तु दुकानदार शंभू साह को पागल कुत्ते ने काट लिया. ग्रामीणों ने बताया कि पागल कुत्ता ने रेलवे स्टेशन के यात्री, एक बच्चे, एक युवक एवं कई पालतू बकरियों को काटकर घायल कर दिया. इससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया.

ब्रीफ खबरें

रिजनल सचिव बने महेश कुमार

कतरास। अग्रगामी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन संबद्ध टीयूसीसी के महासचिव जनार्दन पाण्डेय ने महेश कुमार को बीसीसीएल के रिजनल सचिव मनोनीत किया. इसके साथ ही पाण्डेय ने बीसीसीएल स्तरीय कमेटी गठित की, जिसमें अध्यक्ष-सानू चौधरी, उपाध्यक्ष-रामजी साव, सचिव -महेश कुमार,कोषाध्यक्ष-दाता राम एवं संयुक्त सचिव-विनोद राय को बनाया है. मालूम हो कि टीयूसीसी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ,भारत सरकार से मान्यता प्राप्त केन्द्रीय श्रम संगठन है सभी मनोनीत पदाधिकारियों को आकाश कुमार,कृष्णा कुमार, विष्णु कुमार,किंकर कुमार,प्रिंस कुमार ने बधाई दी है.

डीएवी जामाडोबा को उत्कृष्ट स्थान

धनबाद। टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा धनबाद को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने 2024 की दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के कारण उत्कृष्ट स्थान दिया है .कक्षा दसवीं में कुल 207और कक्षा बारहवीं में 140 बालक और बालिकाओं ने परीक्षा दी थी. कक्षा दसवीं का पास प्रतिशत 95.65 और बारहवीं कक्षा का पास प्रतिशत 97.86 रहा. वहीं कक्षा दसवीं का औसत अंक 96 प्रतिशत और कक्षा बारहवीं का औसत अंक 94.34 प्रतिशत रहा इसके लिए प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने सभी शिक्षकों को बधाई दी.

आईआईटी आईएसएम में कर्मचारियों को प्रोक्यूरमेंट रूल्स पर प्रशिक्षण

संवाददाता । धनबाद

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के सीवीओ कार्यालय ने संस्थान के कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूमेंट रूल्स पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. इस दौरान सुबोध कांत, जीईएम ट्रेनर, झारखंड और बिहार क्षेत्र, मिनिस्ट्री ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने प्रशिक्षुओं को पब्लिक प्रोक्यूमेंट के लीगल, प्रोसीज़रल एवं रेगुलेटरी फ्रेमवर्क (कानूनी, प्रक्रियात्मक और नियामक ढांचे) और सार्वजनिक खरीद पर सामान्य वित्तीय नियमों के बारे में अवगत कराया.आईआईटी आईएसएम) धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र (ईडीसी) लाउंज में कल शाम आयोजित प्रशिक्षण, जिसके दौरान आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे और अन्य, जिनमें गरीब नाथ सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, आईआईटी (आईएसएम) और सत्येंद्र कुमार, सहायक रजिस्ट्रार (सीवीओ कार्यालय) उपस्थित थे, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तीन महीने के अभियान के तहत संस्थान के सीवीओ कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा थे. एक घंटे तक चलने वाले प्रशिक्षण के दौरान सुबोध कांत ने गवर्नमेंट फंड (सरकारी धन) के माध्यम से वस्तुओं की खरीद, गवर्नमेंट फंउ (सरकारी धन) के माध्यम से कार्यों की खरीद और कंसल्टेंसी सर्विसेज (परामर्श सेवाओं) की खरीद के संबंध में सामान्य वित्तीय नियमों और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के बारे में भी जानकारी दी. उन्होंने भुगतान, पीवीसी आदि सहित कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट (अनुबंध प्रबंधन) के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला.प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला के हिस्से के रूप में, वित्तीय बाजारों से संबंधित संगठन और साइबर अपराध की प्रणाली और प्रक्रिया पर एक सत्र की अध्यक्षता 30 सितंबर को आईआईटी (आईएसएम) के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे ने की, जिसके बाद 1 अक्टूबर को केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के सीओए आलोक शर्मा द्वारा संचालन नियमों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया. सुजीत पाराशर, वैज्ञानिक सी,डिप्टी डायरेक्टर,इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम,एम आईइटीवाई द्वारा साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर एक सत्र का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया था.

एग्यारकुण्ड मेला को पुलिस ने जबरन कराया बंद

प्रतिदिन हो रहे थे विवाद, झूला में चढ़ने को लेकर नोकझोंक

संवाददाता । मैथन

यंग स्टार क्लब द्वारा एग्यारकुण्ड पानी टंकी के पास फुटबॉल मैदान में दुर्गोत्सव पर आयोजित दस दिवसीय मेला को बंद कर दिया गया. गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार ने डीसी का निर्देश का हवाला देते हुए मंगलवार की रात दस बजे बलपूर्वक मेला बंद कराया. बता दें कि दो दिन से मेले में उपद्रव हो रहा था. झूला में चढ़ने को लेकर नोंक-झोंक हो रही थी. इससे पूर्व पूजा एवं मेला कमेटी में विवाद भी चला. बंद कमरे में कमेटी गठन व नौ लाख में मेला का कांट्रेक्ट पर सवाल उठाया गया. रसीद एवं आमंत्रण कार्ड में पदाधिकारियों के नाम को लेकर खींचतान चली. ओपी में और अध्यक्ष पिंटू सिंह के घर पर कई चक्र में बैठक हुई लेकिन विवाद नहीं सलटा. अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाते हुए महासचिव मुखिया अजय राम व कोषाध्यक्ष कुणाल पालित ने पद से इस्तीफा दे दिया था. पूजा नजदीक आ जाने के कारण मानमनोव्वल के बाद दोनों कमेटी में वापस तो आ गये, लेकिन विवाद चलता रहा. कमेटी दो गुट में बंट गयी. दशमी के बाद पास को लेकर खींचतान चली. एक गुट पास निर्गत करने की बात कर रहा था पर अध्यक्ष सिंह ने इसपर रोक लगा दी. बात न बढ़े और शांतिपूर्ण मेला का समापन हो इसलिये दूसरा गुट चुप रह गया. बताया जाता है कि पत्रकार अमित श्रीवास्तव से मारपीट के आरोप में जेल जा चुका गलफरबाड़ी का गोपाल प्रसाद ग्रुप बनाकर फ्री में हर झूले में झूलने लगा. जिसका उप कोषाध्यक्ष रणधीर शर्मा ने विरोध किया तो बात बढ़ गयी. गोपाल ने कहा कि उसे अध्यक्ष ने गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी के समक्ष फ्री में झूला झूलने को कहा है. इसके बाद खूब हंगामा हुआ. मंगलवार को भी ऐसा ही देखने को मिला. गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नीतिश कुमार ने मेले को बंद कराना ही उचित समझा और बंद करा दिया.

सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत से शोक की लहर

संवाददाता । बरोरा

मुराईडीह निवासी व्यवसायी रामरूप वर्णवाल की मंगलवार को दोपहर भूली 8 लेन रोड में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. बुधवार की सुबह मुराईडीह के सभी दुकानदारों ने दुकान को बंद कर एवं एक मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की. देर शाम धनबाद से पोस्टमार्टम के बाद शव उनके आवास पहुंचे. जिसे देख परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे.शव का अंतिम संस्कार कतरास मुक्ति धाम में किया गया. मौके पर जेके झा, महानंद साव, उमेश सैनी, रामजीत टुडू, शशि यादव, माखन कुमार, मुन्ना पांडेय ,हरेंद्र सिंह ,राजू मिश्रा, मुमताज अंसारी, तेज नारायण मिश्रा, संतोष पेंटर, नरेश चौरसिया, संजय राम, वीरेंद्र साव ,बिनोद वर्णवाल, किशोर मोदी, संतोष मोदी, उपेंद्र बर्णवाल ,बिक्कूमोदी कृष्ना मोदी ,सुनिलन मोदी शामिल हुए.

गुरुनानक में अभिभावक मिलन कार्यक्रम

संवाददाता। धनबाद

गुरु नानक कॉलेज धनबाद के हिंदी-विभाग द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस के रुसा सेमिनार कक्ष में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया .इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग में अध्ययनरत साठ की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने किया.कार्यक्रम के दौरान सोनू प्रसाद ने अपने संबोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी , एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया. प्रो. इन चार्ज भूदा परिसर प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रबंधन पर विशेष बल दिया. प्रो. इन चार्ज महिला शाखा, प्रो. डॉ. रंजना दास ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, उनके शैक्षणिक प्रगति और बहुमुखी प्रतिभा के विकास की दिशा में पहल करने पर विशेष बल दिया.इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दर्ज किए. प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी. समारोह में उपस्थित अभिभावक की ओर से विभाग के द्वारा किए गए इस कार्यक्रम को सराहा गया.कार्यक्रम का संपूर्ण क्रियान्वयन प्राचार्य महोदय प्रो. डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का समापन हिंदी-विभाग के अध्यक्ष महोदय ने धन्यवाद ज्ञापन से किया.इस अवसर पर कॉलेज के बैंक मोड़ शाखा की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. प्रो. रंजना दास तथा प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह (भूदा कैंपस), प्रो. मनीषा, प्रो. मुकेश सहित अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे.

धनबाद के तीनों शाखा साथ मिलकर करेंगे चुनाव का प्रचार

ईसीआरकेयू के चुनाव प्रचार समिति की बैठक

संवाददाता । धनबाद

ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन का चुनाव प्रचार समिति की बैठक धनबाद शाखा एक में संपन्न हुई. जिसमें यूनियन की मान्यता प्राप्त के लिए होने आगामी 4, 5,ओर 6 दिसंबर को होने वाला चुनाव पर चर्चा की गई. यह निर्णय लिया गया कि तीनों शाखा मिलकर धनबाद क्षेत्र में चुनाव का प्रचार प्रसार व जनसंपर्क अभियान करेंगे. मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि 17 अक्टूबर बृहस्पतिवार को सुबह 8:30 बजे IOW-1 धनबाद में और 18 तारीख शुक्रवार शाम 6:00 बजे क्रू लॉबी धनबाद में ईसीआरकेयू द्वारा जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा. बैठक में राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, नेताजी सुभाष, एन के खवास, जे के साव,बी के दुबे, विश्वजीत मुखर्जी, रीतलाल गोप, प्रभाकर कुमार, संभुनाथ, एम.के.मुकेश, पिंटू नंदन, रंजीत कुमार यादव, शिव कुमार, कुमार आज़ाद, अशोक कुमार, बीपी आजाद और राजकुमार उपस्थित थे.

आसनसोल

युवती की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

- प्रेमी के साथ पिज्जा खाने गई थी युवती
- परिवार ने लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप
- भाजपा अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने की सीबीआई जांच की मांग

संवाददाता। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में एक युवती का अधजला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूजा के दौरान युवती अपने प्रेमी के साथ पिज्जा खाने गई थी, लेकिन जब देर रात तक वह वापस नहीं लौटी, तब उसकी तलाश शुरू हुई. बुधवार की सुबह उसका शव कृष्णानगर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 500 मीटर दूर मिला. उसके कपड़े लगभग अव्यवस्थित थे और शव आधी जली हालत में बरामद किया गया. छात्रा के परिवार का दावा है कि इस घटना में उसके प्रेमी का हाथ है और युवक ने दुष्कर्म के बाद छात्रा की हत्या कर दी. लड़की के परिवार का आरोप है कि सबूत मिटाने के लिए लड़की का चेहरा तेजाब डालकर या आग लगाकर जलाया गया है. कोत्याली थाने की पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है और जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि उससे पूछताछ से इस घटना से जुड़ी कई जानकारियां हासिल की जा सकेंगी. इस बीच, भाजपा ने घटना की निंदा की है और नदिया जिला उत्तर भाजपा अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने सीबीआई जांच की मांग की है. जांचकर्ताओं को छात्रा के बॉयफ्रेंड से पूछताछ कर इस घटना से जुड़ी जानकारी मिलने की उम्मीद है. परिवार का कहना है कि हम अपनी बेटी की शादी करने वाले थे, जिसके साथ उसने ही उसकी हत्या कर दी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. परिवार का दावा है कि सामूहिक दुष्कर्म के बाद सबूत मिटाने के लिए चेहरे को तेजाब से जला दिया गया.

युवती का खून से लथपथ शव नदी के बालू में दबा मिला

पुरुलिया। पुरुलिया जिले के बड़ाबाजार थाना अंतर्गत फतेपुर में कुमारी नदी के किनारे बालू में दबा हुआ एक युवती का शव पुलिस ने खोदकर बरामद किया. इस घटना से बड़ाबाजार थाना क्षेत्र में काफी सनसनी फैल गयी. घटना के संबंध में जानकारी है कि बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने कुमारी नदी के किनारे रेत पर खून के धब्बे देखे. इसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस स्टेशन को सूचना दी, पुलिस ने मौके पर आकर खून के धब्बे के कारण रेत में दबा हुआ अज्ञात युवती का रक्तरंजित शव बरामद किया. प्रारंभिक तौर पर यह माना जा रहा है कि किसी ने युवती की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए नदी किनारे बालू गाड़ दिया था. बताया जाता है कि बड़ाबाजार थाने की पुलिस ने घटना स्थल नदी पार से शव बरामद कर कड़ी जांच शुरू कर दी है. स्थानीय लोगों का दावा है कि मृत युवती की उम्र 20 से 22 साल है. उसने जींस और शर्ट पहन रखी थी. जब शव मिला तो गले में गमछा बंधा हुआ था. पुलिस सूत्रों के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि हत्या से पहले युवती के साथ कोई शारीरिक शोषण हुआ था या नहीं. शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है.

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

पुरुलिया। मानबाजार थाना के कांटा गावँ में बुधवार की दोपहर खेत में टमाटर लगाने के दौरान बिजली गिरने से 46 वर्षीय सुनील गोराईं नामक एक किसान की मौत हो गई. पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वह रोज की तरह सब्जी के खेत में गए थे. इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली के चपेट में आने से वह गिर गया और बेहोश हो गया. घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें उपस्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया.

जूनियर डॉक्टर्स का आमरण अनशन जारी

संवाददाता। कोलकाता

कोलकाता में आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन बुधवार को 12वें दिन भी जारी रहा. चिकित्सकों की भूख हड़ताल पांच अक्टूबर से शुरू हुई थी. इस बीच, उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. सौरव दत्ता को मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया. जूनियर चिकित्सकों ने बुधवार को दावा किया कि मंगलवार का 'द्रोह कार्निवल' न्याय और सुरक्षा की मांग के लिए सफल रहा. उन्होंने अपने आंदोलन को और तेज करने की बात कही. प्रदर्शनकारी चिकित्सक महिला चिकित्सक के लिए न्याय, स्वास्थ्य सचिव एन. एस. निगम को तत्काल पद से हटाने, राज्य के सभी अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली की स्थापना, बिस्तर रिक्ति निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन, कार्यस्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं.

युग्म संघ ने की काली पूजा की तैयारी शुरू

बराकर। बराकर शहर के हॉस्पिटल रोड में युग्म संघ द्वारा पिछले कई वर्षों से काली पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जाता है. इस वर्ष भी इसकी तैयारी शुरू हो गई है. बुधवार को वैदिक मंत्रोचारण के साथ पंडाल निर्माण के लिए खूंटी पूजा की गई. संघ के कई सदस्य मौजूद थे. संघ के सक्रिय सदस्य शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि कमेटी के लोगों के साथ-साथ क्षेत्र के लोग भी इस पूजा को लेकर उत्सुक रहते हैं.

बेना ग्राम में माता लख्खी की पूजा का आयोजन

संवाददाता। बराकर

पश्चिम बर्दवान जिले के कुल्टी के बहुचर्चित बेना ग्राम, जिसे भूतों का गांव भी कहा जाता है, में इस वर्ष भी माता लख्खी की पूजा का आयोजन हुआ. एक समय भूत के आतंक से पूरे गांव के लोग गांव को खाली कर अन्यत्र दूसरी जगह पलायन कर गए थे, जो विगत बीस वर्षों से पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है. विगत बीस वर्षों पहले एक बड़ी बस्ती ग्रामीणों से भरी पड़ी थी, लेकिन भूत के भय से एक-एक कर परिवार अपने घर को खाली कर दूर दराज चले जाने पर विवश हो गए थे. घर छोड़ने के बाद लगभग दो दर्जन से ज्यादा घर खंडहर में तब्दील हो गए. परंतु देखा गया कि वर्ष में एक बार इस गांव के लोग दुर्गापूजा के बाद माता लखी की पूजा के दिन सभी मंदिर में पूजा करने के लिए सभी एकत्रित जरूर होते हैं और माता की पूजा में भाग लेते हैं. इस बार आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय के अथक प्रयास से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य करवाया गया, जिससे मंदिर को एक नया रूप देकर इसे देखने के लायक बनाया गया. दिन में मंदिर की साफ-सफाई कर रात्रि पूजा की तैयारी शुरू की गई.

नगर निगम कर्मियों ने हेल्थ सेंटर में चलाया सफाई अभियान

- वार्ड नंबर 67 के हेल्थ सेंटर में निगम कर्मियों ने सफाई की

संवाददाता। बराकर

बराकर के हॉस्पिटल रोड स्थित हेल्थ सेंटर में नगर निगम कर्मियों ने सफाई अभियान चलाया. नगर निगम साफ-सफाई को लेकर पहले से ही तत्पर है और इलाके को स्वच्छ बनाए रखने के लिए समय-समय पर सफाई कर्मियों को दिशा-निर्देश देता है. बुधवार को वार्ड नंबर 67 के हेल्थ सेंटर में निगम कर्मियों ने सफाई की. उन्होंने हेल्थ सेंटर के सभी वार्ड, कमरों और आसपास के स्थान की सफाई की.
सफाई कर्मियों ने कहा कि यह उनका रूटीन कार्य है और वे समय-समय पर यहां आकर सफाई करते हैं ताकि यह स्थान साफ-सुथरा रहे.

समाजवादी विचारक ने प्रोफेसर विनय कुमार की पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता। कुल्टी

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के नीतूड़िया थाना के अंतर्गत परबेलिया कोलियरी में बुधवार को यूनियन के अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश कुमार की अध्यक्षता में समाजवादी विचारक और चिंतक स्वर्गीय प्रोफेसर विनय कुमार की पुण्यतिथि पर स्मृति सभा का आयोजन किया गया. इस स्मृति सभा में यूनियन के सदस्य आर के त्रिपाठी, लाल सोनी, अपराजित बैनर्जी, कुलदीप महतो, बोधनारायण सिंह, अशोक बैनर्जी, राधेश्याम साव, राजबली पासवान, चंगेज खान, एस पी चौहान, इंद्रदेव महतो, बिनोद गिरी, उपेंद्र पासवान सहित कई अन्य गणमान्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस दौरान, सदस्यों ने प्रोफेसर विनय कुमार के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही, उनके जीवनकाल में राजनीति और ट्रेड यूनियन में दिए गए सेवा और संघर्षों को याद किया गया.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष शाम से समय में विशेष सुधार होगा. सही मेहनत का सही फल मिलने का समय है. समय बहुत ही उत्तम है. धन का आगमन होगा, पर यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद-विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें.

वृष गलत खर्च में नियंत्रण अति आवश्यक है. मानसिक तनाव खत्म होगा, पर खर्च में वृद्धि होगी. विरोधी हार मानेंगे, पर बहुत जल्दी आय के द्वार भी खुल रहे हैं. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. कोई छोटा निवेशादि लाभ देंगे.

मिथुन समय सामान्य है. जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. धन लाभ होगा. कुछ धर्म और सत्कर्म भी किया विवाद से बचें.

कर्क समय बहुत ही उत्तम है. अधिक धन भी उन्माद का कारण बनता है. इस बात का ध्यान रखें. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. पराक्रम से वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग को अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

सिंह समय सामान्य है. किसी से विवाद से मानहानि हो सकती है. कुछ मानसिक तनाव हो सकता है. परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

कन्या व्यापार में लाभ का योग है. आय में कुछ कमी होगा थोड़े समय के लिए. कोई कार्य करने या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम में वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार की प्राप्ति हो सकती है.

तुला व्यापार में निवेश करने का समय बहुत ही अच्छा है. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी.परिवार का सुख सहयोग मिलेगा.निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. कार्य होगा, पर दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

वृश्चिक गलत लोगों से बचें. नेत्र रोग से परेशानी होगी. खान पान पर विशेष ध्यान रखें. रोग शत्रु से बचें. अचानक कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. यदि कोई छोटी यात्रा हो तो यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा.

धनु प्रेम में मधुरता होगी. पर क्रोध से बचें. खास कर बच्चों से विशेष प्रेम करें. शिक्षा में सुधार होगा पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है.निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है.

मकर रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा. पर इसके लिए विशेष प्रयास करना होगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा. कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. पराक्रम सिद्ध करने का समय है.

कुंभ पराक्रम में वृद्धि होगी. आने वाले कुछ विवाद भी होगा. कार्य करें पर सजग रहें. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. आपके कार्य और प्रभाव से रूके हुए काम बन सकते हैं.

मीन पैतृक धन का आगमन होगा. धन आगमन के लिए दिन अच्छा है. धर्म मे व्यय होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देंगे कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें. आय अच्छी होगी.

खूंटी में दो बाइक की टक्कर में जम्हार चर्च के फादर की मौत

खूंटी। जिले के जरियागढ़ थानांतर्गत डोड़मा-गोविंदपुर रोड पर दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में आरसी विद्यालय जम्हार के फादर फुलजेम्स बागे (49) की मौत हो गई. फादर फुलजेम्स बागे मंगलवार की शाम अपनी मोटरसाइकिल से मुरहू के हस्सा स्थित संत नॉबर्ट चर्च से जम्हार लौट रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में पक्की सड़क पर गिरने से फादर के सिर पर गंभीर चोट लगी. उसे सदर अस्पताल खूंटी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया.

फंदे पर लटकता महिला का शव, हत्या का लगाया आरोप

खूंटी। कर्रा थाना क्षेत्र के कांटी पोड़ाटोली से मंगलवार की देर रात फंदे पर लटका महिला का शव मिला. मृतक महिला बुधन देवी (21) है. सदर अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया. बुधन देवी के मायके वाले इसे हत्या का मामला बता रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि पति सहित सांस-ससुर और जेठ बुधनी को बराबर प्रताड़ित करते थे. ससुराल में उसके साथ हमेशा मारपीट की जाती थी. उन्होंने कहा कि बुधन देवी ने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है. घटनास्थल पर जमीन पर खून के निशान हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण

खूंटी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग ने बुधवार को लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूंटी में मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अड़की व कर्रा प्रखंड-अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों और शिक्षकों को निर्वाचन कार्य से संबंधित गहन प्रशिक्षण दिया गया. तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई.

एक से चार नवंबर तक चलेगा एफडीआई अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता मूट 2024

एनयूएसआरएल की टीम मध्यस्थता मूट में भाग लेने जाएगी बर्लिन

संवाददाता। रांची

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के छात्रों की एक उत्कृष्ट टीम ने एफडीआई अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता मूट 2024 (दक्षिण एशिया राउंड) में सेमीफाइनलिस्ट के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है. इस टीम में सार्थक कुमार, लीजा गुप्ता, सूर्यांश सिंह, एयलाह सिंह और अभिनव शुक्ला शामिल हैं. कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बदौलत इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए बर्लिन जाने का अवसर मिला है. टीम ने अपनी उत्कृष्टता के बदौलत प्रतियोगिता के टॉप फोर में जगह बनाई है. इन्हें 1-4 नवंबर, 2024 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय राउंड में हिस्सा लेना है.

छात्रों की सफलता सामूहिक प्रयास का प्रमाण है: सोनी भोला

एनयूएसआरएल के छात्रों ने न केवल अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश का मान भी बढ़ाया है. टीम ने जटिल कानूनी मुद्दों जैसे क्रमिक स्पष्टीकरण, तृतीय पक्ष फंडिंग, लागत की सुरक्षा और प्रतिकूल निष्कर्ष निकालने की शक्तियों को सफलतापूर्वक संबोधित किया. मूट कोर्ट की संयोजक सोनी भोला ने कहा कि हमारी टीम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है. सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर रिसर्च किया और शिक्षकों के मार्गदर्शन से संदेहों का समाधान किया. उनकी यह सफलता केवल व्यक्तिगत प्रतिभा का परिणाम नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय के बेहतरीन माहौल और सामूहिक प्रयास का भी प्रमाण है.

छात्र आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे : उपकुलपति

उपकुलपति डॉ प्रो अशोक आर पाटिल ने कहा कि हमारे छात्रों की प्रतिभा अब स्पष्ट रूप से सामने आ रही है. उनकी मेहनत के परिणाम सामने आ रहे हैं. मुझे विश्वास है कि वे आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे. पूरे विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं हैं कि वे इस प्रतियोगिता में सफल होकर लौटें. इस प्रकार, एनयूएसआरएल के छात्र न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के लोगों के साथ की बैठक

सुविधा ऐप से नामांकन प्रक्रिया में मिलेगी सुविधा

रांची में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार.

संवाददात। रांची

बुधवार को विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लोगों के साथ बैठक की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा. निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपये की खर्च सीमा तय की गई है. प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है. इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाती है.

उन्होंने सभी को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा (SUVIDHA) ऐप बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है. साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है. इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी. उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार, निर्वाचन प्रक्रिया, स्टार कैंपेनर, राजनीतिक दल आदि के लिए राज्य द्वारा कुछ नियम बनाए गए हैं, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी क्या करे, क्या नहीं करें की निर्देशिका जारी की गई है. मौके पर सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील ने चुनाव में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, सुविधा एप्प, केवाईसी आदि प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाले विभिन्न एप्लिकेशनों के इस्तेमाल के विषय में बिंदुवार जानकारी दी. इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

सड़क चकाचक करने का काम शुरू

शुभम संदेश इंपैक्ट

संवाददाता। मेदिनीनगर

लगातार न्यूज व शुभम संदेश में प्रकाशित खबर का असर हुआ. इस पर ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता (ईई) ने संज्ञान लेते हुए गुणवत्ताहीन सड़क को चकाचक करने का कार्य शुरू कर दिया है. गुणवत्ताहीन सड़क आज तय मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है.

स्थानीय ग्रामीणों की सक्रियता और जिला प्रशासन की निगरानी ने इस बेहतर सड़क के निर्माण में बेहद भूमिका अदा की है. बता दें कि लगातार न्यूज ने मंगलवार को कौड़िया ग्रामीणों की शिकायत पर एक खबर प्रसारित की थी. जिस पर पलामू उपायुक्त शशि रंजन और कार्यपालक अभियंता ने संज्ञान लेते हुए सड़क ठीक करने का आदेश दिया था. इसके बाद बुधवार को संबंधित ठेकेदार द्वारा फिर से सड़क को उखाड़ कर बनाया जा रहा है. इधर स्थानीय ग्रामीणों ने शुभम संदेश व लगातार न्यूज के इस प्रयास के लिए आभार प्रकट किया.

मुख्यालय में प्रतिनियुक्त हुए छह पुलिस पदाधिकारी

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय में दो इंस्पेक्टर समेत छह पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए. डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जिनको पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया, उसमें इंस्पेक्टर अजय कुमार, महेंद्र दास के अलावा सब इंस्पेक्टर हेमंत भगत, ऋषिकेश कुमार सिन्हा, ललित खलखो और प्रीति कुमारी शामिल है.

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी कल रांची में

रांची। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 18 अक्तूबर को रांची पहुंचेंगे. यहां वे राजद के नेताओ-कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे. प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि तेजस्वी यादव सीट शेयरिंग पर भी चर्चा करेंगे.

चुनाव की घोषणा से पूर्व ही

भारतीय वन सेवा के 20 अफसरों को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने 20 आईएफएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. चुनाव की घोषणा से पहले इन अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. वन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है.

नाम	कहां का मिला अतिरिक्त प्रभार
सत्यजीत सिंह	अध्यक्ष, झारखंड जैव विविधता पर्षद
डीके सक्सेना	अप्र निदेशक, प्रसार वानिकी, संथाल परगना, दुमका
पारितोष उपाध्याय	अप्र निदेशक, प्रसार वानिकी, दक्षिणी छोटानागपुर
संजीव कुमार	अप्र अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य नियोजना
रवि रंजन	अप्र निदेशक, प्रसार वानिकी, उत्तरी छोटानागपुर पलामू हजारीबाग
कुमार मनीष अरविंद	अप्र झारखंड सहभागी वन प्रबंधन परियोजना, रांची
एसआर नटेश	अप्र मख्य वन संरक्षक कार्मिक अराजपत्रित
आर थांगा पांडियन	महाप्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना अंचल, रांची
पीआर नायडू	अप्र निदेशक राज्य वन विकास निगम लिमिटेड
ममता प्रियदर्शी	महाप्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना अंचल, हजारीबाग
सौरभ चन्द्रा	अप्र, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी वन प्रमंडल, दुमका
विजय शंकर दूबे	वन प्रबंधन परियोजना, रांची
मनीष तिवारी	अप्र वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, गिरिडीह
विकास कु. उज्जवल	अप्र वन प्रमंडल पदाधिकारी सामाजिक वानिकी प्रमंडल हजारीबाग
श्रीकांत वर्मा	अप्र वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रचार एवं प्रसार प्रमंडल, रांची
मौन प्रकाश	अप्र, वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोड्डा वन प्रमंडल, गोड्डा
अंकित कुमार सिंह	अप्र महाप्रबंधक, लघु वन पदार्थ अंचल, गिरिडीह
अवनीश कुमार चौधरी	अप्र वन संरक्षक, योजना अंचल, रांची
अहमद बिलाल अनवर	अप्र वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा
आलोक कुमार वर्मा	अप्र वन प्रमंडल पदाधिकारी, पोडाहाट वन प्रमंडल, पोडाहाट

नरबली के जुर्म में जेल में बंद थे तीनों

जेल में बंद साबिया, सबा और शहजादी सात साल बाद निकलेंगी जेल से बाहर

विनित आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने 6 वर्षीय मासूम की नरबली के जुर्म में जेल में बंद तीन दोषियों को जमानत दे दी है. दरअसल गुमला सिविल कोर्ट ने वर्ष 2017 में चार लोगों साबिया, सब्बा, शहजादी और जमील को नरबली के जुर्म में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी. इसके खिलाफ तीनों दोषियों ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी. इस केस के चौथे दोषी जमील को हाईकोर्ट से पहले ही बेल मिल चुकी है. साबिया, सब्बा और शहजादी की अपील पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई. दोषियों की ओर से हाईकोर्ट की अधिवक्ता शौर्या द्विवेदी ने बहस की. साबिया, सब्बा और शहजादी तीनों सगी बहनें हैं. इनके खिलाफ एक छह वर्षीय मासूम की बली देने का जुर्म सिद्ध हुआ था. निचली अदालत द्वारा सजा सुनाये जाने के बाद तीनो दोषी सात वर्ष से जेल की सलाखों के पीछे थी. हाईकोर्ट लीगल सर्विस पैनल के जरिये दोषियों ने अधिवक्ता शौर्या द्विवेदी को अपना अधिवक्ता नियुक्त किया था.

झारखंड वित्त अवर अंकेक्षण सेवा नियमावली हो गई लागू

केंद्र सरकार के विभागों में भी होगी वित्त विभाग के अंकेक्षकों की प्रतिनियुक्ति

- शैक्षणिक संस्थानों के साथ स्थानीय निकाय, बोर्ड व सहकारी समिति में भी दे सकेंगे सेवा

प्रमुख संवाददाता। रांची

अब वित्त विभाग में अंकेक्षण सेवा के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति स्थानीय निकाय, बोर्ड, सहकारी समिति और शैक्षणिक संस्थानों में भी की जा सकेगी. इसके साथ ही इस कैडर के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति मांग एवं उपलब्धता के आधार पर राज्य या केंद्र सरकार के किसी भी विभाग में विभागीय सहमति के बाद की जा सकेगी. इसके लिए वित्त विभाग ने झारखंड वित्त अवर अंकेक्षण सेवा नियमावली लागू कर दी है. इस नियमावली के तहत केंद्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार के पूर्णतः या अंशतः नियंत्रण वाले किसी कार्यालय में, उनकी मांग के अनुरूप प्रतिनियुक्ति की जा सकेगी.

सेवा संपुष्टि के लिए दो साल संतोषजनक पूरा करना होगा काम : सेवा संपुष्टि के लिए दो वर्षों की परीक्ष्यमान अवधि संतोषजनक रूप से पूर्ण करना होगा. कार्मिक विभाग द्वारा संचालित हिंदी टिप्पण व प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा. परीक्ष्यमान अवधि में निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा. इस संवर्ग के कर्मियों को राजस्व पर्षद द्वारा आयोजित कम्प्यूटर ज्ञान व टंकण परीक्षा भी पास होना अनिवार्य होगा. राजस्व पर्षद द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा में पास होने के बाद ही सेवा संपुष्टि की जायेगी. परीक्ष्यमान अवधि में किसी तरह का दंड अधिरोपित होने की स्थिति में परीक्ष्यमान अवधि बढ़ायी जा सकेगी, जो अधिकतम दो वर्ष तक होगी. सभी विभागीय परीक्षा उत्तीर्णता के बाद अधिकतम दो वेतन वृद्धि तक दी जायेगी व अगली वेतन वृद्धियों नियमित रूप से सेवा संपुष्टि के बाद यथा नियम अनुमान्य होगी.

■ सीधी नियुक्ति से भरे जाएंगे 145 अंकेक्षक के पद : नियमावली के तहत सीधी नियुक्ति से 145 अंकेक्षक के पद भरे जाएंगे. प्रथम प्रोन्नति से वरीय अंकेक्षक के 72 पद भरे जाएंगे. द्वितीय प्रोन्नति से अंकेक्षण पदाधिकारियों के 36 पद भरे जाएंगे. सीधी नियुक्त की प्रक्रिया झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसा प्राप्त होने के बाद पूरी की जाएगी.

नव प्रोन्नत एएसआई को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया

संवाददाता। रांची

रांची पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में नव प्रोन्नत एएसआई को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया. मौके पर एसएसपी, सिटी एसपी, कोतवाली और सदर डीएसपी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे. एसएसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लायें, जिससे खुद के साथ-साथ रांची पुलिस की भी अच्छी छवि बन सके. सम्मानित किये गये नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों में खुशी साफ झलक रही थी. बता दें कि झारखंड पुलिस मुख्यालय ने बीते दिनों करीब दो हजार पुलिसकर्मियों को प्रोन्नतिदी थी.

राजनीतिक हलचल विधायक रामचंद्र सिंह के लिए खतरे की घंटी, हर तरफ इसकी चर्चा

कांग्रेस ने की जिलाध्यक्ष को मैदान में उतारने की तैयारी

आशीष टैगोर। लातेहार

मनिका के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के लिए खतरे की घंटी बजती सुनाई दे रही है. कांग्रेस का एक बड़ा तबका अपना प्रत्याशी मैदान में उतारने की तैयारी में है. अगर ऐसा हुआ तो कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के लिए चुनाव की डगर आसान नहीं होगी. मनिका में कांग्रेसियों ने एक बैठक की है और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव को आसन्न विधानसभा चुनाव में मनिका से अपना प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है. कांग्रेसियों ने कहा कि अगर संगठन मुनेश्वर यादव को टिकट नहीं देती है तो उन्हें निर्दलीय मैदान में उतारा जायेगा.

मुनेश्वर उरांव ने शुभम संदेश से कहा

जनता चाहेगी तो चुनाव अवश्य लड़ेंगे

इससे पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं मुनेश्वर उरांव

बता दें कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं. साल 2014 के विधानसभा चुनाव में मुनेश्वर उरांव ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और 27,731 मत हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे. भाजपा के हरिकृष्ण सिंह (31,583) ने राजद के रामचंद्र सिंह (30,500) को मात्र 1583 वोटों से हराया था. इससे पहले साल 2009 के विधानसभा चुनावों में मुनेश्वर उरांव ने झारखंड जनाधिकार मंच के टिकट से चुनाव लड़ा था और चौथे स्थान (7,425) पर रहे थे. भाजपा के हरिकृष्णा सिंह ने (18,645) कांग्रेस के रामेश्वर उरांव (16,876) को हराया था.

24अक्टूबर को नामिनेशन करेंगे मुनेश्वर उरांव : राजकिशोर सिंह

कांग्रेस पार्टी की एक बैठक मनिका में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में बूथ व पंचायतों के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भाग लिया. बैठक में जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव को मनिका से कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने की मांग की गयी. राजकिशोर सिंह ने कहा कि अगर संगठन मुनेश्वर उरांव को टिकट नहीं देती है तो मुनेश्वर उरांव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 24 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगें. बैठक में मोहन ठाकुर, मिथिलेश पासवान, अख्तर अंसारी, दिलीप राम व पवन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे. हालांकि इस संबंध में पूछे जाने पर शुभम संदेश से बात करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि वे आम आवाम की इच्छा का सम्मान करते हैं. अगर जनता चाहेगी तो वे अवश्य चुनाव लड़ेंगे.

40वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप पांडिचेरी में कल से

झारखंड ताइक्वांडो की टीम पुडुचेरी रवाना

संवाददाता। रांची

पुडुचेरी ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन और भारतीय ताइक्वांडो महासंघ द्वारा आयोजित 40वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 18 से 20 अक्टूबर को पुडुचेरी के राजीव गांधी इंदौर स्टेडियम में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप के लिए झारखंड ताइक्वांडो की टीम रवाना हुई. टीम झारखंड ताइक्वांडो के वरीय सदस्य व रांची जिला के सचिव सैयद फारुक नदीम कोच के नेतृत्व में धनबाद अल्लपुजा एक्सप्रेस से रवाना हुई. देवघर, हजारीबाग, रांची, धनबाद जमशेदपुर, गोड्डा के खिलाड़ियों का चयन देवघर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में किया गया था. खिलाड़ियों, जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे, उनमें अविनाश नारायण सिंह,आदित्य नारायण सिंह, रोशन कुमार चौहान, उत्कर्ष सिंह, हर्षित राज, चेतन कुमार, दीपक कुमार, मनजीत सिंह, अकीब जावेद. महिला खिलाड़ीयों में बुधेश्वरी कुमारी, राजनंदिनी, नीरा कुमारी, अंजली केशरी शामिल है. सभी खिलाड़ियों को झारखंड ताइक्वांडो के सचिव नीरज कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष बमबम कुमार देव, संयुक्त सचिव रबीउल हुसैन, दिलीप कुमार, राजीव रंजन, देवघर ताइक्वांडो के अध्यक्ष अनूप कुमार, संरक्षक जेसी राज ने खिलाड़ियों को बधाई दी. साथ ही जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी.

आत्म चिंतन का सुझाव

मुख्य चुनाव आयुक्त ने मीडिया सहित सभी संबंधित संस्थानों को आत्म चिंतन करने का सुझाव दिया है. चुनावों की पारदर्शिता, स्वतंत्रता, निष्पक्षता और सभी के लिए समान जमीन की उपलब्धता को ले भारत में अनेक तबकों के बीच से सवाल उठते रहे हैं. इस बार तो इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को ले कर हरियाणा में जिस तरह के सवाल उठे हैं,उसके जवाब की प्रतीक्षा अब तक की जा रही है. देश के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार कांग्रेस ने हरियाणा के चुनाव परिणामों को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया दी और उस पर चुनाव आयोग ने जिस तरह का जवाब दिया,उसे ले कर भी अनेक सवाल उठाए जा रहे हैं. इस बीच झारखंड और महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों के एलान के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने एग्जिट पोल,उसकी प्रक्रिया,सर्वेक्षण सैंपल और उसकी प्रमाणिकता को ले कर सवाल उठाया है. इसके साथ ही हरियाणा का उल्लेख करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने वोटों के गिनती और रुझानों के मीडिया पर आने के समय को ले कर जो सवाल उठाए हैं, वह भी ऐतिहासिक है. चुनाव आयोग ने लोगों के बीच संशय को खत्म करने के बजाय और पेचीदा हालात तो नहीं बना दिए हैं. यह सवाल भी उठ रहा है क्या सच में हकीकत का सामना किया जा रहा है. दरअसल यह बात अनेक महत्वपूर्ण हलकों से कही जा रही है. लोकतंत्र में चुनावों को हर हाल में निष्पक्ष बनाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है. किसी तरह का संदेह और सवाल न उठे इसकी गारंटी भी चुनाव आयोग ही कर सकता है. महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष बना कर चुनाव आयोग अपनी गरिमा में वृद्धि ही करेगा. अतीत में चुनाव आयोग ने समय-समय पर उठने वाले सवालों को ले कर संजीदगी का प्रदर्शन किया है और चुनाव की प्रक्रिया को पूरी तरह गरिमामयी बनाने के लिए प्रयास किए हैं. यही कारण है कि दुनिया भर में भारत के चुनाव आयोग की साख है, लेकिन देश के भीतर पिछले कुछ समय से इस साख पर संशय के बादल मंडराते रहे हैं. चुनावों में मतदान खत्म होने से लेकर वोटों की गिनती वाले दिन तक एग्जिट पोल आने, फाइनल रिजल्ट आने से पहले रुझानों और परिणामों के ट्रेंड बताए जाने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की कड़ी प्रतिक्रिया एक अच्छी शुरुआत कही जा सकती है. राजीव कुमार ने कहा कि एग्जिट पोल्स के एक उम्मीद सेट करने से बहुत बड़ा अवरोध पैदा हो रहा है. मीडिया के लिए भी यह बड़ा आत्ममंथन का विषय है. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि पिछले कुछ चुनावों से दो-तीन चीजें एक साथ हो रही हैं. अगर हम इस पूरे संदर्भ को एक साथ देखें तो यह समझना सभी के लिए बेहद जरूरी है, जिसमें पहले एग्जिट पोल आते हैं, जिसके बारे में कुछ पता नहीं कि उसका सैंपल साइज क्या था, उसका सर्वे कहां हुआ और उसका रिजल्ट कैसे आया. ऐसे में अगर कोई एग्जिट पोल नतीजों से मैच नहीं हुआ तो क्या आयोग की जिम्मेदारी है? इस पर चिंतन करने की जरूरत है.

> लोकतंत्र में चुनावों को हर हाल में निष्पक्ष बनाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है. किसी तरह का संदेह और सवाल न उठे इसकी गारंटी भी चुनाव आयोग ही कर सकता है.

सुभाषित

न प्रहृष्यति सन्माने नापमाने च कुप्यति।
न क्रुद्धः परूषं ब्रूयात् स वै साधूत्तमः स्मृतः॥

मनुस्मृति में श्रेष्ठ सज्जन को इस प्रकार परिभाषित किया गया है. जिन्हें सम्मान दिये जाने पर हर्ष नहीं होता. जिन्हें अपमानित किये जाने पर भी क्रोध नहीं आता. जो अत्यधिक क्रोध आने पर भी कठोर वचन नहीं बोलते, वैसे ही लोगों को सज्जनों में श्रेष्ठ कहा गया है.

जानलेवा है कार्यस्थल का तनाव

पुणे की घटना भी सुर्खियों में नहीं आती अगर मृत महिला कार्यपालक की माता ने अपने मार्मिक एवं विस्तृत पत्र के माध्यम से घटना को उजागर नहीं किया होता. पत्र के अनुसार उक्त कर्मी पर कार्य का दबाव उसकी बर्दाश्त करने की क्षमता से अधिक था, जिसकी परिणति इस दुखद घटना में हुई. श्रम एवं नियोजन मंत्रालय ने ऐसे संकेत तो दिए हैं कि घटना की गंभीरता से जांच की जाएगी.

• देश-काल

डॉ. प्रमोद पाठक

तेज रफ्तार के इस दौर में समाज का संस्कार और समाज की मानसिकता बदल गई है. मनुष्य बस एक मशीन बन गया है.एक पागलपन का दौर चल रहा है. प्रबंधन विज्ञानी इसे रैट रेस यानी चूहा दौड़ कहते हैं.इस चूहा दौड़ के परिणाम घातक साबित हो रहे हैं.अत्यधिक तनाव इस चूहा दौड़ की बड़ी त्रासदी है, जिससे बचना नामुमकिन है.लेकिन जीवन एक लंबी दूरी की रेस है और बहुत तेज दौड़ने वाले बहुत दूर तक नहीं दौड़ पाएंगे किंतु यह सोचने की फुर्सत किसे है.पिछले दिनों एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की पुणे की शाखा में कार्यरत एक युवा महिला कार्यपालक इसी मानसिकता का शिकार हुई और उसे जान से हाथ धोना पड़ा. कार्यस्थल के अत्याधिक तनाव का दबाव वह नहीं झेल पाई .दरअसल आज के कार्यस्थल पूरी तरह से मशीनी हो गए हैं जिसमें इंसानी भावनाओं के लिए जगह है ही नहीं.सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धि के इस युग में इन कार्यस्थलों में काम करने वाले लोग रोबोट की तरह हो गए हैं. उन पर अधिक से अधिक उत्पादन करने का अनावश्यक दबाव दिया जाता है जिसे प्रबंधन की भाषा में टारगेट कहते हैं. उत्पादकता बढ़ाने के चक्कर में इंसान का मशीनीकरण हो गया है. बहुराष्ट्रीय कंपनियां कर्ण प्रिय मुहावरे बनाकर अपनी छवि युवाओं के लिए तो आकर्षक बनाती हैं लेकिन वहां के कार्य संस्कृति की सच्चाई कुछ और ही है.पुणे की घटना तो महज एक उदाहरण है .आज के कार्यस्थल की भयावह परिस्थिति को दर्शाने वाले ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे.

पुणे की घटना भी सुर्खियों में नहीं आती अगर मृत महिला कार्यपालक की माता ने अपने मार्मिक एवं विस्तृत पत्र के माध्यम से घटना को उजागर नहीं किया होता. पत्र के अनुसार उक्त कर्मी पर कार्य का दबाव उसकी बर्दाश्त करने की क्षमता से अधिक था जिसकी परिणीति इस दुखद घटना में हुई. श्रम एवं नियोजन मंत्रालय ने ऐसे संकेत तो दिए हैं कि घटना की गंभीरता से जांच की जाएगी.लेकिन प्रश्न है कि क्या इस तरह के अनावश्यक दबाव से पीड़ित कार्यपालक खुद को बचा पाएंगे. उक्त घटना के बाद बहुत से ऐसे अन्य जगह के कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए हैं और कार्यस्थल की यह दबी हुई सच्चाई आज सामने आ रही है.उत्पादकता बढ़ाने का दबाव आज के प्रबंधकों की सबसे बड़ी प्राथमिकता है. इसके पीछे अवधारणा यह है कि इस तरह से कार्यपालकों से अधिक से अधिक काम लेकर उत्पादन प्रक्रिया को अधिक लाभदायक बना दिया जा सकता है.किंतु ऐसी नीतियां कर्मियों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं जिसका नतीजा पुणे जैसी दुखद घटनाओं में हम देख सकते हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस तरह के दबाव से उत्पन्न मानसिक स्थिति को वर्ष 2019 में बर्नआउट का नाम दिया था.बर्नआउट अत्यधिक दबाव से पैदा हुए मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को कहा जाता है जिसके चलते कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं. कैसी विडम्बना है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए दिया गया यह दबाव अंततः कार्य के प्रति अरुचि बढ़ाता है और कार्य क्षमता को घटा देता है. अक्सर कर्मचारी इन परिस्थितियों में चुका हुआ महसूस करते हैं. मनोविज्ञान के शोध में आज से 100 साल से भी ज्यादा पहले यह स्थापित किया गया है कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए दबाव नहीं, बल्कि कार्यस्थल को खुशहाल बनाना ज्यादा जरूरी है. कर्मियों की उत्पादकता उनके सुखद मानसिकता पर अधिक निर्भर है ना कि दबाव द्वारा उत्पन्न हुए भय, असुरक्षा और तनाव के माहौल पर.पर सुनता कौन है.

अब पुणे की ही घटना की बात करें. जिस कंपनी में यह दुखद घटना घटी वहां कर्मियों को चेतावनी दी जा रही है कि इस मामले पर कुछ भी बोलना उनके लिए नुकसानदेह होगा. जिस प्रबंधक के नेतृत्व में वह काम करती थी उनका कथन था की उसे उतना ही काम दिया गया जितना दूसरों को दिया गया था.अतः कार्य की अधिकता उसके दबाव का कारण नहीं थी. प्रबंधकीय भाषा में यह पूरा प्रकरण औद्योगिक संगठन की कार्य संस्कृति से जुड़ा है. प्रबंध विज्ञान की दुनिया भर में मानी हुई पत्रिका हॉवर्ड बिजनेस रिव्यू की एक शोध में यह पाया गया कि जब कोई कर्मचारी दबाव महसूस कर रहा हो या क्षुब्ध हो तो उसके वरिष्ठ प्रबंधक क्या कहते या करते हैं इसका बहुत असर पड़ता है.आज की ज्यादातर बहुराष्ट्रीय कंपनियां मुनाफा के दौड़ में कर्मचारियों की आहुति देने से भी परहेज नहीं करते.इस मामले में टाटा कंपनी के प्रबंधन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है. किसी भी संगठन की कार्य संस्कृति उसके शीर्ष प्रबंधकों के व्यवहार पर निर्भर करती है. आज आवश्यकता है कार्य स्थलों को कर्मी हितैषी बनाने की ताकि कोई भी कर्मी अपने मन की बात शीर्ष प्रबंधन से कह सके. किंतु आज के प्रबंधन की दुनिया में इसके विपरीत बोलना मना है का सिद्धांत प्रचलित है.आज मुनाफा और उत्पादकता की अंधी दौड़ में मानवीय संवेदनाएं लुप्त हो रही हैं एवं कर्मियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है. खास करके, जहां पेंशन की व्यवस्था नहीं है वहां अधिक से अधिक काम करके भविष्य के लिए इंतजाम करने के लिए लोग अपना जीवन दांव पर लगा देते हैं. यदि कर्मचारी भविष्य की सुरक्षा के प्रति आशान्वित रहेगा तो अधिक उत्पादक तो रहेगा ही साथ ही उसके उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर होगी. दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है की कई बार सरकारें भी इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करतीं कि पेंशन की सुरक्षा कर्मियों को अपने कार्य जीवन में अधिक लगन से काम करने को प्रेरित करती है.आंकड़े बताते हैं कि भारत में कार्यस्थल मशीनी बन गए हैं. कोई 51 फ़ीसदी कर्मी प्रति सप्ताह 49 घंटे या उससे अधिक काम करते हैं. इस लिहाज से कई पश्चिमी देश काफी बेहतर स्थिति में है जहां ज्यादातर लोग 32 से 33 घंटे प्रति सप्ताह काम करते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय

अलौकिक प्रेम

श्रीकृष्ण अब राजा बन गए थे. स्वाभाविक है कि राजकाज के लिए समय देना ही पड़ता. स्वयं भगवान ही जिन्हें राजा के रूप में मिल गए हों, उनकी प्रसन्नता की कोई सीमा होगी. द्वारकावासी दिनभर उन्हें घेरे रहते. जो एक बार दर्शन कर लेता, वह तो जाने का नाम नहीं लेता. बार बार आता. प्रभु मना कैसे करें और क्यों करें? ब्रज से दूर श्रीकृष्ण हमेशा अकेलापन महसूस करते. उन्हें गोकुल और ब्रज हमेशा याद आता. जिस भी ब्रजवासी के मन में अपने लल्ला से मिलने की तीव्र इच्छा होती, श्रीकृष्ण उसे स्वप्न में दर्शन दे देते. स्वप्न में आते तो उलाहना मिलती, इतने दिनों से क्यों नहीं आए. यही सिलसिला था. भक्त और भगवान वैसे तो दूर दूर थे. फिर भी स्वप्न में ही दर्शन हो जाएं तो ऐसे भाग्य को कोई कैसे न सराहे. श्रीकृष्ण से विरह से सबसे ज्यादा व्याकुल तो राधाजी थीं. राधा और कृष्ण मिलकर राधेकृष्ण होते थे पर दोनों भौतिक रूप से दूर थे. एक दिन की बात है. राधाजी सखियों संग कहीं बैठी थीं. अचानक एक सखी की नजर राधाजी के पैर पर चली गई. पैर में एक घाव से खून बह रहा था. राधा जी ने गोपियों को बहलाने का प्रयास तो किया पर सफल नहीं रहीं. किसी ने भी उनकी इस बात का विश्वास न किया. प्रश्नों से भाग रही थीं, अब पलटकर फिर से प्रश्न शुरू हो गए. सखियों ने पूछा, यदि यह घाव कान्हा के पैरों के नाखून से हुआ तो अबतक सूखा क्यों नहीं? कान्हा को गए तो कई बरस हो गए हैं. इतने में तो कोई भी घाव सूख जाए. देखो कुछ छुपाओ मत. हमसे छुपा न सकोगी. आज नहीं तो कल पता तो चल ही जाएगा. सो अच्छा है कि आज ही बता दो. राधा जी समझ गईं कि सखियों को आधी बात बताकर बहलाया नहीं जा सकता. वह तो अपने कन्हैया से आज ही रात स्वप्न में पूछ लेंगी. बात तो खुल ही जाएगी इसलिए बता ही देना चाहिए. राधा जी बोलीं, घाव तो सूखता तब न, जब मैं इसे सूखने देती. मैं रोज इसे कुरेदकर हरा कर देती हूं. सखियों की तो आंख फटी रह गई, यह सुनकर कि राधा जी घाव को हरा कर रही हैं. यह तो बड़ी विचित्र बात हुई. सबके चेहरे पर एक साथ कई भाव आए. अब राधा जी से फिर से प्रश्नों की झड़ी लगने वाली थी. इससे पहले कि कोई कुछ कहे राधाजी ने ही बात पूरी कर दी. राधा जी के पैर में चोट लगी है, घाव से खून बह रहा है. सभी चिंतित हो गए कि उन्हें यह चोट लगी कैसे. लगी भी तो किसी को पता क्यों न चला.

शालीनता और सादगी की एक मिसाल

• स्मृति

जगदीश रत्नानी

पद्म विभूषण रतन नवल टाटा का निधन टाटा समूह और भारतीय व्यापार व उद्योग की व्यापक दुनिया के लिए एक युग का अंत है. टाटा समूह का उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक नेतृत्व किया. टाटा समूह के प्रमुख के रूप में रतन टाटा का कार्यकाल उदारीकरण के युग के साथ का सह-टर्मिनस था जिसने भारतीय व्यापार परिदृश्य को नाटकीय रूप से बदल दिया और उसे साहसिक दांव, गहरे बदलाव और नई दिशाओं में ले गया. इनमें से कुछ भी आसान नहीं था, विशेष रूप से यह देखते हुए कि रतन टाटा को उस समूह को स्थानांतरित करने का काम सौंपा गया था जो हिंदू विकास दर की भारतीय कहानी का इतर हिस्सा था. उन्होंने इसे तेजी से आगे बढ़ाने और उच्च स्तर पर देखने की जिम्मेदारी उठाई.

इसका मतलब था बदलाव करना. अर्थात रतन टाटा पहले टाटा कंपनी को पुराने नियंत्रण से मुक्त कर अपने पूर्ण नियंत्रण ले सकें और फिर संगठन को दायरे और आकार पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर सकें. दुनिया की सबसे सस्ती कार का निर्माण (या लोगों की कार, जैसा नैनो को कहा जाता था), सॉफ्टवेयर दिग्गज टीसीएस को सार्वजनिक करना, टेटली और जगुआर लैंड रोवर को खरीदना उनके करियर की कुछ झलकियां हैं जिन्होंने समूह को हिलाकर रख दिया लेकिन इसके बावजूद जहाज को स्थिर रखा. यह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा थी. रतन टाटा शांति के साथ काम करना पसंद करते थे इसलिए इस यात्रा को इसके सभी विस्तार के साथ कभी भी पूरी तरह से नहीं बताया गया. अपने पूर्ववर्ती जेआरडी टाटा के आकर्षण और चुंबकत्व के बिल्कुल विपरीत रतन टाटा अपने पूरे जीवन में अंतर्मुखी बने रहे.

जेआरडी स्पष्ट रूप से करिश्माई थे लेकिन रतन टाटा अभी भी एक शालीन नेता के रूप में खड़े थे जिन्होंने आज की बड़बोली और तेजतर्रार व्यापारिक दुनिया में शिष्टता और समझदार तरीके को बनाए रखा था. एक ऐसे युग में जब व्यापारिक नेता सोशल मीडिया पर अनिवार्य रूप से बोलते हैं, अपनी भड़कीली रुचियों के बारे में बताते हैं या अपनी पहुंच और शक्ति का प्रदर्शन करते हैं, तो ऐसे मामलों में रतन टाटा अलग थे. वे हमेशा सुर्खियों से दूर और अलग-थलग रहे. लगभग बंद दरवाजों के पीछे उन्होंने अपने जीवन के 86 साल बिताये.

> दुनिया की सबसे सस्ती कार का निर्माण (या लोगों की कार, जैसा नैनो को कहा जाता था), सॉफ्टवेयर दिग्गज टीसीएस को सार्वजनिक करना, टेटली और जगुआर लैंड रोवर को खरीदना उनके करियर की कुछ झलकियां हैं जिन्होंने समूह को हिलाकर रख दिया लेकिन इसके बावजूद जहाज को स्थिर रखा. यह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा थी.

टाटा समूह के जाने-माने इतिहासकार स्वर्गीय रूसी एम लाला ने एक बार बातचीत में कहा था- 'रतन टाटा के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है,' और यह कि 'जेआरडी को रतन पर गर्व होगा.' लाला ने कहा था, 'कुछ अर्थों में यह हो सकता है या यह तर्क देना संभव है कि रतन ने जो हासिल किया है- बिना करिश्मे, व्यक्तित्व या जेआरडी के चुंबकत्व के- वह जेआरडी की उपलब्धि से अधिक है. हालांकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जेआरडी लाइसेंस राज से बंधे थे जबकि रतन उदारीकृत युग के तहत प्रदर्शन करने के लिए अपेक्षाकृत स्वतंत्र थे.'

टाटा समूह के अंदरूनी सूत्र के इस आकलन ने रतन टाटा की अनूठी उपलब्धियों के बारे में बहुत कुछ कहा. ये बातें उस समय कही गई थीं जब रतन टाटा ने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी और सायरस मिस्त्री को अध्यक्ष नामित किया गया था. उत्तराधिकार की यह कहानी जो अंततः समूह के लिए, सायरस मिस्त्री के लिए और व्यक्तिगत रूप से रतन टाटा के लिए बहुत गलत साबित हुई. फिर भी रतन टाटा इस झटके से भी उभरे और समूह को लगातार स्थिर रखा. उन्होंने 2017 में समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स के अध्यक्ष के रूप में टीसीएस के तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन चंद्रशेखरन को नियुक्त किया और खुद चेयरमैन एमेरिटस का पद संभाला.

चंद्रशेखरन ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा है- 'टाटा समूह के लिए श्री टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं अधिक थे. मेरे लिए वे एक संरक्षक, मार्गदर्शक और दोस्त थे. वे उदाहरण बनकर प्रेरित करते थे. टाटा समूह ने उनके नेतृत्व में उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा और नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपनी नैतिकता के प्रति हमेशा सच्चे रहते हुए अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार किया.' **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

फिलिस्तीन मसले पर गहरी चुप्पी के मायने

• विमर्श

शेखर गुप्त

गाजावासियों और खासतौर पर फिलिस्तीनियों के लिए भारतीयों के मन में सहानुभूति इतनी कम क्यों है? हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने का समय छोड़ दें तो कोई खास विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं हो रहा है? नसरल्ला के मारे जाने पर भी ज्यादातर विरोध कश्मीर घाटी और लखनऊ के शिया बहुल इलाकों में ही हुआ. कोई प्रमुख राजनीतिक दल, कांग्रेस या मुस्लिम मतों पर भरोसा करने वाला कोई अन्य दल मसलन समाजवादी पार्टी या तृणमूल कांग्रेस इस पर नाराजगी तक नहीं दिखा पाया, विरोध प्रदर्शन तो दूर की बात है. कुछ वामपंथी समूहों ने जरूर पिछले दिनों जंतर मंतर पर फिलिस्तीन के लिए एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया, लेकिन वह बेहद छोटा था. जो 'धर्मनिरपेक्ष' दल शुरू में इस पर बोले, वे जल्द ही वापस अपने खोल में चले गए. वे ऊहापोह में फंस गए और मुझे लगता है कि भारत में बहुसंख्यकों के इजरायल समर्थक रुख को देखकर वे सतर्क हो गए.

कांग्रेस ने वही किया जो वह अक्सर करती है. पहले एक्स पर कुछ कहा गया फिर दूसरों ने इससे इनकार कर दिया और बाद में बहुत संभालकर कुछ लिखा या कहा गया. केवल प्रियंका गांधी ने नाराजगी जाहिर की. उन्हें वायनाड से चुनाव भी लड़ना है, जहां 40 फीसदी से ज्यादा मतदाता मुसलमान हैं. हम विपक्ष की चिंता और सावधानी समझ सकते हैं. सभी को मुसलमानों के वोट चाहिए मगर हिंदुओं को अलग जाने देने की हिम्मत भी किसी के पास नहीं है. इसीलिए बड़ा सवाल यह हैः व्यापक भारतीय जनमानस इतना उदासीन क्यों है? क्या मानवीय त्रासदी अब हमें द्रवित नहीं करती? या तमाम बड़ी शक्तियों की तरह हम भी हर परिस्थिति को राजनीति के चश्मे से देखना सीख गए हैं? तो क्या हिंदू इसे केवल इजरायल बनाम मुस्लिम मसला मान रहे हैं? दलील यह भी हो सकती है कि इसे केवल सांप्रदायिक नजरिये से नहीं देखा जा रहा है बल्कि इसे राष्ट्रीय हित की नजर से भी देखा जा रहा है. अगर फिलिस्तीनी भारत का समर्थन चाहते हैं तो पहले उन्हें पाकिस्तान, ईरान तथा तुर्किये और मलेशिया (हालांकि अब वे कश्मीर का नाम नहीं लेते) जैसे अपने दोस्तों तथा ओआईसी से आग्रह करना होगा कि वे उनके साथ कश्मीर का जिक्र बंद कर दें. वरना भारत को उनकी परवाह क्यों हो?

कश्मीर और फिलिस्तीन को समान बताकर इस्लामिक दुनिया की सहानुभूति जुटाने की पाकिस्तान की कोशिश के कारण ही भारत में कश्मीर पर सहानुभूति खत्म हो गई है. भारत के लोग पाकिस्तान द्वारा कश्मीर का मुद्दा बार-बार उठाए जाने पर नाराज हैं. कश्मीर घाटी के बाहर पूरे भारत की जनता यही कहती हैः 'आखिर कौन सा कश्मीर मुद्दा?' अगर वहां कुछ था भी तो वह 5 पांच अगस्त 2019 को खत्म हो चुका है और अब वहां के चुनाव में 63.88 फीसदी मतदान तथा भाजपा की हार के साथ बात पूरी हो गई है. घाटी में भी पाकिस्तान के नजरिये को मिलने वाला समर्थन तेजी से घट रहा है.

हमने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि हमें इसे 'मुसलमान शत्रु का शत्रु यहूदी हमारा मित्र है' जैसा सरल नहीं मानना चाहिए. ऐसा इसलिए क्योंकि इस्लामिक दुनिया और भारत के बीच समीकरण बदल गए हैं. सोवियत संघ के पतन के बाद इजरायल शायद भारत में सबसे लोकप्रिय देश है.

विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर भारत-इजरायल रिश्तों के बारे में पढ़िए. इसकी शुरुआत इस पंक्ति के साथ होती है कि हम अहम साझेदार हैं. उसके बाद भारत की अन्य व्यापक और अहम साझेदारियों पर नजर डालिए. संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और मिस्र जैसे सबसे ताकतवर इस्लामिक और अरब देश इसमें शामिल हैं. ये सभी इजरायल के पड़ोसी भी हैं. वे इजरायल पर हमलावर ईरान और उसके सहयोगियों की मिसाइलों को मार गिराते रहे हैं. इस स्तंभ में हम ने अक्सर कहा भी है कि राष्ट्रहित हमेशा इस्लाम वाद पर भारी रहा है. ईरान, उसकी शिया बुनियाद और मुस्लिम ब्रदरहुड के साथ उसके रिश्ते उन सभी के लिए साझा खतरा हैं. (बिजनेस स्टैंडर्ड से साभार)

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

> विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर भारत-इजरायल रिश्तों के बारे में पढ़िए. इसकी शुरुआत इस पंक्ति के साथ होती है कि हम अहम साझेदार हैं. उसके बाद भारत की अन्य व्यापक और अहम साझेदारियों पर नजर डालिए. संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और मिस्र जैसे सबसे ताकतवर इस्लामिक और अरब देश इसमें शामिल हैं.

मीडिया में अन्यत्र

परमाणु निरस्त्रीकरण पर बहस छिड़नी चाहिए

हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराने की अमेरिकी करतूत के बाद इन शहरों को अभूतपूर्व तबाही से गुजरना पड़ा था, जिसके 79 साल पश्चात निहोन हिदानक्यो को 2024 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया. इस संगठन ने बच गये लोगों (जिन्हें हिबाकुशा कहा जाता है) के कल्याण के लिए काम किया और परमाणु हथियारों के उन्मूलन की जरूरत पर आम सहमति बनाने की अथक कोशिश की. आज, बम हमलों में बचे लोगों की संख्या बमुश्किल एक लाख से ऊपर है, और हिबाकुशा की औसत उम्र 86 साल से ज्यादा है. बम हमलों में अनुमानतः 1.5 लाख लोगों की मौत हुई और बहुत से अन्य लोगों की मौत रेडियोएक्टिविटी के संपर्क में आने के पश्च-प्रभावों के चलते बाद में हुई. परमाणु बम हमलों की भयावहता और युद्धोपरांत सरकार की निष्क्रियता (जिसका मुख्य कारण हिबाकुशा की पीड़ा की खबरों पर अमेरिकी प्रतिबंध था) हिदानक्यो के गठन के रूप में सामने आयी. उसने हिबाकुशा को चिकित्सकीय एवं कल्याणकारी लाभ दिये जाने की पैरवी की और आंदोलन चलाया तथा परमाणु हथियारों के खिलाफ अडिग रुख अपनाया. उनके नारे में इस पर जोर दिया गया है, "अब और हिबाकुशा नहीं". जापान में अपनी सक्रियता (एक्टिविज्म) के अलावा, हिदानक्यो अपनी पीड़ा साझा करने और दुनिया को परमाणु हथियारों की भयावहता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कई देशों की यात्राओं पर भी गया, जिनमें भारत भी है. नोबेल कमेटी की सराहना करनी होगी कि उसने हिदानक्यो के योगदान को स्वीकार किया. जैसा कि कुछ विद्वान दावा करते हैं, हिदानक्यो की सक्रियता ने जापान में राजनीतिक विमर्श को बृहत्तर लोकतंत्र और न्याय की ओर ले जाने तथा शांतिवाद के उस सिद्धांत के प्रति जनता को संवेदनशील बनाने में मदद की जिसे द्वितीय विश्व युद्ध में पराजय के बाद जापान के संविधान में शामिल किया गया.युद्ध-विरोधी संगठनों की सक्रियता और सामाजिक आंदोलनों (इनमें हिदानक्यो की निःस्वार्थता और यह तथ्य कि वे परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के सीधे भुक्तभोगी थे, एक अलग मुकाम रखते हैं) के बावजूद, परमाणु-शक्ति से लैस राष्ट्रों ने अपने शस्त्रागारों में परमाणु हथियारों को तैयार रखना और इनका इस्तेमाल सैन्य शक्ति के प्रदर्शन के लिए करना जारी रखा है. इसका ताजा उदाहरण रूस का यह साफ बयान है कि वह पारंपरिक हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए अपने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से हिचकेगा नहीं. उसने इस धमकी का इस्तेमाल यूक्रेन पर अपना आक्रमण बेशर्मी से जारी रखने के लिए किया है. **(द हिंदू)**

शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

सहस्र/सहस्त्र

हजार को संस्कृत भाषा में सहस्र कहा जाता है, लेकिन इस शब्द के बोलने और लिखने में बहुत सारे लोग गलतियां करते हैं. वे सहस्र को सहस्त्र बोलते और लिखते पाये जाते हैं. इसका कारण अज्ञानता भी हो सकता है और भ्रम भी. अज्ञानता इसलिए कि वैसे लोगों को इस शब्द का सही ज्ञान नहीं है. भ्रम इसलिए कि सहस्र और सहस्त्र शब्द देखने में एक जैसे लगते हैं. यदि अर्थ के दृष्टिकोण से देखें तो सार्थक शब्द सहस्र ही है, सहस्त्र नहीं. इस संबंध में विचार अपेक्षित है. सहस्र शब्द के अंत में 'स्' और 'र' है, वहीं सहस्त्र के अंत में स्+त्र है. गौर करने की बात यह है कि 'स्र' और 'स्त्र' वाले शब्द संख्या में बहुत कम हैं. जैसे 'स्त्र' वाले शब्द हैं अस्त्र, शस्त्र, वस्त्र, मिस्त्री, शास्त्र आदि. इसी प्रकार 'स्र' से बने शब्द भी अधिक संख्या में नहीं हैं. जैसे सहस्र, स्रोत, स्राव, मिस्र, इस्राइल आदि. इसी प्रकार का भ्रम स्रोत के मामले में भी होता है, जिसे बहुत सारे लोग स्त्रोत बोलते हैं और लिखते भी हैं. स्रोत का मतलब है उद्गम स्थल यानी वह स्थान या वस्तु जहां से कुछ निकलता है या प्राप्त होता है. अगर आप स्रोत की जगह स्त्रोत लिखते हैं तो उसका कोई अर्थ नहीं होता. हां, इससे मिलता-जुलता शब्द है स्तोत्र, जिसका मतलब होता है किसी की स्तुति या प्रशंसा में लिखा गया श्लोक या ग्रंथ. यदि इन शब्दों की वर्तनी और उच्चारण को दिमाग में बैठा लिया जाये तो भविष्य में 'स्र' और 'स्त्र' को लेकर भ्रमित होने की संभावना समाप्त हो जाएगी. आश्चर्य की बात तो यह है कि हिंदी शब्द सागर के ऑन लाइन संस्करण में कहीं सहस्र तो कहीं सहस्त्र ही लिखा मिलता है. ऐसा लगता है कि जिन लोगों ने इस शब्द को कंपोज किया होगा, वे स्वयं ही सहस्त्र ही लिखने-बोलनेवाले होंगे और उसकी ढंग से प्रूफ रीडिंग नहीं की गयी होगी.

जब हुआ मेरा पुतला-दहन

• तीर-तुक्का

प्रमोद यादव

जब-जब देश, राज्य या शहर-कस्बे में कोई बड़ा घोटाला होता है, भ्रष्टाचार होता है या कोई बड़ा नेता कोई बड़ा ही बेतुका बयान बकता है तब 'पुतला-दहन' का पावन पर्व शुरू हो जाता है और फिर सियासत गरमा जाती है. देश स्तर पर होता है तो यह कार्यक्रम बिजली की गति से शहर-दर-शहर सफ़र करता है(टीवी न्यूज के माध्यम से) और कसबे या शहर स्तर का होता है तो राज्य के किसी मंत्री-संत्री या मुख्य- मंत्री का पुतला फूंक अपनी अंतरात्मा को शांत कर लेते हैं. पुतला-दहन से हमेशा की तरह होता कुछ नहीं...ना सरकार कभी इससे जलती (गिरती) है ना ही कोई मंत्री-संत्री मरता या इस्तीफा देता है. ,ना ही फूंकने वाले किसी पुण्य के भागीदार बन ' स्वर्गीय' स्थिति को प्राप्त होते हैं बल्कि अगले चुनाव के बाद पासा पलट जाता है और पुतले फूंकने वाले खुद पुतलों की शक्ल में फूंके जाते हैं. पुतला-दहन के इतिहास के विषय में केवल इतनी जानकारी है कि बचपन में पहली बार दशहरे के दिन रावण के पुतले को दहकते देखा...तब इसे एक पर्व की भांति ही जाना .इस पर्व के मर्म से मैं सर्वथा अनभिज्ञ था.पर साल-दर साल यही सब देखते-देखते समझदार होता गया तो पुतले के मर्म को समझता गया .. राम -रावण की कहानी से भिज्ञ हुआ.. जाना कि एक छोटी सी चिंगारी आग का दरिया कैसे बनती है..भाई लखन ने रावण की बहन शूर्पनखा की नाक काट दी तो नौबत यहां तक पहुंची कि लंका-दहन हो गया और रावण रिवेन्ज लेने के मूड में बेवकूफी पर बेवकूफी और अन्याय पर अन्याय करता गया पर रामजी के न्याय के आगे टिक ना सका और देवों के देव महादेव के अनन्य भक्त रावण फिसड्डी साबित हो भस्म हो गया . मोराल ऑफ़ द स्टोरी ये है कि न्याय अन्याय पर भारी पड़ता है, सच का बोलबाला, झूठे का मुंह काला होता है. अच्छाई की बुराई पर सदैव जीत होती है. इसी बात को रिमाईंड कराने हर साल दशहरे पर रावण का पुतला–दहन करते हैं. पर रावण कभी मरता नहीं, बल्कि हर साल कुछ अधिक ऊंचाई के साथ खड़ा हो जाता है. आज के दौर में सत्य-असत्य, न्याय-अन्याय, अच्छाई- बुराई के बीच का फर्क समझ से परे है. जो बुरे हैं, बुरा काम करते हैं – वे ही मलाई खा रहे हैं. पड़ोस का ठाकुर कुछ नहीं करता सिवा तिकड़म के..मोहल्ले में कोई उसे पसंद भी नहीं करता. फिर भी रोज बिरयानी की सोंधी-सोंधी खुशबू केवल उसी के घर से आती है. नए युग के नए-नए सारे उपकरण केवल उसी के घर इंट्री मारते हैं. अच्छाई के साथ चलने वाले बेचारे टेंशन में होते हैं. किसी सड़क दुर्घटना में घायल आदमी का हेल्प कर दीजिये, पुलिस के धारावाहिक इंटरव्यू से आप पागल हो जायेंगे..बार-बार थाने जाने के चक्कर में अपना घर भी भूल जायेंगे. तब कान पकड़ यही कहेंगे- 'नहीं... दुबारा ऐसी भूल नहीं करूंगा कोई मरता है तो मरे. '

लाइफ लाइन

झारखंड के औषधीय वृक्ष

पीड़ा, कफ, पित्त तथा रुधिर विकार नाशक है कुचला

कुचला एक झारखंड की औषधीय वृक्षों में से एक महत्वपूर्ण वृक्ष है. लेकिन आज वन प्रदेश में खोजने पर भी देखने को नहीं मिलता है और इसकी पहचान लगभग झारखंड के जनजाति लोगों के बीच से विलुप्त हो गई है. इसे हिंदी में कुचला कहते हैं. अंग्रेजी में प्वाइजन नट और लैटिन में स्ट्रिकनास नक्स भोमिका कहते हैं. यह एक के जहरीला फल है और इसका उपयोग गोमूत्र में शोध करके लकवा अर्थात पैरालिसिस में उपयोग पारंपरिक वैद्य जन सैकड़ों वर्षों से करते आ रहे हैं. आज भी आयुर्वेदिक की दुकानों में शोधित कुचला से बनी हुई दवा मिल जाती है.

अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

कुचला का फल अत्यंत पीड़ा को दूर करने वाला, कफ, पित्त तथा रुधिर विकार को नाश करने वाला होता है. पाश्चात्य मत के अनुसार कुचला के बीच उत्तेजक, स्नायु बलदायक होता है. वात, अजीर्ण, ध्वज भंग, शूल, आंतों की दुर्बलता, श्वास, शुक्र प्रमेह, मनोविकार, आक्षेप, नशा को रोकने के लिए के साथ साथ कई प्रकार के रोगों में हित कारक है. इसका उपयोग होमियोपैथी दवा के रूप में भी किया जाता है. मैं भी कुचला के बीज को शोधित कर उपयोग में लाता हूं.

कुचला के वृक्ष ऊंचे ऊंचे होते हैं. मटमैले रंग की इसकी त्वचा या छाल होती है. इसके पत्र गोल और 3-4 शिराऐं दिखाई पड़ती हैं. पुष्प हरिदाभ श्वेत एवं छोटे पुष्पदंड में लगा रहता है. इसके फल लड्डू की आकृति में छोटे नारंगी की तरह रहते हैं. पकने पर रक्ताभ पित वर्ण का दिखता है. फल के भीतर सफेद गूदा प्राप्त होते हैं. इसके बीज चपटा चक्राकार होता है और आसानी से इसका चूर्ण नहीं बनाया जा सकता है. झारखंड राज्य के वन प्रदेश से लगभग विलुप्त हो गया है और बहुत खोजने पर शायद कहीं कहीं देखने को मिल जाए. चूंकि कुचला बहुत ही उपयोगी पौधा है, इसलिए झारखंड सरकार के साथ-साथ राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड को इसके संवर्धन संरक्षण पर एक विशेष योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है.

(औषधीय पौधा की खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)

सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक

सिंघाड़ा खा कर दिल के रोगों का भगाइए

जल्द ही झारखंड के बाजारों में सिंघाड़े बिकते नजर आएंगे. बरसात के बाद मिलने वाला यह छोटा सा यह फल बेहद गुणकारी है. इसे यूं ही कच्चा छीलकर खाते हैं. इसे उबालकर हरी चटनी के साथ या नमक, चाट मसाला, नींबू और काली मिर्च आदि डाल कर भी खाते हैं. इसकी सब्जी, सलाद और अचार भी बनाए जाते हैं.

सिंघाड़े में 74 फीसदी तक पानी होता है. एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है. ये वो मॉलिक्यूल होते हैं जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स की मात्रा को भी कम करते हैं. इसमें पोटैशियम की मात्रा अधिक होने से ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज की आशंका घटती है. 100 ग्राम सिंघाड़े में मात्र 97 कैलोरी होती है. इसमें फाइबर, प्रोटीन, मैगनीज, पोटैशियम, कॉपर, विटामिन बी 6 भरपूर मात्रा में मिलता है. फाइबर अधिक होने से इनको खाने के बाद लंबे समय तक भूख नहीं लगती है. वजन घटाने में भी मददगार होते हैं.

इओसिनोफिलिस

मुश्किल से पहचान में आते लक्षण, जानिए बचाव के तरीके

इओसिनोफिलिस एक शारीरिक असमान्यता है जिसमें हमारे शरीर में इओसिनोफिलिस कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है. सवाल है कि इओसिनोफिलिस कोशिका क्या होती है. इओसिनोफिल श्वेत रक्त कोशिका यानी वाइट ब्लड सेल्स का एक प्रकार है. ये कोशिकाएं हमारी रोग प्रतिरोध व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो शरीर में मौजूद बैक्टीरिया, वायरस व संक्रमण से हमारा बचाव करता है. जब किसी कारण खून में इसकी संख्या बढ़ जाती है, तो इस स्थिति को इओसिनोफिलिया कहते हैं. इओसिनोफिल कोशिकाओं के बढ़े हुए स्तर को "ब्लड इओसिनोफिलिया" कहा जाता है. यही इओसिनोफिलिया ऊतकों को प्रभावित करे तो इस स्थिति को "टिश्यू इओसिनोफिलिया" कहा जाता है. इओसिनोफिलिया मरीज के फेफड़ों, दिल, रक्त वाहिकाओं साइनस, गुर्दे और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है. इसलिए इसके इलाज के लिए यथाशीघ्र चिकित्सक से संपर्क किया जाना चाहिए.

डॉ राजेश कुमार सिंह
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ, मेडिका, रांची

इओसिनोफिलिया के कारण

इओसिनोफिल की स्थिति में पीड़ित के रक्त में इओसिनोफिल्स की संख्या बढ़ जाती है. रक्त में इओसिनोफिल्स की संख्या बढ़ने के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं. आइए, इन कारकों की चर्चा करें-

1. एलर्जी से संबंधित विकार
कई बार जब पीड़ित एलर्जी से ग्रसित रहता है तो उसके रक्त में इओसिनोफिल्स की मात्रा बढ़ जाती है. अस्थमा, एलर्जिक राइनाइटिस, और एटोपिक डर्मेटाइटिस कुछ ऐसे एलर्जी है, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है.

2. पैरासाइट और फंगल इंफेक्शन
पैरासाइट और फंगल संक्रमण भी इओसिनोफिलिया के प्रमुख कारणों में शरीक हैं.

3. कैंसर
कुछ खास प्रकार के कैंसर जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, और मैलानेंट मेलानोमा आदि से ग्रस्त होने पर भी रक्त में इओसिनोफिल्स की मात्रा बढ़ जाती है.

4. दमा की शिकायत होना
यदि आपको दमा की शिकायत रहती है, तो इसके कारण इओसिनोफिलिया की समस्या हो सकती है. दरअसल दमा की वजह से ब्रोन्कियल ट्यूब में सूजन आ सकती है. रक्त में इओसिनोफिल्स बढ़ने की वजह से दमा पीड़ित अधिक परेशान हो सकते हैं.

5. एलर्जिक राइनाइटिस
एलर्जिक राइनाइटिस में इओसिनोफिल्स नाक में सूजन और खुजली जैसी समस्या उत्पन्न हो सकती है.

6. त्वचा से संबंधित कोई समस्या होना
त्वचा से संबंधित समस्याएं, जैसे कि एक्जिमा और सोरायसिस, इओसिनोफिलिया के मुख्य कारणों में से एक है.

7. ऑटोइम्यून डिजीजसमस्या होना
कुछ ऑटोइम्यून बीमारियां, जैसे रूमेटिक आर्थराइटिस और सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस, इओसिनोफिलिया जैसे रोग के मुख्य कारण बन सकते हैं.

8. बोन मैरो से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होना
बोन मैरो या अस्थि मज्जा से संबंधित कुछ समस्याएं हैं, जैसे माइलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम और ल्यूकेमिया. ये समस्याएं इओसिनोफिलिया का कारण बन सकती हैं. इन स्थितियों में, बोन मैरो इओसिनोफिल्स का उत्पादन करने में असमर्थ रहते हैं और रोगी को बहुत परेशान करते हैं.

9. अन्य कारण
इन सबके अतिरिक्त, इओसिनोफिलिया के दूसरे भी अन्य कारण हो सकते हैं, जिसमें हेलमाइंथिक पैरासाइट संक्रमण एटॉपिक, एलर्जी रोग या किसी दवा के प्रति रिएक्शन आदि शामिल है.

इओसिनोफिलिया के लक्षण

आमतौर पर इओसिनोफिलिया के लक्षण स्पष्ट नहीं होते हैं. मरीज यदि खुद ध्यान दे तो कुछ लक्षणों की पहचान कर सकता है. ऐसे ही कुछ प्रमुख लक्षण हैं शरीर में सूजन होना, खुजली होना, दिल संबंधी परेशानी होना, नर्व डैमेज होना आदि. दरअसल कारणों के अनुसार मरीज में अलग अलग लक्षण भी सामने आ सकते हैं. जैसे अस्थमा के कारण इओसिनोफिलिया होने पर घबराहट होना, सांस फूलना और सांस लेने में दिक्कत होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं. वहीं किसी दवा के प्रति रिएक्शन होने पर त्वचा संबंधित लक्षण दिख सकते हैं जैसे कि त्वचा पर लाल चकत्ते होना. परजीवी संक्रमण के कारण इओसिनोफिलिया होने पर पेट में दर्द होना, बुखार, खांसी, दस्त और त्वचा पर चकत्ते होना आदि आदि लक्षण सामने आते हैं. इनके अलावा इओसिनोफलिया के कुछ दुर्लभ लक्षण भी होते हैं जो बहुत कम देखे जाते हैं. ऐसे लक्षणों में वजन घटना, रात को पसीना आना, लिम्फ नॉड्स का आकार बढ़ना और नसों को नुकसान पहुंचने के कारण प्रभावित अंगों में झुनझुनी या सुन्न महसूस होना आदि शामिल हैं. महत्वपूर्ण बात तो यह है कि हम किसी लक्षण के उभरने पर आमतौर इसकी खास जांच नहीं कराते. होता आमतौर पर यह है कि जब डॉक्टर किसी और रोग की जांच के लिए रक्त का परीक्षण करते हैं तब कराए गए ब्ल्ड टेस्ट में खुलासा होता है कि मरीज को इओसिनोफिलिया भी है. ऐसे में पाठकों को सलाह दी जाती है कि कुछ खास लक्षण यदि आप भी महसूस करते हैं तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और उनकी सलाह पर रक्त की जांच कराएं. ये खास लक्षण हैं घरघराहट होना या सांस फूलना, पेट दर्द, दस्त, बुखार, खांसी या त्वचा पर किसी दूसरे प्रकार की समस्या, शरीर के किसी भाग का सुन्न हो जाना या उसमें झुनझुनी जैसी सनसनी महसूस होना, अपने आप शरीर का वजन कम होना आदि.

कैसे करें बचाव

बेशक इओसिनोफिलिया के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिससे बचाव संभव नहीं है. फिर भी कुछ सामान्य सावधानियां अपना कर हम इस रोग से बचाव कर सकते हैं. ऐसी ही कुछ सावधानियां है-

- एलर्जी पैदा करने वाले पदार्थों से दूरी बनाएं.
- बाहर से घर आने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं.
- अपने शरीर के साथ-साथ घर की सफाई का खास ध्यान रखें.
- मौसम में बदलाव के समय खान-पान का ख़ास ध्यान रखें.
- कच्चे फलों और सब्जियों को खाने से पहले उन्हें अच्छी तरह धोएं.
- बाहर की चीजों और फास्ट फूड एवं कोल्ड ड्रिंक्स का अत्यधिक सेवन करने से बचें.
- खाने और पानी की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें. आवश्यकता के अनुसार पानी को उबाल कर पीएं.
- यौन संबंधी गतिविधियों में विशेष रूप से सावधानियां बरतें.
- दूध और अन्य डेयरी उत्पाद के सेवन पर खास ध्यान रखें.

इओसिनोफिलिया का परीक्षण

इओसिनोफिल्स कोशिकाओं की बढ़ती मात्रा के निदान के लिए डॉक्टर मरीज के शरीर से ऊतकों का सैंपल ले सकते हैं और उनकी जांच कर सकते हैं। परीक्षण के परिणाम के आधार पर ही डॉक्टर इलाज की योजना बनाते हैं। इतना ही नहीं इओसिनोफिलिया की जांच के लिए डॉक्टर शरीर में मौजूद अन्य द्रवों की जांच भी कर सकते हैं। इसके साथ साथ इओसिनोफिल्स (eosinophils) कोशिकाओं का बढ़ा हुआ स्तर खून की जांच के दौरान मिल सकता है। इओसिनोफिल्स या इसके कारण की पुष्टि के लिए कुछ अन्य टेस्ट भी डॉक्टर करवा सकते हैं, जैसे -लिवर फंक्शन टेस्ट, छाती का एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, या एमआरआई कैंसर के कारण की पहचान कर सकते हैं. यूरिन टेस्ट, अन्य प्रकार के खून टेस्ट, ऊतक व बोन मेरो का बायोप्सी टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ट्यूमर मार्कर टेस्ट आदि के जरिए डॉक्टर एक व्यापक मूल्यांकन करेंगे और स्थिति के आधार पर इलाज की योजना बनाएंगे.

इओसिनोफिलिया पीड़ित का कैसा हो आहार

क्या खाएं

- **फल :** सेब, संतरे, अंगूर, ब्लूबेरी, केला, पपीता, और अनानास
- **सब्जियां :** पालक, ब्रोकोली, गाजर, टमाटर, खीरा, और मूली
- **होल ग्रेन :** जई, ओट्स, क्विनोआ, और ब्राउन राइस
- **हेल्दी फैट :** अलसी का तेल, जैतून का तेल, और एवोकाडो
- **प्रोटीन :** चिकन, मछली, टोफू, और बीन्स

क्या न खाएं

- **एलर्जी पैदा करने वाले खाद्य पदार्थ :** डेयरी उत्पाद, अंडे, नट्स, बीज, फलियां, और सीफूड.
- **पैरासाइट संक्रमण वाले खाद्य पदार्थ :** कच्चे या आधे पके हुए मांस या समुद्री जीव का भोजन. कच्चे या अधपके अंडे, और बिना धोए हुए फल और सब्जियां भी स्थिति को खराब कर सकती हैं.
- **कैंसर वाले खाद्य पदार्थ :** प्रोसेस्ड फूड, रेड मीट, तला हुआ भोजन, और शर्करा युक्त पेय पदार्थ.

ढूंढने से नहीं मिलेगी पेट की चर्बी

बैली फैट यानी पेट की चर्बी को लेकर बड़ी संख्या में लोग बेहद चिंतित रहते हैं. खास कर महिलाएं इस समस्या से अधिक परेशान रहती हैं. बैली फैट को कम करने के लिए योग-व्यायाम और डाइट के साथ दिनचर्या में भी बदलाव लाने चाहिए. योग विशेषज्ञों से हमने जाना चार योगासन के बारे में जिन्हें नियमित करने से बेली फैट की समस्या से छुटकारा मिल सकता है. आइए, इन योगासन के बारे में जाने...

भुजंगासन

इस योग को करने से पेट पर अधिक बल पड़ता है. इससे पाचन तंत्र बहुत मजबूत होता है. इससे कब्ज, अस्थमा, महिलाओं को होने वाली मासिक धर्म में समस्या को दूर किया जा सकता है. शुरुआती दौर में भुजंगासन योग की मुद्रा में करीब 15- 20 सेकंड के लिए रहने की सलाह दी जाती है. कुछ समय अभ्यास के बाद समय सीमा को धीरे-धीरे बढ़ाकर एक मिनट करें.

ऐसे करें : भुजंगासन करने के लिए आपको सबसे पहले योग मैट पर पेट के बल लेटकर अपने दोनों पैरों के अंगूठों और एड़ियों को मिलाते हुए दोनों हथेलियों को सीने के सामने जमीन पर रखें. अब सांस लेते हुए हथेलियों पर दबाव डालें और सिर, छाती और नाभि तक पेट को ऊपर उठाएं. इस स्थिति में आसमान की तरफ देखें. गर्दन को सीधी रखें. कुछ देर इस स्थिति में बने रहें और फिर सांस छोड़ दें. धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं. इस योगासन को 3-5 बार दोहरा सकते हैं.

धनुरासन

धनुरासन करने से ना केवल पेट की बल्कि पीठ की चर्बी भी कम की जा सकती है. इसके अलावा इस योगासन के नियमित अभ्यास से ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है, यह कब्ज, अपच और लिवर की सुस्ती को कम कर सकता है. ध्यान रखें कि जिन लोगों को सिरदर्द, माइग्रेन या अनिद्रा की समस्या है, उन्हें इसे नहीं करना चाहिए.



ऐसे करें : धनुरासन के अभ्यास के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं. अब हाथों को पैरों के पास रखते हुए घुटनों को मोड़ें. मुड़े हुए घुटनों को पकड़कर रखें. अब श्वास लेते हुए सीने को ऊपर की ओर उठाएं और हाथों से पैरों को खींचें. श्वास की गति पर ध्यान केंद्रित करें. अब 15-20 सेकेंड तक इस अवस्था में रहें, फिर पूर्व की स्थिति में आ जाएं.

मार्जरी आसन

इस योगासन को कैट पोज भी कहते हैं. इस आसन को करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है. इसे करने से रीढ़ की हड्डी मजबूत बनती है. महिलाएं प्रसव के बाद इस योगासन को करेंगी तो बेली फैट कम होगा.

ऐसे करें : मार्जरासन करने के लिय आप सबसे पहले फर्श पर एक योगा मैट को बिछा कर अपने दोनों घुटनों को टेक कर या वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं. अब अपने दोनों हाथों को फर्श पर आगे की ओर रखें. अपने दोनों हाथों पर थोड़ा सा भार डालते हुए अपने हिप्स (कूल्हों) को ऊपर उठाएं. अपनी जांघों को ऊपर की ओर सीधा करके पैर के घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाए. इस स्थिति में आपकी छाती फर्श के समान्तर होगी और आप एक बिल्ली के समान दिखाई देगें. अब आप एक लंबी सांस लें और अपने सिर को पीछे की ओर झुकाएं, अपनी नाभि को नीचे से ऊपर की तरफ धकेलें और टेलबोन (रीढ़ की हड्डी का निचला भाग)) को ऊपर उठाएं. अब अपनी सांस को बाहर छोड़ते हुए अपने सिर को नीचे की ओर झुकाएं और मुंह की ठुड्डी को अपनी छाती से लगाने का प्रयास करें. इस स्थिति में अपने घुटनों के बीच की दूरी को देखें और ध्यान रखें की इस मुद्रा में आपके हाथ झुकने नहीं चाहिए. अपनी सांस को लम्बी और गहरी रखें. अब फिर से अपने सिर को पीछे की ओर करें और इस प्रक्रिया को दोहराहएं. इस क्रिया को आप 10-20 बार दोहराएं.

अर्ध मत्स्येन्द्रासन

रीढ़ की हड्डी और पैरों सहित लगभग पूरा शरीर इस आसन में शामिल होता है. इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह शरीर के विभिन्न अंगों के लिए फायदेमंद होता है. मधुमेह के रोकथाम में अहम भूमिका निभाता है. अगर पेट की चर्बी कम करनी हो तो इस आसन का अभ्यास जरूर करें.

ऐसे करें : इस आसन को करने के लिए आप जमीन बैठ जाएं और पैरों को सीधा कर लें. इस समय आप रीढ़ की हड्डी को सीधा रखें. इसके बाद बाएं पैर को मोड़े और इससे कुल्हे के नीचे दबाएं. अब दाएं पैर को ऊपर की मोड़े, इसका घुटना ऊपर की ओर रखें. इसके बाद जो पैर ऊपर की ओर है, उस ओर शरीर के ऊपरी हिस्से को घुमाएं. ऐसा करते समय आप ऊपर वाले पैर को नीचे वाले पैर से क्रॉस करें और तलवे को घुटने के पास ले आएं. बाएं हाथ को जमीन पर रखें और गहरी सांस को अंदर भरें. इस पोजिशन में करीब 20 से 30 सेकेंड तक शरीर स्थिर रखें. इसके बाद ठीक विपरीत दिशा में आसन को दोहराएं. शुरुआत में आसन को ज्यादा देर तक न करें. इसके बाद धीरे-धीरे समय को बढ़ाएं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

एशेज टेस्ट सीरीज : पर्थ में 21 नवंबर से खेला जाएगा पहला टेस्ट

एजेंसी। सिडनी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी. यह पहली बार होगा जब एशेज टेस्ट का आयोजन नयी जगह पर किया जाएगा. पर्थ स्टेडियम 1882 से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता में एशेज टेस्ट आयोजित करने वाला आठवां ऑस्ट्रेलियाई मैदान बन जाएगा. पहला टेस्ट 21 नवंबर 2024 से 25 नवंबर तक पर्थ में खेला जायेगा, जबकि दूसरा टेस्ट चार से आठ दिसंबर तक ब्रिसबेन में होगा, जो दिन रात का टेस्ट होगा. एडीलेड ओवल में तीसरा टेस्ट 17 से 21 दिसंबर के बीच खेला जायेगा. मेलबर्न में पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से और सिडनी में पांचवां टेस्ट चार से आठ जनवरी के बीच खेला जायेगा. एशेज इस समय ऑस्ट्रेलिया के पास है जिसने 2023 में इंग्लैंड में ड्रॉ खेला था.दोनों टीमों का ऐलान अभी नहीं हुआ. सीरीज से 15 दिन पहले दोनों टीमों का ऐलान हो सकता है. पिछली बार जब इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम एशेज में भिड़ी थी, तो 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबरी रही थी. 5वां और अंतिम टेस्ट 5 दिन तक चला. अंतिम सेशन में मेजबान इंग्लैंड को 49 रनों से जीत मिली. इस तरह से 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबरी रही. एक समय ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 2-0 से आगे थी.

एशेज सीरीज हेड टू हेड

अब तक इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 73 एशेज सीरीज खेली जा चुकी हैं, जिनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 34 बार जीत हासिल की है, जबकि इंग्लैंड ने 32 बार बाजी मारी है. सात सीरीज ड्रॉ पर खत्म हुई हैं. दोनों ही टीमों ने एशेज में लगातार आठ-आठ बार जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड बनाया है. इंग्लैंड ने यह कारनामा 1882-83 से 1890 तक किया था, इस दौरान इंग्लैंड ने 16 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की और केवल चार मैच हारे थे. गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में इंग्लैंड के साथ 2-2 की ड्रॉ सीरीज के बाद एशेज ट्रॉफी अपने पास बनाए रखी है. अब देखना होगा कि 2025-26 में कौन सी टीम एशेज ट्रॉफी पर कब्जा करती है.

एशेज 2025-26 का शेड्यूल

- **पहला टेस्ट :** पर्थ स्टेडियम, 21-25 नवंबर 2025
- **दूसरा टेस्ट (डे-नाइट) :** गाबा, 4-8 दिसंबर 2025
- **तीसरा टेस्ट :** एडिलेड ओवल, 17-21 दिसंबर 2025
- **चौथा टेस्ट :** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड, 26-30 दिसंबर 2025
- **पांचवां टेस्ट :** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड, 4-8 जनवरी 2026

क्या है एशेज का इतिहास?

एशेज टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की सबसे पुरानी सीरीज है, जिसका अभी तक आयोजन होता है. इस रोमांचक सीरीज की शुरुआत 1882-83 में हुई थी. 1882 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड खेलने आई थी. उस सीरीज का पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के ओवल स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला कंगारुओं ने जीत लिया था. इंग्लैंड पहली बार अपने घर पर कोई टेस्ट मैच हारी थी. इसके बाद इंग्लिश मीडिया का एक बोल्ड स्टेटमेंट सामने आया था. इंग्लैंड की कंगारुओं से मिली इस हार को इंग्लिश क्रिकेट की मृत्यु कहा गया था. न्यूजपेपर द स्पोर्ट्स टाइम्स में छपा, इंग्लिश क्रिकेट की 29 अगस्त 1882 को ओवल में मौत हो गई. बॉडी के आखिरी राइट्स करने के बाद राख-एशेज को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जाएगा. गौरतलब है कि इसके बाद 1883 में इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था. टूर पर जाने से पहले इंग्लिश कप्तान इवो ब्लिंग ने इस बात का एलान किया था कि वह एशेज लेने जा रहे हैं.

भारत-न्यूजीलैंड बेंगलुरु टेस्ट : बारिश के कारण पहला दिन टॉस भी नहीं हो सका

बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल

एजेंसी। बेंगलुरु

बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट शृंखला के पहले मैच का पहला दिन बारिश से धुल गया. बारिश के कारण पहला दिन टॉस भी नहीं हो सका. अब मैच का टॉस भी 17 अक्टूबर को होगा. मैदान पर पूरे दिन बारिश की वजह से कवर्स मौजूद थे. कई बार ऐसा अपडेट भी आया कि मैच शुरू हो सकता है, लेकिन करीब ढाई बजे मैच के प्रसारण के दौरान पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटेर सबा करीम ने घोषणा की 16 अक्टूबर का खेल रद्द हो गया है. दूसरे दिन का खेल 17 अक्टूबर को सुबह 9:15 पर शुरू होगा.

इससे पहले अंपायर दिनभर लगातार मैदान का निरीक्षण करते रहे. पिच के चारों ओर पैच और नमी दिखी. भारतीय टीम इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है. न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज भारतीय दल के लिए अपनी कमियों को दूर करने और नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा से पहले अपनी ताकत को परखने के लिए महत्वपूर्ण होगी.

सभी की निगाहें अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली पर होंगी, जो बांग्लादेश सीरीज में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे और 4 पारियों में अर्धशतक बनाने में विफल रहे थे. जबकि यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और

ऋषभ पंत जैसे युवाओं ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाजों और ऑलराउंडरों ने खूब वाहवाही बटोरी. बांग्ला टाइगर्स के खिलाफ पहले टेस्ट में रविचंद्रन अश्विन की शानदार बल्लेबाजी और दो टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की तेज गेंदबाजी ने मेहमान टीम को बुरी तरह से परेशान कर दिया था.

भारत और न्यूजीलैंड का टेस्ट इतिहास

जब भी न्यूजीलैंड की टीम भारत दौरे पर आई और उसने यहां टेस्ट सीरीज खेली है, तब-तब उसे रोना ही पड़ा है. फैंस को यहां सीधे-सरल शब्दों में बता दें कि न्यूजीलैंड की टीम अब तक भारतीय जमीन पर कोई भी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है. कीवी टीम ने पहली बार 1955 में भारत का दौरा किया था, तब उसे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार झेलनी पड़ी थी. इस सीरीज के तीन मुकाबले ड्रॉ रहे थे. इसके बाद न्यूजीलैंड टीम 1965 में भारत आई और इस बार भी उसे एक भी टेस्ट जीतने का मौका नहीं मिला. तब भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज में 1-0 से हराया था. 3 टेस्ट ड्रॉ रहे थे. फिर 4 साल बाद यानी 1969 में एक बार कीवी टीम ने भारत का दौरा किया और इस बार भारतीय जमीन पर उसने पहला टेस्ट जीता. इस बार न्यूजीलैंड 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर करने में सफल रही थी. एक मैच इस बार भी ड्रॉ रहा था.

- कुल सीरीज : 12
- भारत जीता : 10
- न्यूजीलैंड जीता : 00
- ड्रॉ : 2

भारत में न्यूजीलैंड टीम का टेस्ट मैचों में रिकॉर्ड

- कुल टेस्ट मैच : 36
- भारत जीता : 17
- न्यूजीलैंड जीता : 2
- ड्रॉ : 17

न्यूजीलैंड टीम को पिछली सीरीज में हार मिली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आखिरी टेस्ट सीरीज नवंबर 2021 में हुई थी. यह सीरीज भारतीय जमीन पर ही हुई थी, जहां न्यूजीलैंड को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से हार झेलनी पड़ी थी. यदि ओवरऑल टेस्ट सीरीज और मैचों का रिकॉर्ड देखा जाए तो इसमें भी भारतीय टीम का ही पलड़ा भारी नजर आता है.

भारत-न्यूजीलैंड के बीच ओवरऑल सीरीज रिकॉर्ड

- कुल टेस्ट सीरीज : 23
- भारत जीता : 12
- न्यूजीलैंड जीता : 7
- ड्रॉ : 4

भारत-न्यूजीलैंड के बीच ओवरऑल टेस्ट रिकॉर्ड

- कुल टेस्ट मैच : 62
- भारत जीता : 22
- न्यूजीलैंड जीता : 13
- ड्रॉ : 27

न्यूजीलैंड का भारत दौरा

- **16 अक्टूबर से :** पहला टेस्ट, बेंगलुरु
- **24 अक्टूबर से :** दूसरा टेस्ट, पुणे
- **1 नवंबर से :** तीसरा टेस्ट, मुंबई

एडी टी10 लीग में पदार्पण के लिए तैयार है यूपी नवाब

एजेंसी। नयी दिल्ली

एडी टी10 लीग में नई फ्रेंचाइजी यूपी नवाब अपना पदार्पण करने के लिए तैयार है. टीम के मालिक वेंचर कैपिटलिस्ट लविश चौधरी हैं. मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले चौधरी की गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर से यात्रा उनकी जड़ों से उनके गहरे जुड़ाव और क्रिकेट के प्रति आजीवन जुनून को दर्शाती है. यह नया उद्यम उन्हें खेल के प्रति अपने प्यार को अपने रणनीतिक निवेश दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसी टीम बनाने का मौका देता है जो उत्तर प्रदेश की भावना और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है. लविश चौधरी ने टीम के लिए अपनी आकांक्षाओं को साझा

करते हुए एक बयान में कहा, क्रिकेट मेरे जीवन का एक मूलभूत हिस्सा रहा है, और एडी टी10 लीग में एक फ्रैंचाइजी का मालिक होना एक सपने के सच होने जैसा है. यूपी नवाबों के साथ, मेरा लक्ष्य उत्तर प्रदेश के गौरव को वैश्विक मंच पर लाना और लीग में एक मजबूत दावेदार के रूप में अपनी उपस्थिति स्थापित करना है.

डेलानी की जगह गैबी लुईस बनीं आयरलैंड की कप्तान

एजेंसी। डबलिन

गैबी लुईस को आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो अब तक की सबसे अनुभवी खिलाड़ी लॉरा डेलानी की जगह लेंगी. डेलानी ने सभी प्रारूपों में आयरलैंड का 207 बार प्रतिनिधित्व किया है और पिछले आठ वर्षों से वह उनकी कप्तानी भी कर रही हैं. वे महिला टी20 विश्व कप में जगह बनाने में असमर्थ रहीं, लेकिन हाल ही में उन्हें सफलता मिली है, अगस्त में श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय मुकाबले में 1-1 से बराबरी की, जब लुईस ने शतक बनाया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गईं. इसके बाद उनकी टीम ने वनडे में श्रीलंका को 2-1 से

हराया. लुईस, जो वर्तमान में मेलबर्न में क्लब क्रिकेट खेल रही हैं, ने कहा, मुझे पता है कि जब मैं पहली बार सीनियर टीम में आई थी, तो डेल्स उन टीम-साथियों में से एक थीं जिनसे आप प्रेरणा लेते थे. शौकिया से पेशेवर युग में जाने के बाद, उन्होंने लगातार अपने खेल को विकसित करने और सुधारने की कोशिश की है, और मैं डेल्स के साथ कई और मौकों पर खेलने के लिए उत्सुक हूं.

हरमनप्रीत को कप्तानी से हटाने की मांग

नयी दिल्ली । आईसीसी इवेंट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया सबसे बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी है. पिछले कुछ वर्षों से भारत और ट्रॉफी के बीच यह टीम एक ऐसी दीवार बन गई है क्रिकेट/खेल हरमनप्रीत कौर को कप्तानी से हटाने की मांग, क्या होगा बीसीसीआई का फैसला? 16 अक्टूबर (आईएएनएस). आईसीसी इवेंट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया सबसे बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी है. पिछले कुछ वर्षों से भारत और ट्रॉफी के बीच यह टीम एक ऐसी दीवार बन गई है, जिसे लांघना हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के लिए नामुमकिन बन गया. अब महिला टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप स्टेज से बाहर होने के बाद टीम की कप्तान पर एक्शन लिया जा सकता है.

डिविलियर्स, कूक व नीतू हॉल ऑफ फेम में

एजेंसी। दुबई

आईसीसी ने एक बड़ा ऐलान किया है. उसने बुधवार को तीन नए दिग्गज क्रिकेटर्स को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है. इस बार ये सम्मान साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स, इंग्लैंड के एलिस्टर कूक के साथ भारतीय दिग्गज नीतू डेविड को मिला है. आईसीसी की हॉल ऑफ फेम की लिस्ट में कुक 113वें, नीतू डेविड 114वें और डिविलियर्स 115वें नंबर हैं. इस सम्मान समारोह का जश्न महिला टी20 विश्व कप 2024 टूर्नामेंट के अंतिम चरण के दौरान दुबई में मनाया जाएगा. बता दें आईसीसी हॉल फेम की शुरुआत 2009 में हुई थी. इसके जरिए आईसीसी क्रिकेट दिग्गजों को सम्मानित करती है. नीतु डेविड बनीं दूसरी भारतीय महिला

भारतीय महिला क्रिकेट की लेजेंड नीतु डेविड आईसीसी हॉल ऑफ द फेम की लिस्ट में शामिल होने वाली भारत की दूसरी महिला खिलाड़ी हैं. वह टीम इंडिया की बेहतरीन स्पिनर्स में से एक थीं. उन्होंने भारतीय टीम के लिए 97 वनडे और 10 टेस्ट मैच खेल चुकी हैं. नीतु ने अपने करियर के दौरान वनडे में 16.34 की औसत से 141 और टेस्ट में 18.90 की औसत से 41 विकेट चटकाए थे. इतना ही नहीं वह 100 वनडे विकेट हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकटर भी हैं. नीतु का करियर 13 सालों का रहा. उन्होंने 1995 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था, वहीं आखिरी मुकाबला 2008 में खेला था.

आईपीएल 2025 से ठीक पहले मुंबई इंडियंस ने टीम में कई अहम बदलाव किए

पारस महाम्ब्रे बने मुंबई इंडियंस के नये बॉलिंग कोच

एजेंसी। मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 से ठीक पहले टीम में कई अहम बदलाव किए हैं. मुंबई ने टीम के लिए नया बॉलिंग कोच नियुक्त किया है. मुंबई इंडियंस ने टीम इंडिया के पूर्व कोच पारस महाम्ब्रे को मौका दिया है. वे टीम के नए बॉलिंग कोच हैं. पारस से पहले महेला जयवर्धने को भी अहम जिम्मेदारी मिली थी. वे टीम के हेड कोच हैं. पारस की बात करें तो उनका कोचिंग में अब तक शानदार रिकॉर्ड रहा है. वे टी20 विश्व कप 2024 के दौरान टीम इंडिया के साथ थे. मुंबई इंडियंस ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के जरिए बताया कि पारस को बॉलिंग कोच बनाया गया है. मुंबई के लसिथ

मलिंगा भी हैं. मलिंगा के साथ पारस के आने से कोचिंग स्टाफ काफी मजबूत हो गया है. पारस इससे पहले भी मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं. उनका क्रिकेट करियर भी अच्छा रहा है. पारस मुंबई के लिए घरेलू मैचों में राइम-आर्म मीडियम पेसर की भूमिका निभाते थे. टी20 वर्ल्डकप विनिंग टीम इंडिया का हिस्सा रह चुके हैं पारस

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीता था. भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था. पारस इस टीम का हिस्सा थे. वे बॉलिंग कोच की भूमिका में थे.

ऐसा रहा है पारस का क्रिकेट करियर

पारस का क्रिकेट करियर बहुत ज्यादा लंबा नहीं रहा. उन्होंने टीम इंडिया के लिए 2 टेस्ट और 3 वनडे मैच खेले. पारस ने फर्स्ट क्लास मैचों में 284 विकेट झटके हैं. वे 105 पारियों में 1665 रन भी बना चुके हैं. पारस ने लिस्ट ए के 83 मैचों में 111 विकेट लिए हैं. वे अपने क्रिकेट करियर के बाद कोच की भूमिका में आ गए.

महेला जयवर्धने को मुंबई ने बनाया हेड कोच

मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2024 में काफी निराशाजनक प्रदर्शन रहा था. लेकिन इससे पहले टीम दमदार प्रदर्शन कर चुकी है. मुंबई ने अगले सीजन से ठीक पहले महेला जयवर्धने को हेड कोच बना दिया. अब टीम कप्तान भी बदल सकती है.

बड़ी घोषणा | कैटिच को एक साल का अनुबंध विस्तार मिला, क्लब तैयारी में जुटा

मैनचेस्टर ओरिजिनल्स पुरुष टीम के प्रभारी बने रहेंगे साइमन कैटिच

एजेंसी। मैनचेस्टर

मैनचेस्टर ओरिजिनल्स ने साइमन कैटिच को एक साल का अनुबंध विस्तार दिया है, जबकि इस सत्र में उनकी पुरुष टीम ने केवल एक जीत हासिल की थी, हालांकि क्लब ने स्टीफन पैरी को महिला टीम के कोच पद से हटा दिया है. पैरी ने दो साल तक महिला टीम की कमान संभाली थी. दोनों कोचों के भविष्य पर निर्णय ओरिजिनल्स बोर्ड द्वारा लिए गए, जिसे 2025 से लंकाशायर के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दर्शाने के लिए पुनर्गठित किया गया है. काउंटी अगले सत्र में ओरिजिनल्स में बहुसंख्यक शेयरधारक बन जाएगी,

खास बातें

- मैनचेस्टर से इस सत्र में सिर्फ एक मैच जीत सका
- स्टीफन पैरी को महिला टीम के कोच पद से हटाया

जब उन्हें ईसीबी द्वारा 51% हिस्सेदारी सौंपी जाएगी, जबकि शेष 49% एक निजी निवेशक को बेची जाएगी. लंकाशायर के क्रिकेट निदेशक मार्क चिल्टन को पैरी के उत्तराधिकारी के रूप में महिला टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई

है. लंकाशायर बोर्ड में शामिल जेम्स शेरिडन ने ब्रॉडकास्टर मार्क चैपमैन से ओरिजिनल्स के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है, हालांकि चैपमैन बोर्ड में बने रहेंगे. ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज कैटिच ने 2021 में हंड्रेड के उद्घाटन सत्र से ओरिजिनल्स के पुरुषों को कोचिंग दी है, और कहा कि 2025 में वापसी के लिए सहमत होने के बाद उनका अधूरा काम रह गया है. कैटिच ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, पिछले तीन वर्षों में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का नेतृत्व करते हुए मुझे बहुत मज़ा आया और मैं अगले साल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं. ओरिजिनल्स पुरुषों के हंड्रेड के 2022 और 2023 सीजन में उपविजेता रहे, ट्रेंट रॉकेट्स और ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ़ कड़े फ़ाइनल में हार गए. लेकिन वे इस साल चोटिल जोस बटलर की अनुपस्थिति से उबरने में विफल रहे, फिल साल्ट की कप्तानी में अपने आठ मैचों में से केवल एक में जीत हासिल करने के बाद सातवें स्थान पर रहे. कैटिच ने कहा, हम सभी इस बात से निराश हैं कि यह सीजन कैसा रहा, खास तौर पर 2022 और 2023 में हम इतने करीब आ गए थे. मुझे लगता है कि हंड्रेड के पिछले तीन संस्करणों की घटनाओं को देखते हुए हमारे पास अधूरा काम है और ओरिजिनल्स में हम सभी यह सुनिश्चित करेंगे कि हम अगले साल फिर से पटरी पर लौटें... हम मैनचेस्टर के लिए इसे जीतने के लिए दृढ़ हैं. इस बीच, पैरी को इस सीज़न में महिला हंड्रेड में छठे स्थान पर रहने के बाद बदल दिया गया है.

मैंने अपने भविष्य के बारे में कोई समय सीमा तय नहीं की है : मेसी

ब्यूनस आयर्स। फीफा विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में बोलिविया पर 6-0 की जीत के साथ अर्जेंटीना के लिए अपनी 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक लगाने के बाद लियोनेल मेसी ने कहा कि जब भी वह नेशनल टीम के लिए खेलते हैं, तो उन्हें एक बच्चे जैसा महसूस होता है. आठ बार के बैलन डी''ओर विजेता ने बोलिविया पर कॉनमेबोल विश्व कप क्वालीफाइंग जीत में अपनी हैट्रिक के अलावा दो असिस्ट भी दर्ज किए. मैच के बाद मेसी ने कहा, यहां आकर हमारे लिए लोगों का सपोर्ट महसूस करके बहुत अच्छा लग रहा है. जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं. हम सभी लोगों के साथ जुड़ाव का आनंद लेते हैं और हमें अर्जेंटीना में खेलना बहुत पसंद है.

अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस के लिए युगांडा ने किया क्वालीफाई

एजेंसी। जुबा

युगांडा ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण सूडान को 2-1 से हराकर मोरक्को में होने वाले 2025 अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) के लिए क्वालीफाई कर लिया है. युगांडा ने 11 अक्टूबर को कंपाला में हुए उलट मुकाबले में दक्षिण सूडान को 1-0 से हराया था. दक्षिण सूडान के मुख्य कोच निकोलस डुपुइस ने कहा कि युगांडा व्यक्तिगत मुकाबलों में बेहतर टीम थी, उन्होंने कहा कि मैच का फैसला करने में यह महत्वपूर्ण था. दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में एक ब्रीफिंग में डुपुइस ने कहा, हमारे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि युगांडा हमसे बेहतर था, इसलिए मुझे लगता है कि परिणाम

सामान्य है. व्यक्तिगत रूप से वे बेहतर थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की. यह पर्याप्त नहीं है लेकिन हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ खेला.डुपुइस ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान अब 25 अक्टूबर को टोटल एनर्जीज अफ्रीकन नेशंस चैंपियनशिप में केन्या के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले पर केंद्रित है. युगांडा के मुख्य कोच पॉल जोसेफ पुट ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि उनकी टीम ने मैच की शुरुआत से लेकर अंत तक दबदबा बनाए रखा.

ब्रीफ खबरें

स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

भागलपुर । स्मार्ट मीटर के विरोध में भागलपुर के समाहरणालय चौक पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने एक दिवसीय धरना दिया. धरना का नेतृत्व भागलपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष परवेज जमाल कर रहे थे. मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर के अंदर अंबानी और अडानी का लोगो लगा हुआ है. इससे साफ जाहिर होता है कि यह स्मार्ट मीटर अंबानी और अडानी कंपनी के द्वारा ही सप्लाई किया जाता है. बिहार से बड़े राज्य में भी अभी स्मार्ट मीटर नहीं लगाया गया है लेकिन बिहार में स्मार्ट मीटर चालू है. इससे लोगों का शोषण हो रहा है.

तीन दिन बाद किया गया मगरमच्छ का रेस्क्यू

पूर्वी चंपारण । जिले अरेराज अनुमंडल क्षेत्र के गंडक दियरा से सटे पीपरा पंचायत में बीते तीन दिनों से हडकंप मचाये मगरमच्छ का बुधवार सुबह रेस्क्यू किया गया. बीते तीन दिन पूर्व आधी रात में अचानक गांव में मगरमच्छ के घुसने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम था. हालांकि ग्रामीणों ने आग का लुक दिखाकर मगरमच्छ को खदेड़ना शुरू किया तो मगरमच्छ भाग कर जितवारपुर गांव स्थित एक पोखरा में प्रवेश कर गया. जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी. हालांकि वन विभाग पहुंचा और पोखरा से मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में जुटा रहा. लेकिन मगरमच्छ नहीं मिला. जिससे ग्रामीणों में दहशत में व्याप्त रहा.

किशनगंज सांसद को जान से मारने की धमकी

किशनगंज । किशनगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद मो. डा. जावेद आजाद को जान से मारने की धमकी मिली है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 12 अक्टूबर को धमकी भरा पोस्ट किया गया है. इस मामले में अब सांसद के निजी सचिव ने दिल्ली स्थित पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में 15 अक्टूबर को इस संबंध में आवेदन दिया है. सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया है, मोहम्मद जावेद तू अल-कायदा का आतंकी है. तुम्हारे जैसे आतंकियों के लिए गिरिराज भईया ठीक बोलते हैं. इस देश में जितने भी दाढ़ी-टोपी और हिजाब वाला मदरसा छाप आतंकी है उनके लिए इस देश में कोई जगह नहीं है.

तरारी विस सीट से एसके सिंह होंगे जन सुराज के उम्मीदवार

प्रेस वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा- पूरी पार्टी इनके साथ है, तीन सीटों पर फैसला बाद में लिया जाएगा

संवाददाता । पटना

बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है. चारों सीटों पर जन सुराज पार्टी लड़ेगी. बुधवार को घोषणा की गई कि तरारी विधानसभा सीट से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह उम्मीदवार होंगे. बाकी तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा अभी नहीं की गई है. प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नाम का ऐलान किया गया. इस दौरान जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जीत का फॉर्मूला बताते हुए कहा कि एसके सिंह जनता के आशीर्वाद से तरारी सीट से जीतेंगे.

प्रत्याशी बनते ही एसके सिंह ने कहा कि मैं अग्निवीर योजना के पक्ष में नहीं हूं. इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है. इसमें सुधार करने की जरूरत है. इसमें जवान उस जज्बे से काम नहीं कर पाएंगे जैसे पहले करते थे. उनसे पूछा गया था कि इस योजना पर आपकी क्या राय है. इस मौके पर मौजूद प्रशांत किशोर ने कहा कि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह बिहार के लाल हैं. उनसे बेहतर तरारी का लाल कोई नहीं हो सकता है. अगर आपकी नजर में कोई है तो खोज कर दिखा दीजिए. उनकी पत्नी नहीं, दो बच्चे विदेश में रहते हैं. दिल्ली में सब सुख-सुविधा इनके पास है. सब छोड़कर तरारी आए हैं ताकि जनता की सेवा कर सकें.

मेरी पूरी ताकत इनके साथ है : प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरी पूरी ताकत इनके साथ है. पीके से पूछा गया कि रिटायर्ड लोगों पर ही आप भरोसा जता रहे. युवाओं को मौका क्यों नहीं दे रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा कि यह तपे तपाए सोना हैं. हर परिस्थिति का सामना कर चुके हैं. अन्य तीन सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान 2-3 दिन में करेंगे. युवाओं को भी मौका देंगे. पीके ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम चाहते तो राज्यसभा जा सकते थे, लेकिन नया बिहार बनाने के लिए अपनी मिट्टी बिहार में आकर काम कर रहे हैं. इस सवाल पर कि बिहार में स्थापित पार्टियों के तिलिस्म को कैसे तोड़िएगा? इस पर कहा कि 23 नवंबर को उप चुनाव के नतीजे आएंगे. आप लोग और हम भी यहीं रहेंगे. देखिएगा कैसे तिलिस्म तोड़ेंगे. बिहार में बीजेपी का भविष्य अंधकार में है. इस सवाल पर कि 2025 में विधानसभा चुनाव है. उससे पहले इसी साल चार सीटों पर उपचुनाव है. सेमी फाइनल मानते हैं? पीके ने कहा कि यह उपचुनाव ही फाइनल सेमी फाइनल सब है. जो हारा वह गया.

विस चुनाव को देखते हुए तेजस्वी ने रद्द की दूसरे चरण की यात्रा

संवाददाता । पटना

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने दूसरे चरण की यात्रा को रद्द करने का फैसला कर लिया है. बुधवार से ही उन्होंने दूसरे चरण की यात्रा की शुरुआत बांका से की है. इस बीच बड़ी जानकारी सामने आई है कि वे अब आगे की यात्रा नहीं करेंगे. इसे बीच में उन्होंने रोकने का फैसला किया है. आरजेडी की ओर से भी इसकी जानकारी दी गई है. बताया जा रहा है कि झारखंड में विस का चुनाव है जबकि बिहार में भी चार सीटों पर उपचुनाव होने वाला है. इसी को देखते हुए तेजस्वी यादव का 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम' में अब संशोधन किया गया है. आरजेडी प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि 16 से 26 अक्टूबर तक के घोषित कार्यक्रम में केवल 16 अक्टूबर और 17 अक्टूबर का कार्यक्रम पहले की तरह जारी रहेगा. 18 से 26 अक्टूबर तक का जो कार्यक्रम था उसे तत्काल स्थगित कर दिया गया है.

बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को बांका में आयोजित 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम' में शामिल हो रहे हैं. आज जमुई में आयोजित 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम'' भी होगा. इसके बाद आगे वाला कार्यक्रम फिलहाल नहीं होगा. आरजेडी प्रवक्ता ने बताया कि बिहार के उपचुनाव के साथ ही झारखंड में होने जा रहे चुनाव में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की व्यस्तता को देखते हुए कार्यक्रम में संशोधन किया गया है.

बिहार में जहरीली शराब ने फिर बरपाया कहर

छपरा में एक की जान गई, दो की हालत गंभीर, कई भर्ती

संवाददाता । पटना

मरने वाले आठ लोगों के नाम आये सामने

बिहार में जहरीली शराब कांड फिर भीषण रूप में सामने आया है. सारण में एक की मौत और दो के गंभीर होने की पुष्टि हुई, जबकि सीवान में मरने वाले सात लोगों का नाम सामने आ चुका है. सीवान के ही एक मृतक के ग्रामीण ने 15-16 लोगों की मौत की बात कही है. प्रशासन की ओर से पुष्टि के बाद मौत का आंकड़ा स्पष्ट हो सकेगा.

मरने वालों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो उम्र (35), मुन्ना (32), बृज मोहन सिंह और दिनेश राम शामिल है. वहीं सीवान के भगवानपुर हाट थाने के माघर निवासी गंगा साह के पुत्र मोहन साह की पीएमसीएच पटना के जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई है. इधर, ग्रामीणों ने पुलिस के डर से कुछ शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है. वहीं, सारण में घटना मशरक थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में हुई है, जो सीवान जिले के भगवानपुर हाट और सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र की सीमा पर है. जहरीली शराब पीने से मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी लतीफ मियां के 30 वर्षीय पुत्र इस्लामुद्दीन अंसारी की मौत हुई है. आलम अंसारी के 29 वर्षीय पुत्र मुमताज अंसारी और रियाज अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र शमशाद अंसारी का इलाज चल रहा है. दोनों युवकों से पुलिस शराब के मंगाने, पीने और बीमार होने तक के बारे में पूछताछ कर रही है.

सीवान में छह मृतकों का नाम सामने आया : सीवान में भगवानपुर थाना क्षेत्र के दो गांव मगरी और बाइस कट्टा गांव में कई लोगों की मौत की जानकारी आ रही है. जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की पुष्टि प्रशासनिक स्तर पर नहीं हुई है, लेकिन मृतकों के यह नाम सामने आए हैं कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह 40 वर्ष, रामेंद्र सिंह 30 वर्ष, माघर पोखरा के संतोष महतो उम्र 35 वर्ष, मुन्ना 32, बृज मोहन सिंह, भगवानपुर हाट थाने के माघर निवासी गंगा साह के पुत्र मोहन साह.

मिलावटी शराब की बात जिला प्रशासन ने मानी : सारण जिला प्रशासन की ओर से जारी बयान के अनुसार सारण जिले के मसरक थाना क्षेत्र अंतर्गत मिलावटी शराब पीने से इब्राहिमपुर गांव के एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मृत्यु होने की सूचना मिली है. दो अन्य व्यक्तियों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के चिकित्सक कर रहे हैं. पुलिस टीम एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के संबंध में जांच कर रही है. मशरक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उक्त दोनों युवकों को छपरा स्थित सदर अस्पताल रेफर कर दिया है. साथ ही नियमों का पालन करते हुए अन्य कार्यवाही की जा रही है.

हथियार व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण । जिले के छतौनी थाना पुलिस ने हथियार और जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार बदमाश थाना क्षेत्र के भवानीपुर जिरात मोहल्ला निवासी आदित्य कुमार है. उसके पास से एक देसी पिस्टल, चार कारतूस बरामद किया गया है. उक्त जानकारी देते छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर भवानीपुर जिरात स्थित स्टेडियम के भीतर से उक्त अपराधी को हथियार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अपराधी आदित्य ने पूछताछ में कई अहम खुलासा किया है.

लूटकांड का आरोपी दो कारतूस के साथ धराया

फारबिसगंज । अररिया के भरगामा पुलिस ने मधेपुरा जिला के श्रीनगर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर भगवती वार्ड संख्या 10 से मास्टरमाइंड मो एजाज उर्फ चुन्ना को एक देसी कट्टा एवं दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साह ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर एक टीम का गठन किया गया और पुलिस ने नाटकीय अंदाज में आर्म्स एक्ट व लूटकांड के मास्टरमाइंड मो एजाज उर्फ चुन्ना को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि मो एजाज भरगामा थाने में दर्ज चार मामलों के अभियुक्त है.

सनकी युवक ने अधेड़ का प्राइवेट पार्ट ही काट डाला

गया । गया में एक सनकी युवक ने एक शख्स का प्राइवेट पार्ट काट दिया. आनन-फानन में घायल अधेड़ शख्स को इलाज के लिए पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया. इसके बाद यहां से रेफर एएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया. यह पूरा मामला बेलागंज थाना क्षेत्र का है. बेलागंज थाना क्षेत्र के सिंदानी गांव में हुई. पीड़ित व्यक्ति ने बेलागंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है. हालांकि युवक मौके से फरार हो गया. लोगों का कहना है कि सनकी युवक हमेशा ग्रामीणों के साथ मारपीट करता है.

नवादा में हाइवा-स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर

एक ही परिवार के 8 घायल, एक की मौत

संवाददाता । नवादा

जिले में रजौली थानाक्षेत्र के हरदिया सेक्टर-ए स्थित सुगा होटल के समीप राष्ट्रीय राज्यमार्ग-20 पर बुधवार को हाइवा और स्कॉर्पियो में भीषण टक्कर हो गई. जिसमें एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और स्कॉर्पियो में सवार एक ही परिवार के आठ अन्य सदस्य बुरी तरह से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय रजौली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिंताजनक हालत में छह लोगों को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थिति विम्स रेफर कर दिया गया. मृतक की पहचान पटना जिले के बख्तियारपुर थानाक्षेत्र के घनसुपुर निवासी शनिचर महतो के (60 वर्षीय) पुत्र राजेंद्र महतो के रूप में की गई है. घायलों में बख्तियारपुर निवासी बिपिन कुमार, संजय राउत, दीपक कुमार, चंदन कुमार, दीपक कुमार और अभिषेक कुमार, अवधेश कुमार और पवन कुमार शामिल है. घटना की सूचना के बाद रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया. वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया.

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हाईवा ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर इतनी जबरदस्त थी की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए. स्कॉर्पियो हाईवे ट्रक में फस गया है. जिसे हाइवा ट्रक चालक ने भागने के दौरान लगभग 100 मीटर तक स्कॉर्पियो को घसीटता रहा.

कारोबार

भारत का कॉफी निर्यात 55 प्रतिशत बढ़ गया

नयी दिल्ली । भारत का कॉफी निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 55 प्रतिशत बढ़कर 7,771.88 करोड़ रुपये हो गया है, यह पिछले वित्त वर्ष की सामन अवधि में 4,956 करोड़ रुपये पर था. इसमें बढ़त की वजह दुनिया में भारतीय कॉफी की मांग में इजाफा होना है. कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि अप्रैल से सितंबर की अवधि में भारत द्वारा 2.2 लाख टन कॉफी का निर्यात किया गया है. बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1.91 लाख टन था.

बीईएमएल बनाएगी पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन

नयी दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की पब्लिक सेक्टर कंपनी बीईएमएल लिमिटेड देश में ही भारत का पहला स्वदेशी बुलेट ट्रेन बनाने वाली है. बीईएमएल को दो हाई स्पीड ट्रेन सेट्स बनाने का कॉन्ट्रैक्ट मिला है. चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने इस सरकारी कंपनी को दो बुलेट ट्रेन की डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, और स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई से उसे दो हाई-स्पीड ट्रेनसेट्स की मैन्युफैक्चरिंग के लिए आर्डर मिला है.

एनसीएलएटी के खिलाफ फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और अन्य की उस याचिका पर अपना फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया जिसमें राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश को चुनौती दी गई थी. एनसीएलएटी ने बंद पड़ी विमानन कंपनी जेट एयरवेज की समाधान योजना को बरकरार रखते हुए इसका स्वामित्व जालान कलरॉक गठजोड़ (जेकेसी) को हस्तांतरित करने को मंजूरी दी थी. भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं.

बुधवार को आई रिपोर्ट : सामने आयीं कई जानकारियां

जेन जेड आबादी 1.8 ट्रिलियन डॉलर करेगी खर्च

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारत को एक युवा राष्ट्र माना जाता है. देश की 377 मिलियन आबादी जनरेशन जेड से आती है. जनरेशन जेड देश की कंजप्शन ग्रोथ को लेकर एक बड़े योगदानकर्ता होंगे. बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, जेन जेड 2025 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष खर्च लाने में सक्षम होंगे. बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के साथ साझेदारी में स्नैप इंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में, जनरेशन जेड का प्रत्यक्ष खर्च 250 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा. इस समय तक हर दूसरा जनरेशन जेड कमाई कर रहा होगा. जेन जेड की सामूहिक व्यय क्षमता 860 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी.

जनरेशन जेड, मिलेनियल्स के बराबर ही खरीदारी करता है. वे अपने खर्च पर 1.5 गुना ज्यादा रिसर्च करते हैं. स्नैप इंक के भारत में प्रबंध निदेशक पुलकित त्रिवेदी ने कहा, "भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसकी 377 मिलियन जनरेशन जेड आबादी है, जो अगले दो दशकों में भारत के विकास के भविष्य को आकार देगी. जेन जेड को सेवा देने वाले प्लेटफॉर्म के रूप में हम ब्रांड और बिजनेस के साथ काम करने को तैयार हैं." लगभग 45 प्रतिशत व्यवसाय जनरेशन जेड की क्षमता को पहचानते हैं, लेकिन केवल 15 प्रतिशत ही सक्रिय रूप से उन्हें संबोधित करने के लिए कार्रवाई करते हैं, जो एक बड़े अवसर का संकेत देता है.

स्नैपचैट के डेली एक्टिव यूजर्स में 90 प्रतिशत की आयु 13-34 वर्ष है, जिससे पता चलता है कि यह प्लेटफॉर्म भारत में युवाओं का लोकप्रिय मंच बन गया है. बीसीजी इंडिया की सीनियर पार्टनर और मैनेजिंग डायरेक्टर निमिषा जैन ने कहा, जनरेशन जेड पहले से ही भारत के उपभोक्ता खर्च का 43 प्रतिशत हिस्सा चला रही है.

फोटो सेशन

मुंबईः अभिनेत्री राधिका मदान व अनन्या पांडे मुंबई में फिल्म सीटीआरएल की सफलता पार्टी में शामिल हुईं.

इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के जरिए भारत में क्रांति लाएगा सरला एविएशन

नई दिल्ली । भारत में ट्रैफिक एक बड़ी समस्या है. इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सरला एविएशन अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करने पर काम कर रहा है, जो शहरी यातायात परिवर्तन के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा. एड्रियन श्मिट द्वारा सह-संस्थापक कंपनी का उद्देश्य बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली और पुणे सहित भारत के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में तेज, स्वच्छ और अधिक कुशल परिवहन प्रदान करना है. सरला एविएशन की प्रमुख पहल में सात सीटों वाली इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियां शामिल हैं, जो यात्रा के समय में कटौती का वादा करती हैं. उदाहरण के तौर पर बेंगलुरु एयरपोर्ट से इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी तक की यात्रा में आमतौर पर सड़क मार्ग से 150 मिनट से अधिक का समय लगता है.

शीर्ष 30 में से 19 बड़े आईपीओ रिटर्न देने में असफल

मुंबई । देश के शीर्ष 30 बड़े आईपीओ में से 19 ने सीएनएक्स 500 इंडेक्स से कम रिटर्न दिया है. बुधवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. वेल्थ मैनेजमेंट फर्म कैपिटलमाइंड फाइनेंसियल सर्विसेज की रिपोर्ट में जानकारी दी गई कि देश में अब तक आए बड़े 30 में से आठ बड़े आईपीओ ने नकारात्मक रिटर्न दिया है. हाई-प्रोफाइल आईपीओ में रिलायंस पावर ने निवेशकों को सबसे ज्यादा नकारात्मक रिटर्न दिया है. यह अपने समय का सबसे बड़ा आईपीओ था. शीर्ष 10 आईपीओ में केवल दो आईपीओ ने सीएनएक्स500 से ज्यादा रिटर्न दिया है. कोल इंडिया का शेयर पिछले 14 वर्षों में दोगुना हुआ है. अगर इसके द्वारा दिए गए डिविडेंड को मिला दिया जाए तो कोल इंडिया ने इंडेक्स के बराबर रिटर्न दिया है. रिपोर्ट में आगे कहा गया कि शीर्ष 10 में से जोमैटो ही निवेशकों को शानदान रिटर्न दे पाया है. इसके बाद शीर्ष 30 बड़े आईपीओ में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन, सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने भी निवेशकों को इंडेक्स से अच्छा रिटर्न दिया है. रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बीते दो वर्षों में आए 10 सबसे बड़े आईपीओ में बजाज हाउसिंग फाइनेंस, भारती हैक्साकॉम और ब्रेनबीज (फर्स्ट क्राई) ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है. सर्च हेड अनूप विजयकुमार कहना है कि तेज के बाजारों के अंतिम चरण में बड़े आईपीओ देखने को मिलते हैं.

भारत में दूसरी तिमाही में दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी

एजेंसी । नयी दिल्ली

इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर्ज हुई है. बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर दोपहिया वाहनों की बिक्री में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई. दूसरी ओर, तिपहिया वाहनों की बिक्री में एक अंक में वृद्धि दर्ज हुई. थोक मात्रा का रुझान मिश्रित रहा. जुलाई से सितंबर के बीच, ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) के राजस्व और मुनाफे में अलग-अलग वृद्धि हुई.

दोपहिया वाहनों ने अन्य वाहनों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया. बीएनपी पारिबा इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, हम अभी भी सेक्टर की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यात्री वाहनों (पीवी) के प्रति दीर्घकालिक रूप से सकारात्मक हैं और वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) में कमजोरी को एक अस्थायी बाधा के रूप में देखते हैं. यात्री वाहनों की मात्रा में मामूली गिरावट आई और वाणिज्यिक वाहनों की मात्रा भी कमजोर रही, जो लम्बे समय तक मानसून रहने और बुनियादी ढांचे की गतिविधियों में मंदी के कारण प्रभावित हुई. होंडा मोटरसाइकिल ने दोपहिया में सबसे अधिक बाजार हिस्सेदारी (खुदरा) हासिल की, जबकि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में सबसे अधिक नुकसान उठाया. यात्री वाहनों में, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जबकि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और हुंडई को नुकसान हुआ.

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में दो पहियों वाले वाहन की बिक्री में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि महिंद्रा को छोड़कर यात्री वाहनों की बिक्री में थोड़ी कमी आ सकती है. यात्री वाहन इन्वेंट्री के उच्च स्तर, बढ़ती छूट और त्योहारी मांग को लेकर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा. रिपोर्ट में कहा गया है, वैश्विक स्तर पर कमजोर होती ऑटो मांग को देखते हुए, अब हम जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) द्वारा अपने वित्त वर्ष 2025 के मार्गदर्शन में कटौती करने का जोखिम देखते हैं.

बाजार

आईटी ऑटो शेयरों ने बिगाड़ा बाजार का मूड, सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ हुआ बंद

निवेशकों को लगा 80,000 करोड़ रुपये का झटका

- बीएसई सेंसेक्स 319 अंकों की गिरावट के साथ 81,501 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 86 अंकों की गिरावट के साथ 24,971 अंकों पर बंद हुआ
- निफ्टी के 50 शेयरों में 16 तेजी के साथ और 34 गिरावट के साथ बंद हुए

एजेंसी । मुंबई

निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ है. बैंकिंग, आईटी और ऑटो शेयरों में गिरावट के चलते बाजार में ये बिकवाली आई है. मिडकैप शेयरों में भी सत्र में गिरावट दर्ज की गई. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 319 अंकों की गिरावट के साथ 81,501 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 86 अंकों की गिरावट के साथ 24,971 अंकों पर बंद हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में केवल 5 शेयर तेजी के साथ बंद हुए. 25 स्टॉक्स गिरकर बंद हुए. निफ्टी के 50 शेयरों में 16 तेजी के साथ और 34 गिरावट के साथ बंद हुए. बीएसई पर कुल 4068 शेयरों में ट्रेडिंग हुई जिसमें 2023 तेजी के साथ और 1940 स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. 105 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है. तेजी वाले शेयरों में एचडीएफसी लाइफ 1.79 फीसदी, डॉ रेड्डी 1.34 फीसदी, ग्रासिम 1.05 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.97 फीसदी, बजाज ऑटो 0.88 फीसदी, भारती एयरटेल 0.86 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए. गिरने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.76 फीसदी, इंफोसिस 2.05 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.39 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 1.21 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.19 फीसदी, आईटीसी 1.11 फीसदी, टाइटन 1.06 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है. वहीं बुधवार के कारोबार में जिन सेक्टर्स के शेयरों में तेजी रही उसमें एनर्जी, ऑयल एंड गैस, इंफ्रा, रियल एस्टेट शामिल है. जबकि आईटी, ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर सेक्टर के स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. बुधवार के कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में भी गिरावट रही.

निवेशकों को लगा 80000 करोड़ रुपये का झटका : बाजार में गिरावट के चलते बुधवार के कारोबारी सत्र में निवेशकों को नुकसान हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 463.06 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जबकि पिछले सत्र में ये 463.86 लाख करोड़ रुपये रहा था. यानि बुधवार के सेशन में 80000 करोड़ रुपये मार्केट कैप में कमी आई है.

न्यूज अपडेट

अमेरिका ने दी इजराइल को चेतावनी

वाशिंगटन। अमेरिका ने इजराइल से अगले 30 दिनों के भीतर गाजा में मानवीय सहायता को बढ़ाने के लिए कहा है. ऐसा नहीं होने पर अमेरिकी मदद रोके जाने की चेतावनी दी है. इस संबंध में अमेरिकी विदेश और रक्षा सचिवों ने पिछले सप्ताह एक पत्र पर सह-हस्ताक्षर किए जो उनके इजराइली समकक्षों को भेजा गया. मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन द्वारा पत्र पर हस्ताक्षर करने की पुष्टि की.

इजराइली एयर स्ट्राइक एक युद्ध अपराध

तेहरान। ईरान ने मध्य गाजा पट्टी में एक हॉस्पिटल कैंपस के पास विस्थापित लोगों के टेंट कैंप पर इजराइल की घातक एयर स्ट्राइक की कड़ी निंदा की और इस हमले को 'युद्ध अपराध' करार दिया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि आग लगाने वाले बम का इस्तेमाल करके, हमला करना 'युद्ध अपराध' का पूर्ण उदाहरण है. एयर स्ट्राइक फिलिस्तीनियों के खिलाफ 'नरसंहार की साजिश' का हिस्सा है. नागरिकों, अस्पतालों, राहत और चिकित्सा केंद्रों को निशाना बनाना प्रतिबंधित है.

इसराइल ने फिर किया बेरूत पर हमला

बेरूत। पांच दिनों के बाद इसराइली सेना ने एक बार फिर से लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमले किए हैं. वहीं दक्षिण लेबनान के नबातिह शहर में हुए इसराइली हमले में पांच लोगों की मौत हुई है. मारे गए लोगों में नबातिह के मेयर भी शामिल हैं. मंगलवार की देर रात को इसराइली सेना ने बेरूत के दक्षिणी इलाक़ों पर हवाई हमला किया. इससे पहले लेबनान ने कहा था कि हाल ही में किए गए हमलो में दक्षिणी इलाक़ों में कई लोगों की मौत हुई थी.

प्रवासियों से भरी नाव डूबने से 4 की मौत

एथेंस। एजियन सागर में ग्रीक आइलैंड 'कोस' के तट के पास प्रवासियों की एक नाव के डूब जाने से चार लोगों की मौत हो गई. पीड़ितों में दो महिलाएं और दो बच्चें शामिल हैं. हेलेनिक तटरक्षक बल ने 26 लोगों को बचा लिया है. बता दें कि साल 2015 से ग्रीस, यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश के लिए शरणार्थियों और प्रवासियों के लिए मुख्य एंट्री प्वाइंट रहा है. ग्रीस उन देशों में से एक है, जहां गरीबी या युद्ध से परेशान अफ्रीका, एशिया और मध्य पूर्व के देशों के लोग यूरोपीय संघ में प्रवेश करने के इरादे से पहुंचते हैं.

मेक्सिको में मेयर की चाकू मारकर हत्या

मेक्सिको सिटी। दक्षिण मेक्सिको के ओक्साका राज्य के एक छोटे शहर के मेयर की 'पारस्परिक' संघर्ष के कारण चाकू मारकर हत्या कर दी गई है. रिपोर्ट के अनुसार, देश में 10 दिनों से भी कम समय में यह दूसरे मेयर की हत्या की गई है. इससे पहले, दक्षिणी गुएरेरो राज्य की राजधानी चिलपानसिंगो के मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की 6 अक्टूबर को पदभार ग्रहण करने के कुछ ही दिनों बाद हत्या कर दी गई थी. कैंडेलारिया लोक्सिचा शहर के मेयर रोमन रुइज की 'पारस्परिक' संघर्ष के कारण हत्या कर दी गई है.

कमलनाथ राष्ट्रीय राजनीति में होंगे सक्रिय

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बीते कुछ समय से राजनीतिक तौर पर कम सक्रिय हैं मगर अब उनके फिर से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं. यह अनुमान राहुल गांधी से उनकी दिल्ली में हुई मुलाकात के आधार पर लगाए जा रहे हैं. कमलनाथ ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय राजनीति से मध्य प्रदेश की ओर रुख किया था. उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की थी. बाद में आपसी खींचतान के चलते सत्ता हाथ से खिसक गई.

बहराइच मामले में हुईं 50 गिरफ्तारियां

बहराइच। बहराइच मामले पर जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी ने बताया कि पुलिस ने 50 से ज़्यादा गिरफ़्तारियां की हैं और आगे भी कार्रवाई की जाएगी. घटना के बाद पूरा क्षेत्र सेक्टर और ज़ोन में बांटा गया है. पुलिस के अधिकारी और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं. अधिकारियों की डबल शिफ्ट में ड्यूटी लगी हुई है और इलाके की पूरी निगरानी रखी जा रही है. वहीं राम गोपाल मिश्रा की मौत के बारे में सीएमओ ने बताया कि 25-30 छर्रों के कारण बहुत ज्यादा रक्तश्राव हुआ.

नाइजीरिया में बड़ा हादसा, 94 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया के उत्तरी राज्य जिगावा के मजिया शहर में बीती रात तेल से भरा एक टैंकर फटने से 94 लोगों की मौत हो गई है. यह घटना उस वक्त हुई जब लोगों की भीड़ एक हादसे के बाद टैंकर से लीक हो रहे तेल को लूटने पहुंचे थे. पुलिस ने बताया कि तेल से भरा टैंकर पलट गया था और उसमें आग लगने की वजह से कम से कम 94 लोगों की जलकर मौत हो गई है. धमाके में 50 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें जिगावा राज्य के रिनगिम शहर के नज़दीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है.

टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या के बाद तनाव फैल गया है. मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है. दत्ता जब सुबह की सैर पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं. पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने दत्ता पर नजदीक से सात गोलियां चलाईं. गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग अपने घर से बाहर निकले और देखा कि दत्ता का शरीर खून से लथपथ था.

एसएसीओ बैठक : भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इशारों-इशारों में पाकिस्तान को लगाई फटकार, कहा

आतंकवाद व व्यापार साथ-साथ संभव नहीं

एजेंसी। इस्लामाबाद

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को एससीओ काउंसिल की 23वीं बैठक में इशारों-इशारों में पाकिस्तान को फटकार लगाई और कहा कि आतंकवाद के साथ-साथ व्यापार की संभावना नहीं है. इससे पहले एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की 23वीं बैठक की शुरुआत मंगलवार शाम को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से दिए गए वेलकम डिनर के साथ हुई. यह 9 साल में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है. पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज ने अफगानिस्तान पर एक सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2015 में इस्लामाबाद का दौरा किया था.

जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद, चरमपंथ और अलगाववाद 'तीन बुराइयां' हैं, जिनका समाधान नहीं किया गया तो सहयोग और एकीकरण का फायदा हासिल नहीं हो सकेगा. यदि सीमा पार से आतंकवाद, चरमपंथ और अलगाववाद जैसी गतिविधियां होती हैं, तो इनसे व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, संपर्क और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा मिलने की संभावना नहीं है. उन्होंने इशारों-इशारों में पाकिस्तान को 'अच्छे पड़ोसी' होने का महत्व समझाया. उन्होंने कहा कि यदि विश्वास की कमी है या सहयोग नाकाफी है, अगर दोस्ती में कमी आई है और अच्छे पड़ोसी होने की भावना कहीं गायब है, तो निश्चित रूप से आत्मनिरीक्षण करने और इन समस्याओं का समाधान खोजने की जरूरत है. शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के समक्ष चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि इसका मकसद आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी संबंधों को मजबूत करना, बहुआयामी सहयोग, विशेष रूप से क्षेत्रीय प्रकृति के सहयोग को विकसित करना है. संगठन का लक्ष्य संतुलित विकास, एकीकरण और संघर्ष की रोकथाम के मामले में एक सकारात्मक शक्ति बनना है. चार्टर में यह भी स्पष्ट है कि मुख्य चुनौतियां क्या हैं. ये मुख्य रूप से तीन हैं, जिनका मुकाबला करने के लिए एससीओ प्रतिबद्ध है, ये हैं - आतंकवाद; अलगाववाद; चरमपंथ. इससे पहले जयशंकर ने पाकिस्तान स्थित इंडियन हाई कमीशन कैंपस में सुबह की सैर की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देते हुए एक पौधा लगाया.

इस्लामाबाद में बुधवार को एससीओ की बैठक में भाग लेने पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ से हाथ मिलाया. -एजेंसी

शहबाज की कश्मीर पर चुप्पी, साथ काम करने की गुहार

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की बैठक का समापन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इजरायल-गाजा संघर्ष पर तत्काल ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया. दिलचस्प बात यह है कि जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में रूस को अध्यक्षता सौंपते समय शरीफ ने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करने से परहेज किया, जो कि भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनाव की वजह रहा है. कश्मीर मुद्दा कई बार इस्लामाबाद के आधिकारिक बयानों का हिस्सा रहा है.

अपने समापन भाषण में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने राजनीतिक मतभेदों और विभाजनों पर सहयोग को प्राथमिकता देने की अपील की. उन्होंने कहा कि आइए हम राजनीतिक मतभेदों और विभाजनों पर सहयोग को प्राथमिकता दें. अपनी उपलब्धियों पर निर्माण करें, साझा चुनौतियों का समाधान करें, और यह सुनिश्चित करने के लिए हाथ से हाथ मिलाकर काम करें कि एससीओ हमारे लोगों के लिए स्थिरता, विकास और पारस्परिक लाभ का प्रतीक बना रहे. इसके बाद उन्होंने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे संघर्ष का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि हम गाजा में चल रहे नरसंहार को नजरअंदाज नहीं कर सकते. अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम सुनिश्चित करे, जिससे 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर फिलिस्तीन राज्य की स्थापना हो सके, जिसकी राजधानी अल-कुद्स हो. वह भारत पर कोई भी बयान देने को लेकर काफी सतर्क दिखे. इससे पहले दिन में, उन्होंने आपसी लाभ के लिए सहयोग का आह्वान किया था, साथ ही आग्रह किया था कि चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए. हालांकि, ऐसी संभावना जताई जा रही है कि एससीओ बैठक में कश्मीर का उल्लेख न करने के शरीफ के फैसले की पाकिस्तान के भीतर उनके राजनीतिक विरोधियों द्वारा आलोचना की जा सकती है.

खास बातें

- इजरायल और गाजा संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान
- मतभेदों व विभाजनों पर सहयोग को प्राथमिकता देने की अपील

इस्लामाबाद में बोले एस जयशंकर, एससीओ को सुरक्षा परिषद में सुधार की करनी चाहिए वकालत

भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच से एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की अपनी मांग दोहराई, ताकि परिषद को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप ढाला जा सके. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां बुधवार को एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि 'बहुराष्ट्रीय संगठनों में सुधार' की सख्त जरूरत है और एससीओ को इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर चुप बैठने की बजाय इस तरह के बदलावों की वकालत करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए. उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद को पुनर्गठित करने का समय आ गया है ताकि यह ज्यादा देशों का प्रतिनिधित्व कर सके, अधिक समावेशी, पारदर्शी, प्रभावी, लोकतांत्रिक और उत्तरदायी बन सके. स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की जरूरत है.

द्विपक्षीय वार्ता आवश्यक, लेकिन पहले आतंकवाद रोके पाकिस्तान : कर्ण सिंह

नयी दिल्ली। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में चल रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर बातचीत होनी चाहिए. बिलावल भुट्टो के इस बयान का कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने स्वागत किया है. इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद खत्म करने की नसीहत भी दी. कर्ण सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट है कि यदि पाकिस्तान भारत के साथ सकारात्मक संबंध बनाएगा, तो दोनों देशों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी. हालांकि एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवादी गतिविधियां समाप्त नहीं करता, तब तक बातचीत की कोई सार्थकता नहीं होगी. आतंकवाद के मुद्दे को सुलझाए बिना बातचीत आगे नहीं बढ़ सकती. मैं भी चाहता हूं कि पाकिस्तान के साथ अच्छे रिश्ते हों, क्योंकि पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना आवश्यक है. लेकिन आतंकवाद की समस्या इस प्रक्रिया को बाधित कर रही है. इसलिए मैं बिलावल भुट्टो से कहना चाहूंगा कि यदि वे आतंकवाद को समाप्त कर दें, तो भारत से बातचीत संभव हो सकती है. जम्मू-कश्मीर की नयी सरकार को कांग्रेस द्वारा बाहर से समर्थन देने पर कहा कि मुझे इस बात से खुशी है कि वहां चुनाव सफलतापूर्वक हुए. यह एक महत्वपूर्ण घटना है, क्योंकि यह पिछले दस वर्षों में पहली बार हुआ है.

वायु प्रदूषण पर पंजाब और हरियाणा सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

- शीर्ष अदालत ने जताई पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर नाराजगी

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. बुधवार को कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पराली जलाने की घटनाओं के लिए दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करने के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है. सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया है और उन्हें 23 अक्टूबर को अदालत में पेश होकर अपनी सफाई पेश करने के लिए कहा है.

कोर्ट ने कहा कि दोनों राज्य प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं. कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पराली जलाने वाले लोगों पर मामूली जुर्माना लगाकर उन्हें छोड़ दिया जा रहा है. यही वजह है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने में कोई मदद नहीं मिल रही है. कोर्ट ने आगे कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है. कोर्ट ने एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन को निर्देश दिया है कि वह उन अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें जो अदालत के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं.

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर : उल्लेखनीय है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है. एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) खतरे के निशान के पार पहुंच गया है. नोएडा ग्रेटर, नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर एक्यूआई 300 के आंकड़े को पार कर चुका है. स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस सिस्टम यानी ग्रैप का पहला चरण लागू कर दिया है. ग्रैप के पहले चरण के तहत पूरे दिल्ली एनसीआर में आतिशबाजी, होटल रेस्टोरेंट में कोयला और लकड़ी जलाने के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है. इसके साथ ही खुले में कूड़ा फेंकना और कचरा जलाना भी पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया गया है.

दक्षिण में भारी बारिश, कई इलाके जलमग्न

लगातार न्यूज नेटवर्क

दक्षिणी राज्यों में लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी रही. तमिलनाडु में चेन्नई और आसपास के जिलों में कई इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लगातार हो रही बारिश से पूर्वोत्तर मानसून के आगमन का संकेत मिल रहा है.

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश से अन्ना नगर पश्चिम, कोलाथुर, पम्मल, पेरम्बूर और राज्य की राजधानी के अन्य हिस्सों में आवासीय क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया है. वहीं चेंगलपट्टु, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई हिस्सों में ट्रैफिक जाम की जानकारी सामने आई है. मौसम विभाग ने उत्तरी भागों और डेल्टा क्षेत्र के 12 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. गुरुवार तक रानीपेट और वेल्लोर समेत अन्य उत्तरी जिलों में भी बारिश हो होने की संभावना है. चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों में गुरुवार को भी भारी बारिश हो सकती है. दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है. वहीं बेंगलुरु बुधवार को भारी बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया. अधिकारियों ने प्रभावित निवासियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए दो ट्रैक्टरों की व्यवस्था की है. मौसम विभाग ने गुरुवार को भी लगातार बारिश होने का संभावना जताई है. सोमवार से मंगलवार तक 30 मिमी बारिश हुई है. मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 60 मिमी से 70 मिमी बारिश दर्ज की गई. बेंगलुरु के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश हुई है. सभी झीलें भर गई हैं और पानी के ओवरफ्लो होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है.

वहीं बेंगलुरु बुधवार को भारी बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया. गुरुवार को भी लगातार बारिश होने का संभावना है. सोमवार से मंगलवार तक 30 मिमी बारिश हुई है. मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 60 मिमी से 70 मिमी बारिश दर्ज की गई. बेंगलुरु के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश हुई है. सभी झीलें भर गई हैं. पानी के ओवरफ्लो होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है.

चेन्नई व उसके पड़ोसी जिलों सहित तमिलनाडु के उत्तरी भागों व डेल्टा क्षेत्र में अभी राहत नहीं

बेंगलुरु में भारी बारिश से कई इलाकों में भरा पानी, लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी

बारिश से तिरुपति में विमान परिचालन प्रभावित

वहीं आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भारी बारिश की वजह से बुधवार को रेनिगुंटा हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन प्रभावित हुआ. तिरुमाला मंदिर जाने वाले पहाड़ी रास्ते पर भूस्खलन की खबर है. भारी बारिश से रनवे पर पानी भर जाने के कारण हैदराबाद से आने वाली कुछ उड़ानों को चेन्नई की ओर डायवर्ट कर दिया गया. लगातार हो रही बारिश से हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़क भी जलमग्न हो गई. मंगलवार से हो रही भारी बारिश की वजह से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. इस बीच, घाट रोड पर भूस्खलन से तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है.

प्रधानमंत्री मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य, अभियान हुआ शुरू

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने. इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया.

मोदी ने स्वयं भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनने की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में आज प्रथम सक्रिय सदस्य बनने और सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने पर गर्व है. यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा. एक सक्रिय सदस्य बनने के लिए, एक कार्यकर्ता को एक बूथ पर या एक विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा. ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे. साथ ही आने वाले समय में उन्हें पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे.

संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से समाज में महिला और पुरुष के बीच अंतर बढ़ रहा

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था संयुक्त राष्ट्र महिला ने हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि दुनिया भर में 2 अरब महिलाओं और लड़कियों में पुरुषों के मुकाबले समानता का अंतर काफी ज्यादा है.

विकास में महिलाओं की भूमिका पर विश्व सर्वेक्षण 2024 नाम से जारी इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से समाज में महिला और पुरुष के बीच अंतर बढ़ रहा है. हमारे समाज की मुख्यधारा में लाभ, बेरोजगारी संरक्षण, पेंशन और स्वास्थ्य देखभाल सहित अनेक ऐसी नीतियां हैं जिसकी वजह से महिलाएं और लड़कियां गरीबी की ओर अधिक संवेदनशील हो रही हैं. अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस (17 अक्टूबर) से पहले प्रकाशित इस रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि साल 2015 के बाद से लोगों के सामाजिक सुरक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है. इसके बावजूद लैंगिक असमानता (स्त्री पुरुष के बीच का अंतर) बढ़ गया है. इससे यह कहना आसान हो गया है कि हाल में लिए गए सरकारी फैसलों में पुरुषों को अधिक लाभ हुआ है. हालांकि इस रिपोर्ट में महिलाओं की उन्नति के बारे में भी बताया गया है. रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की प्रगति के बावजूद, दुनिया भर में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अभी भी मातृत्व लाभ के बिना ही बच्चे को जन्म देती हैं. अफ्रीकी महाद्वीप के कई देशों में स्थिति 94 फीसदी महिलाओं के साथ है. बता दें कि एक अध्ययन में बताया गया है कि मातृत्व अवकाश के दौरान वित्तीय सहायता की कमी न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाती है, बल्कि उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य को भी खतरे में डालती है, जिससे पीढ़ियों तक गरीबी बनी रहती है.

अध्ययन में महिलाओं व लड़कियों की संख्या गरीबों में सबसे ज़्यादा

इस रिपोर्ट में लिंग आधारित गरीबी के बारे में विशेष जानकारी दी गई है. इसमें विस्तार से बताया गया है कि महिलाओं और लड़कियों की संख्या गरीबों में सबसे ज्यादा है, और सबसे ज्यादा अंतर उनके बच्चे पैदा करने के वर्षों में है. इसके मुताबिक 25-34 वर्ष की आयु की महिलाओं के समान आयु वर्ग के पुरुषों की तुलना में अत्यंत गरीब घरों में रहने की संभावना 25 प्रतिशत अधिक है. संघर्ष और जलवायु परिवर्तन इस असमानता को और बढ़ाते हैं. नाजुक परिस्थितियों में रहने वाली महिलाओं के गैर-नाजुक वातावरण में रहने वाली महिलाओं की तुलना में अत्यधिक गरीबी में रहने की संभावना 7.7 गुना अधिक है.

सैनी ने किया सरकार बनाने का दावा

- हरियाणा : सौंपी विधायकों की सूची, सीएम पद की शपथ आज

एजेंसी। चंडीगढ़

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया. उन्होंने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया है. नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल को अपने समर्थन में आए विधायकों की सूची भी सौंपी है.

बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया. विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने सभी विधायकों का धन्यवाद दिया. मुख्यमंत्री पद के लिए विधायकों ने उनके नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई है. विधायक दल की बैठक में अनिल विज और मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री पद के लिए उनका नाम प्रस्तावित किया था. अमित शाह ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्याधिक प्रसन्नता हो रही है कि नायब सिंह सैनी को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया है और वह मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने जा रहे हैं. इस बीच, वह विपक्ष पर भी हमलावर दिखे. उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा यह दुष्प्रचार किया गया कि किसानों के अन्याय हो रहा है. भाजपा के शासनकाल में किसानों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है, लेकिन, ऐसा नहीं है. हमारी सरकार में समाज के हर वर्ग के हितों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है. सैनी 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. शपथ ग्रहण से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)